राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 70
लखनऊ, शुक्रवार 20 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



दहेज की मांग पूरी न होने पर नवविवाहिता की हत्या 10

तीन जिलों के दौरे पर निकलेंगी आराधना मिश्रा 03

संक्षिप्त समाचार

शनिवार को लखनऊ आएंगे पीएम

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को राजधानी आएंगे। वह इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रस्तावित कौशल भारत, कुशल भारत के अंतर्गत पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इसके मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शनिवार को दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक यातायात परिवर्तित रहेगा। इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस स्कूली वाहन, शव वाहन, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को निकलवाएगी।

आतंकी नेटवर्क की जांच करेगी एनआईए

राजौरी, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकियों को कथित तौर पर मदद पहुंचाने वाले नेटवर्क की जांच अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) करेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनआईए ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच अपने हाथ में ले ली है। मामले में राजौरी के कोटचढ़वाल त्रियाठ निवासी जाकिर हुसैन और मुहम्मद आजम समेत अन्य संदिग्धों की भूमिका की जांच की जा रही है। दोनों को जम्मू-कश्मीर पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

परमाणु हथियार इंसान के सिर पर लटकती तलवार : जिनपिंग

एजेंसी, शेनझेन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने चीन के शेनझेन शहर में ऐतिहासिक बैठक की। यह पहली बार हुआ जब तीनों नेताओं ने एक साथ त्रिपक्षीय बैठक की। मीटिंग में सबसे पहले परमाणु हथियारों के खतरों पर बातचीत हुई। जिनपिंग ने परमाणु हथियारों को इंसानियत के सिर पर लटकती तलवार बताया। उन्होंने कहा कि इन्हें पूरी तरह खत्म कर देना चाहिए। पुतिन ने कहा कि रूस, चीन और अमेरिका तीनों ने दूसरे विश्व युद्ध में जीत हासिल की थी। इसलिए दुनिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी भी इन तीनों देशों की है।

भारत को दुनिया में कहते हैं 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' : मोदी

भारत मंडप में प्रधानमंत्री ने किया (फिक्की) की वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन

एजेंसी, नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को देश के उद्योग जगत से विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि अब समय यह तय करने का है कि भारतीय उद्योग अगले 20 वर्षों में क्या हासिल कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने दीर्घकालिक निवेश निर्णय में भारत प्रथम को सोच का आधार बनाना होगा। देश के आत्मनिर्भर बनने पर व्यापार के नए अवसर खुलेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज उद्योग संघ फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन का दिल्ली के भारत मंडप में उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार को दोस्त सरकार के तौर पर प्रस्तुत करते हुए उद्योग जगत से कहा कि वे सुधारों पर बिना झिझक अपनी राय प्रकट करें। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के अनुभव के कारण उद्योग जगत अपनी राय प्रकट करने में संकोच करता है। उन्होंने कहा, कि उद्योग जगत को यह विचार करना चाहिए कि भारत में कौन-से ऐसे निर्माण घटक हैं जिनका भारत में ही निर्माण एवं उत्पादन संभव है। उन्होंने इस संदर्भ में फार्मा उद्योग का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया में 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' कहते हैं, इसके बावजूद भारत हर साल एपीआई, बल्क ड्रग्स और ड्रग्स इंटरमीडिएट्स का बिलियंस ऑफ डॉलर का इंपोर्ट करता है। उन्होंने कहा, ऐसी सैकड़ों कैटेगरी हैं, जिनमें हम आज इंपोर्ट पर निर्भर हैं। हमारी फार्मा इंडस्ट्री को समझना होगा कि ऐसे कौन-से इंग्रेडिएंट्स हैं, जिन्हें हम भारत में बना सकते हैं। किन क्षेत्रों में नई टेक्नोलॉजी और बड़े प्रोडक्शन प्लांट में इन्वेस्ट करके हम दूसरे देशों के सामने कॉम्पिटिटिव बन सकते हैं? हमने रिटर्न और रिफंड की प्रक्रिया को भी सरल बनाया है, पहले आठ महीने लगते थे लेकिन अब रिफंड एक हफ्ते के अंदर मिल जाता है।

उन्होंने कहा हमने लाइसेंस-कोटा राज, राष्ट्रीयकरण का असफल प्रयोग और फिर 21वीं सदी में एक ऐसा दौर देखा जब भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर पांच अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाने लगा। तो 12 वर्षों में देश की जनता ने इस स्थिति को बदलने के लिए अथक परिश्रम किया है।

तीन देशों के दूतों ने राष्ट्रपति मुर्मु को अपने परिचय-पत्र किए प्रस्तुत



एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में ग्रीस, स्पेन और नेपाल के दूतों से परिचय-पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार परिचय-पत्र प्रस्तुत करने वाले दूतों में ग्रीस के राजदूत जार्जियोस पेटमेज़ाकिस, स्पेन के राजदूत अल्फ्रेडो मार्टिनेज़ सेरानो और नेपाल के राजदूत डॉ. निश्चल नाथ पाण्डे शामिल हैं।

गुंडों को ढूंढकर देंगे ऐसी सजा कि कई पीढ़ियां रखेंगी याद : योगी

समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान एक किशोर की मौत पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे निर्मम हत्या करार दिया है। उन्होंने प्रशासन को सख्त निर्देश दिया कि सड़क पर अराजकता फैलाने वाले गुंडों को ढूंढ निकालें और उन्हें ऐसी कठोर सजा दिलाएं जिसे उनकी कई पीढ़ियां याद रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुत्ते की पूंछ कभी सीधी नहीं हो सकती। ये गुंडे और माफिया डंडे के बल पर ही सीधे होंगे।

प्रदेश की सड़कें आम जनमानस के सुगम आवागमन के लिए बनी हैं, न कि सपा और कांग्रेस के गुंडों की अराजकता के लिए। यदि किसी ने दोबारा माफियागिरी दिखाने का दुस्साहस किया, तो उसे मिट्टी में मिलाने में देर नहीं लगेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को गोरखपुर के कैंपियरगंज विधानसभा क्षेत्र के भारीवैसी में उत्तर प्रदेश के प्रथम वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय के भूमिपूजन तथा 792 करोड़ रुपये से अधिक की 55 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से विश्वविद्यालय का भूमिपूजन किया और कल्पवृक्ष का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झंगहा से गोरखपुर पढ़ने आए किशोर को सपा के रोड शो का शिकार बना दिया गया। माफिया के पोषक मौन रहे और संवेदना का एक शब्द नहीं बोला। उन्होंने इस घटना पर शोक एवं संवेदना जताते हुए पीड़ित परिवार से मिलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, सपा, बसपा व एआईएमआईएम को एक ही थाली के चट्टे-बट्टे बताते हुए कहा कि हैदराबाद से आया मौलाना मचल रहा है। चुनाव परिणाम के साथ ही हैदराबाद का भाग्यलक्ष्मीपुरम बनना तय हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले सत्र से वैकल्पिक स्थान पर वानिकी विश्वविद्यालय की कक्षाएं शुरू होंगी और तय समय सीमा में भवन बनेगा। यहां स्नातक, परास्नातक, पीएचडी व डिप्लोमा स्तर के सिल्वीकल्चर, एग्रोफॉरेस्ट्री व औद्यानिकी पाठ्यक्रम चलेंगे।



सीएम ने गुरु गोरखनाथ के दरबार में टेका मत्था

गोरखपुर, समृद्धि न्यूज। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गोरखपुर आगमन पर गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने शिवावतारी महायोगी गुरु गोरखनाथ के दर्शन-पूजन कर विधिवत आराधना की और संपूर्ण जगत के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं लोकमंगल की प्रार्थना की।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पूज्य गुरुदेव राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज के समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनका भावपूर्ण स्मरण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने परंपरानुसार गुरु गोरखनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान गुरु-शिष्य परंपरा और गोरक्षपीठ की आध्यात्मिक विरासत के प्रति उनकी श्रद्धा भी देखने को मिली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

परिवार से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि मृतक बच्चा चौरी-चौरा की ऐतिहासिक घटना से जुड़े एक महत्वपूर्ण क्रांतिकारी के परिवार का सदस्य था। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष करने के मामले में जिन 172 लोगों को फांसी की सजा सुनाई गई थी, उनमें इस परिवार के बुजुर्ग भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के साथ इस तरह की क्रूरता अक्षम्य है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान जेसीबी की चपेट में आने से हुई 14 वर्षीय छात्र आर्यवर्धन की मौत के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सपा के गुंडों ने एक नाबालिग बच्चे को कुचलकर उसकी निर्मम हत्या की है।



संक्षिप्त खबरें

ट्रैक्टर पलटने से 32 वर्षीय चालक की दबकर मौत

कैसरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़ गुरुवार सुबह गायत्री मंदिर रुदायन के पास एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक की नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, सोनालिका ट्रैक्टर पंचर हो गया था। चालक उसे बनवाने के लिए जरवल रोड ले जा रहा था। इसी दौरान गायत्री मंदिर रुदायन के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक देशराज (32) पुत्र शत्रुघ्न वर्मा निवासी कुरसंडा, थाना कैसरगंज, जनपद बहराइच ट्रैक्टर के नीचे दब गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मुस्तफाबाद पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

तबादलाः जरवल को मिले नए खण्ड शिक्षा अधिकारी



बहराइच समृद्धि न्यूज़ जनपद में खण्ड शिक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में हुए फेरबदल के तहत अनूप कुमार सिंह को विकास खण्ड जरवल का नया खण्ड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 16 नवंबर 2026 को जारी कार्यालय आदेश में विकास खण्ड पयागपुर मे खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर तैनात रहे श्री सिंह को स्थानांतरित कर जरवल विकास खण्ड की जिम्मेदारी सौंपी है।जिलाधिकारी की स्वीकृति के उपरांत जारी आदेश में संबंधित अधिकारियों को तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र जरवल रोड की जॉइन कर लिया। श्री सिंह ने नई तैनाती से जरवल विकास खण्ड की शैक्षिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

चार वर्षीय गुमशुदा बालक सकुशल बरामद



बलरामपुर। थाना हरैया क्षेत्र में लापता हुए चार वर्षीय बालक को पुलिस और मिशन शक्ति दल ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक पूछताछ और समझाने-बुझाने के बाद बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। बालक के माता-पिता ने थाना हरैया पहुंचकर उसके गुमशुदा होने की सूचना दी थी। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं मिशन शक्ति अभियान के नोडल प्रभारी विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी ललिया डीके श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हरैया के नेतृत्व में पुलिस और मिशन शक्ति दल ने तत्काल तलाश शुरू की। पुलिस टीम के अथक प्रयासों से बालक को सकुशल खोज लिया गया। इसके बाद माता-पिता को थाने बुलाकर आवश्यक पूछताछ और परामर्श के बाद बालक को उन्हें सौंप दिया गया। अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों की खुशी लौट आई। उन्होंने पुलिस और मिशन शक्ति दल के प्रति आभार जताया।

22 को बाराबंकी में होगा ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का आयोजन



बाराबंकी। हवाई हमले एवं युद्ध जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में जनसुरक्षा और बचाव के उपायों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से नागरिक सुरक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन बाराबंकी द्वारा आगामी 22 नवंबर को ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा श्री ईशान प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में नागरिक सुरक्षा विभाग सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक कर मॉक ड्रिल को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय एवं अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक महानिदेशालय, नई दिल्ली के शासनादेश दिनांक 10 अप्रैल 2026 के क्रम में समस्त नागरिक सुरक्षा इकाइयों को ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जनपद बाराबंकी में 22 नवंबर को सायं 6:00 बजे पुलिस लाइन में यह मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

इस मॉक ड्रिल में अग्निशमन विभाग, चिकित्सा विभाग, रेडक्रॉस सोसाइटी, नागरिक सुरक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग एवं एसडीआरएफ की टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास से आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की तत्परता, समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता का परीक्षण किया जा सकेगा।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत एआरटीओ व टीआई ने लगाई पाठशाला



बाराबंकी। हमें सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आ सके तथा लोगों के जान माल की सुरक्षा हो सके। अपने घर में अभिभावकों को मोटरसाइकिल या स्कूटी से निकलते समय हेलमेट पहनने के लिए जरूर कहें। हमारी सावधानी और सड़क पर चलने के नियमों के पालन से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उक्त विचार आज परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत जागरुकता कार्यशला में बहराइच रोड़ स्थित बाबा गुरुकुल एकेडमी परिसर मे छात्र-छात्राओ को जागरुक करते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय ने व्यक्त किये। एआरटीओ श्री राय ने 18 वर्ष से कम आयु के छात्र-छात्राओं को बताया कि वाहन चलाते हुये मिलने पर एमबी एक्ट की धारा 199ए के अंतर्गत उनके माता-पिता को जेल हो सकती है एवं 25000 का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। कार्यशला में यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने छात्र-छात्राओ को सीटबेल्ट, हेलमेट, ट्रैफिक सिग्नल और गति सीमा का पालन करने और नशे में गाड़ी न चलाने जैसी महत्वपूर्ण बातों के बारे में जागरूक किया। तथा नाबालिको को वाहन न चलाने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में भी बताया गया ताकि वे खुद को और दूसरों को दुर्घटनाओं से बचा सकें। इसके उपरान्त सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संकल्प दिलाते हुये शपथ दिलाई गई। तथा जागरुकता पम्पलेट बांटे गये।

घने कोहरे में दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत, पांच की मौत, दो घायल

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। उतरौला थाना क्षेत्र के ग्राम अक्सीबड़हरा के पास बलरामपुर-उतरौला मार्ग पर बुधवार देर रात करीब 11 बजे घने कोहरे के कारण दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में कुछ पैदल राहगीर भी मोटरसाइकिलों की चपेट में आ गए।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत देखते हुए बेहतर उपचार के लिए उच्च चिकित्सा संस्थान भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मृतकों के शवों को विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बलरामपुर भेजा गया। पुलिस ने मृतकों और घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

प्रारंभिक जांच में दोनों मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर के बाद कुछ पैदल व्यक्तियों के भी उसकी चपेट में आने की बात सामने आई है। घटनास्थल से बुरी तरह क्षतिग्रस्त टीवीएस स्पोर्ट और टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल, दो टूटे हुए हेलमेट तथा एक मृत बकरी बरामद हुई है। पुलिस ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

हादसे में इनकी हुई मौत

हादसे में गुफरान (18) पुत्र नूर निवासी बरदही, सलीम (20) पुत्र मोहम्मद रईस निवासी बड़हरा खुर्द गौरियनडीह, रहमत (30) पुत्र फैजल निवासी चन्द्रापुर चिताई, तौफीक (19) पुत्र मौनुद्दीन निवासी छपरतलवा तथा मोहम्मद फारूक (20) पुत्र हैदर निवासी बड़हरा खुर्द की मृत्यु हो गई। इनमें चार युवक उतरौला थाना क्षेत्र और एक श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र का निवासी था।

दो युवक गंभीर रूप से घायल

दुर्घटना में मुजम्मिल खान (20) पुत्र सिकंदर अली और नाहिद अली (18) पुत्र समीर अली, दोनों निवासी बड़हरा खुर्द गौरियनडीह, थाना उतरौला गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है।

जिले में 202 उपनिरीक्षकों के तबादले

- 23 पुलिसकर्मियों को भेजा लाइन, कई चौकी प्रभारियों को नई जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिले में विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी के बीच पुलिस विभाग ने 202 उपनिरीक्षकों और महिला उपनिरीक्षकों का तबादला और समायोजन किया है। इनमें 23 पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन भेजा गया है। कई चौकी प्रभारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस महानिरीक्षक स्थापना के निर्देश और अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक देवी पाटन परिक्षेत्र के दिशा निर्देशों के तहत आदेश जारी हुआ। यह आदेश पुलिस जिला स्थापना बोर्ड की 18 नवंबर 2026 को हुई बैठक के कार्यवृत्त के आधार पर जारी किया गया। सूची के अनुसार कोतवाली नगर की चौक चौकी के प्रभारी विशेष सिंह को नानपारा थाने की राजा बाजार चौकी भेजा गया है। रोडवेज चौकी प्रभारी रवि कुमार यादव को पुलिस लाइन भेजा गया है। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार को सुजौली थाने की गिरजापुरी बैराज चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। महिला उप निरीक्षक ऋचा सिंह को पिंक बूथ महिला अस्पताल से रिसिया महिला चौकी भेजा गया है। बसीरगंज चौकी प्रभारी शिवम कुमार कनौजिया को पुलिस लाइन भेजा गया है। सिविल लाइन चौकी प्रभारी सुरपति त्रिपाठी को विशेश्वरगंज थाने की घनघटा चौकी भेजा गया है। बेडनापुर चौकी प्रभारी हेमंत सिंह को रामगांव थाने की हाईवे चौकी और तिकोनी बाग चौकी प्रभारी रवि यादव को हुजूरपुर थाने की पुरैनी बाजार चौकी भेजा गया है। जिला जेल चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार शर्मा को पुलिस लाइन भेजा गया है। सलारगंज चौकी प्रभारी आशुतोष कुमार राय को मोतीपुर थाने की मिहींपुरवा चौकी और राजा बाजार चौकी प्रभारी विकास वर्मा को मोतीपुर थाना भेजा गया है।

किंतूर गांव में डेंगू मरीज के परिजनों से मिली स्वास्थ्य विभाग की टीम

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। किंतूर गांव में डेंगू मरीज के परिजनों से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुलाकात की।टीम ने गांव के लोगों को बुखार और डेंगू से बचाव के तरीके बताए।संक्रामक रोग नियंत्रण कक्ष के चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार,चिकित्सा अधिकारी डॉ राजा और आईडीएसपी की टीम ने गांव का दौरा किया।परिजनों ने बताया कि मरीज 12 नवंबर से जिला चिकित्सालय बाराबंकी में भर्ती है और उसका इलाज चल रहा है। टीम ने मरीज के स्वास्थ्य की जानकारी ली और सावधानी बरतने की सलाह दी।टीम ने लोगों से घरों के आसपास पानी जमा न होने देने को कहा। कूलर, गमले और टायरों में रुका पानी नियमित रूप से साफ करने, मच्छरदानी लगाने और पूरी बांह के कपड़े पहनने की सलाह दी गई। बुखार आने पर खुद दवा लेने के बजाय नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने को कहा गया।

खौलती सब्जी गिरने से मासूम झुलसा

- खेलते हुए किचन के पास पहुंचा, हाथ मारते ही ऊपर गिरी कढ़ाई

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर में खेलते समय चूल्हे के पास पहुंचे ढाई साल के मासूम के ऊपर गर्म सब्जी की कढ़ाई पलट गई। इस हादसे में बच्चों के हाथ और पेट का हिस्सा गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने आनंद फलन में उसे अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बौंडी क्षेत्र के घूरदेवी इलाके में रहने वाले संतु का ढाई वर्षीय बेटा मोहित बुधवार देर रात घर के भीतर खेल रहा था। खेलते खेलते वह पास ही जल रहे चूल्हे के करीब पहुंच गया। इसी दौरान मासूम ने चूल्हे पर रखी सब्जी के बर्तन पर हाथ मार दिया। जिससे खौलती हुई गर्म सब्जी की कढ़ाई अनियंत्रित होकर सीधे उसके ऊपर पलट गई। गर्म सब्जी गिरते ही बच्चा दर्द से चीखने लगा। बच्चों की चीख पुकार सुनकर परिजन दौड़े और उसे तुरंत स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सकों ने बच्चे की स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार दिया। और बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाने के बाद मोहित को बर्न वार्ड में भर्ती किया गया है। जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक गर्म सब्जी से बच्चे का हाथ और पेट झुलस है। लेकिन समय पर इलाज मिल जाने के कारण फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

कहीं चार इंच तो कहीं तीन इंच मोटी सीसी रोड,निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

- वार्ड 13 में सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप, ईओ को नहीं पता किस विभाग से बन रहा मार्ग

समृद्धि न्यूज़



मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज़ आदर्श नगर पंचायत मिहींपुरवा के वार्ड नंबर 13 में नेशनल हाईवे से मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क दशकों से जर्जर थी। लंबे इंतजार के बाद अब सीसी रोड का निर्माण शुरू हुआ है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता ने सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि सड़क का निर्माण मानकों को दरकिनार कर कराया जा रहा है। मौके पर बनी सीसी रोड की मोटाई कहीं तीन तो कहीं चार इंच है। इससे निर्माण की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल उठ रहे हैं। मामले में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जंगबहादुर से निर्माण कार्य का लेखा-जोखा और कार्यदायी संस्था की जानकारी मांगी गई तो वह यह स्पष्ट नहीं कर सके कि सड़क किस विभाग से बनवाई जा रही है। ऐसे में सवाल है कि जब जिम्मेदार अधिकारी को ही निर्माण की विभागीय जानकारी नहीं है तो गुणवत्ता की निगरानी कौन कर रहा है? ठेकेदार मानवेन्द्र प्रताप सिंह जो बीजेपी के पदाधिकारी है उनसे फोन पर कार्य का लेखा जोखा मांगा गया तो देने से इंकार किए इसका मतलब कार्य गुणवत्ता विहीन हो रहा है।

एस्टीमेट और तकनीकी जांच सार्वजनिक हो: सीसी रोड की मजबूती केवल ऊपर दिखाई देने वाली कंक्रीट की परत से तय नहीं होती। इसके लिए जमीन की उचित कम्पैक्शन, बेस लेयर, कंक्रीट की गुणवत्ता और स्वीकृत डिजाइन के अनुसार स्लैब की मोटाई जरूरी है। ज्वाइंट कटिंग और निर्धारित अवधि तक तराई भी निर्माण प्रक्रिया का अहम हिस्सा हैं लेकिन यह ऐसा देखने को कुछ नहीं है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने, सड़क की वास्तविक मोटाई का माप कराने और सामग्री के नमूनों की प्रयोगशाला से जांच कराने की मांग की है। साथ ही स्वीकृत एस्टीमेट, बजट और कार्यदायी संस्था का नाम सार्वजनिक करने की मांग है। दशकों बाद सड़क बनने का मौका मिला है, लेकिन यदि निर्माण में ही गुणवत्ता से समझौता हुआ तो जनता को फिर जर्जर सड़क का दंश झेलना पड़ेगा। सवाल है कि इस निर्माण की जवाबदेही आखिर किसकी है?

28 को विशेष लोक अदालत, यातायात चालान के वादों का होगा निस्तारण

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। मोटर वाहन अधिनियम के तहत न्यायालयों में लंबित यातायात चालान संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए 28 नवंबर 2026 को जनपद न्यायालय बलरामपुर में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देश पर आयोजित इस लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर लंबित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। विशेष लोक अदालत की तैयारियों को लेकर 19 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी सुमित प्रेमी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें लंबित चालान वादों के अधिकाधिक निस्तारण, पक्षकारों को सूचना देने और आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार पर चर्चा की गई। नोडल अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित चालान मामलों के पक्षकारों को समय से मोबाइल संदेश के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर अपने मामलों का निस्तारण करा सकें। उन्होंने भुगतान सेतु पोर्टल के सुचारु संचालन और चालान के भुगतान एवं निस्तारण की प्रक्रिया को सरल बनाने के भी निर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव यशपाल वर्मा ने बताया कि विशेष लोक अदालत के माध्यम से वाहन चालकों को अपने लंबित चालान संबंधी मामलों का आपसी सुलह-समझौते से निस्तारण कराने का अवसर मिलेगा। इससे उन्हें न्यायालय की लंबी प्रक्रिया और अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि जिनके यातायात चालान संबंधी मामले न्यायालय में लंबित हैं, वे 28 नवंबर को आयोजित विशेष लोक अदालत में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने मामलों का निस्तारण कराएं।

ऋण वितरण में तेजी लाएं बैंक, उद्यमियों के आवेदन लंबित न रहें

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। जनपद में औद्योगिक विकास, स्वरोजगार और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बंधु एवं जिला उद्योग बंधु की बैठक हुई। इसमें विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं, ऋण वितरण, निवेश प्रस्तावों और उद्यमियों की समस्याओं की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति में सीमित समय शेष है। ऐसे में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संबंधित विभाग और बैंक तेजी से कार्य करें। उन्होंने बैंकवार लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए पात्र युवाओं के ऋण आवेदन प्राथमिकता से निस्तारित करने तथा स्वीकृत ऋण का वितरण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऋण आवेदनों के निस्तारण में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना की समीक्षा के दौरान भी बैंकवार प्रगति बढ़ाने और लंबित ऋण प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा गया। उपायुक्त उद्योग को बैंक अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए गए, ताकि पात्र युवाओं और उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए समय से आर्थिक सहायता मिल सके। बैठक में विभिन्न विभागों के माध्यम से हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों, निवेश प्रस्तावों और औद्योगिक गतिविधियों की प्रगति की भी समीक्षा हुई। प्रभारी जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से निवेश संबंधी प्रकरणों का निस्तारण कर जनपद में औद्योगिक विकास को गति देने के निर्देश दिए। निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में बताया गया कि अब तक कुल 494 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 490 मामलों में प्रमाणपत्र, अनापत्ति अथवा स्वीकृति जारी की जा चुकी है। इस पर प्रभारी जिलाधिकारी ने शेष आवेदनों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा, जिससे उद्यमियों को विभागीय अनुमतियों के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। बैठक के दौरान व्यापारियों एवं उद्यमियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। प्रभारी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

कोटेदारो के साथ बैठक कर एसडीएम ने स्वगणना के लिए दिए निर्देश

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील के पारिजात सभागार में गुरुवार को उप जिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में उचित दर विक्रेताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वगणना को लेकर कोटेदारों को विस्तृत जानकारी दी गई और गांव-गांव में अधिक से अधिक लोगों से स्वगणना कराने के निर्देश दिए गए।बैठक में जानकारी देने के लिए मौजूद लेखपाल सुधेन्द्र अवस्थी ने कोटेदारों को स्वगणना करने की पूरी प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से समझाई। उन्होंने बताया कि मोबाइल से फॉर्म कैसे भरना है, किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी और स्वगणना करते समय किन बातों का विशेष ध्यान रखना है, ताकि कोई भी व्यक्ति जनगणना से छूट न जाए और सारी जानकारी सही-सही दर्ज हो सके।

बाल सुरक्षा कलेक्टिव के तत्वावधान में 'सुरक्षित बचपन, विकसित भारत' अभियान के तहत बच्चों से किया गया संवाद

- बच्चों ने खुलकर साझा कीं अपनी खुशियां, समस्याएं और सपने, बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज़



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। बनीकोडर विकास खंड के ग्राम दिलोना के कंपॉजिट विद्यालय में बाल सुरक्षा कलेक्टिव के तत्वावधान में 'सुरक्षित बचपन, विकसित भारत' अभियान के तहत बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा बच्चों के साथ वार्ता और दोस्ती कार्यक्रम किया गया। बच्चों की खुशियाँ, उनकी सुरक्षा और बाल हितैसी गांव होने के लिए चुनौतियाँ और सम्भावनाओं पर बात की गई।

इस कार्यक्रम में लगभग डेढ़ सौ बच्चों के साथ आत्मीय एवं मित्रवत वातावरण में संवाद और गतिविधियों आयोजित क़र उनके मन की बातें जानने, उनकी खुशियों, इच्छाओं, समस्याओं और बाल अधिकारों के रास्ते में आने वाली बाधाओं को समझने का प्रयास किया गया। संवाद के दौरान बच्चों ने बेझिझक अपनी भावनाएं साझा कीं। अधिकतर बच्चों ने गांव में लोगों द्वारा नशा करने और आपने बच्चों के प्रति लापरवाह होने की बात कहीं, कई बच्चों ने बताया कि जब उनके मम्मी-पापा आपस में लड़ते हैं तो उन्हें बहुत दुःख होता है। बच्चों ने गांव की गंदगी, बिजली प्रकाश, तालाब की गंदगी, खेल का मैदान आदि कई मुद्दों को रखा।

बच्चों ने चार्ट पेपर पर अच्छा लगने वाली बातों को चित्रों व स्लोगन से लिखकर प्रदर्शित किया. बच्चों के साथ हुए इस संवाद में उनके भावनात्मक संसार, पारिवारिक वातावरण, सामाजिक परिस्थितियों और सुरक्षित बचपन से जुड़ी आवश्यकताओं को समझने पर विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बच्चों को अपनी बात खुलकर कहने और गलत बातों के प्रति आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

बलरामपुर के 772 युवा सीखेंगे आपदा प्रबंधन के गुर

- सात दिवसीय प्रशिक्षण के बाद युवाओं को मिलेगा आपातकालीन सहायता किट, प्रमाण पत्र और पहचान पत्र

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। मुख्यमंत्री युवा आपदा मित्र परियोजना के तहत जनपद के 772 छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन का सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), भारत स्काउट एवं गाइड तथा नेहरू युवा केंद्र के युवाओं का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षित युवा आपदा के समय जिला प्रशासन के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग करने के साथ प्रथम सहायता कर्मी के रूप में कार्य करेंगे।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा संदीप केला ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए एनसीसी से 300, एनएसएस से 150, नेहरू युवा केंद्र से 150 तथा भारत स्काउट एवं गाइड से 172 छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। इस प्रकार कुल 772 युवाओं को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण मिलेगा।

विद्यालयों एवं संबंधित संस्थाओं की ओर से उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी स्वयंसेवकों को आपातकालीन सहायता किट, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए केवल 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे।

आवेदन एवं जानकारी के लिए एनसीसी के अभ्यर्थी विनय घोष (8619177942), भारत स्काउट एवं गाइड की अभ्यर्थी डॉ. वंदना सिंह (8004575601), एनएसएस के अभ्यर्थी डॉ. अरुण कुमार (9592930691), हिमांशु पटेल (9118972811) एवं डॉ. अनुज सिंह (9260964346) से संपर्क कर सकते हैं। नेहरू युवा केंद्र के अभ्यर्थी जिलेदार पाण्डेय (8881134651) से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी संदीप केला (9454417607) तथा आपदा कार्यालय के आकाश कुमार (7275871316) से भी संपर्क कर आवेदन अथवा अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी अपने संबंधित महाविद्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ग्राम स्तर पर आपातकालीन सहायता कर्मी एवं स्वयंसेवक के रूप में तैयार करना है, ताकि बाढ़, आग, भूकंप सहित अन्य आपदाओं के दौरान जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल सके। इस योजना के तहत प्रशिक्षित युवा निःशुल्क स्वयंसेवा करेंगे और आपदा के समय जिला प्रशासन के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

इंदिरा गांधी की जयंती पर छात्राओं को बांटे सैनिटरी पैड, स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

लखनऊ। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और भारत रत्न इंदिरा गांधी की 109वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव सुभाष श्रीवास्तव के नेतृत्व में बेटी स्वास्थ्य जागरूकता दिवस मनाया गया। इस दौरान नरही स्थित विद्या मंदिर गल्स हाईस्कूल की 109 छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर सुभाष श्रीवास्तव ने कहा कि उचित स्वास्थ्य शिक्षा के अभाव में बेटियां मासिक धर्म के दौरान गंदे और घरेलू कपड़ों का इस्तेमाल करती हैं। इससे गंभीर बीमारियों और संक्रमण का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी मिलने से बेटियां न केवल अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकेंगी, बल्कि अपने परिवार के स्वास्थ्य की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। विद्यालय की प्रबंधिका संतोष रस्तोगी ने भी इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बालिकाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने आयोजकों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में विपिन कांत (समाजसेवी), राजेंद्र कश्यप (बब्बू भाई), राजेश कुमार चंद्रा, विद्यालय की प्रधानाचार्य, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं। इस दौरान अश्वनी कुमार और विवेक पंडित भी उपस्थित रहे।

आपसी विचार विमर्श से वैश्विक चुनौतियों का समाधान संभव रूप्रो?: मंजुला

लखनऊ। विश्व दर्शन दिवस के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने की। विभागाध्यक्ष डॉ.(मेजर) मनमीत कौर सोढ़ी ने छात्रों को अवगत कराया कि विश्व दर्शन दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन में दर्शन के महत्व, दार्शनिक चिंतन, तार्किकता,विवेक,नैतिक मूल्य और सत्य की खोज के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। इस अवसर पर छात्राओं ने योग दर्शन की प्रासंगिकता को पोस्टर और संवाद के माध्यम से दर्शाया। इस बात का विचार किया गया कि योग जीवन जीने की एक कला है। अष्टांग मार्ग- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि द्वारा नैतिक एवं व्यक्तिगत अनुशासन, श्वास का नियंत्रण, एकाग्रता आदि का विकास होता है, योग केवल थ्योरी ही नहीं बल्कि थैरपी भी है। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने विश्व दर्शन दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए यह कहा कि आपसी विचार विमर्श वैश्विक स्तर पर विभिन्न चुनौतियां का समाधान करने में मुख्य भूमिका निभा सकता है जो कि विश्व दर्शन दिवस का मुख्य उद्देश्य है। प्रवक्ता डॉ. क्षमा तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सक्रिय सहभागिता के लिए कुमारी कीर्ति अवस्थी, श्वेता यादव, प्रिया रावत एवं अंजलि गौर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमका लखनऊ विश्वविद्यालय

लखनऊ। उच्च शिक्षा और अंतर्विषयी वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग एजेंसी टाइम्स हायर एजुकेशन इंटरडिसिप्लिनरी साइंस फेलोज के सहयोग से जारी इंटरडिसिप्लिनरी साइंस रैंकिंग 2027 में लखनऊ विश्वविद्यालय को 501-600 के वैश्विक रैंक बैंड में स्थान प्राप्त हुआ है तथा इसका समग्र स्कोर 35.7-38.3 रहा है। इस वर्ष रैंकिंग में 102 देशों एवं क्षेत्रों के कुल 1,058 उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन किया गया है।प्रमुख मूल्यांकन आयामों में प्रदर्शन प्रोसेस में 45.8 अंक के साथ सर्वाधिक बेहतर प्रदर्शन रहा है, जो अंतर्विषयी अनुसंधान हेतु अनुकूल संस्थागत वातावरण, आधारभूत संरचना और विभिन्न विषयों के मध्य सहयोग को प्रमाणित करता है। आउटपुट्स (में 35.3 अंक प्राप्त हुआ है, जो अंतर्विषयी शोध प्रकाशनों, उनकी गुणवत्ता और अकादमिक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। इनपुट्स में 35.2 अंक प्राप्त हुआ है, जो अनुसंधान हेतु उपलब्ध संसाधनों एवं वित्तीय निवेश का परिचायक है।यह उपलब्धि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की बहुविषयक शिक्षा, नवाचार और ज्ञान सृजन की परिकल्पना के पूर्णतः अनुरूप है।रैंकिंग 2027 में लखनऊ विश्वविद्यालय का स्थान बनाना प्रदेश की माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के दूरदर्शी नेतृत्व, मार्गदर्शन और विजन के परिणामस्वरूप एवं हमारे शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के सामूहिक परिश्रम का सुफल है। अंतर्विषयी अनुसंधान सामाजिक, आर्थिक, तकनीकी एवं पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्वविद्यालय अनुसंधान की समृद्ध संस्कृति विकसित करने और अंतर्विषयी सहयोग को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

खेत बचाओ अभियान,मिट्टी की उर्वरता का संरक्षण जरूरी

लखनऊ। लखनऊ के माल विकास खण्ड अंतर्गत पतौना गाँव में 'खेत बचाओ अभियान-2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 99 प्रतिभागियों 64 महिलाएं व 35 पुरुष ने सहभागिता की। जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिटटी के स्वास्थ्य व उर्वरता का संरक्षण करना तथा उसकी टिकाऊ उत्पादकता बनाये रखना आवश्यक है। इसका मकसद आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ भूमि व पर्यावरण मिल सके। विशेषज्ञों ने स्वस्थ मिट्टी को टिकाऊ कृषि उत्पादन का आधार बताते हुए मृदा संरक्षण और संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। फसल चक्र अपनाने, उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा जैविक व प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया गया। डॉ अचल सिंह ने खेत बचाओ अभियान के उद्देश्य और सरकार के प्रयास के बारे में किसानों को जागरूक किया और मत्स्य पालन के साथ साथ समन्वित खेती के लिये किसानों का आह्वान किया। मत्स्य पालन को एक व्यवसाय के रूप मे अपनाए जाने के लिए सरकार के योजनायो के बारे मे संक्षिप्त जानकारी दी। तकनीकी अधिकारी देवानारायण ने मत्स्य-पालन को एक कैश-क्राप की तरह अपनाए जाने पर बल दिया और उससे होने वाले लाभ के बारे मे बतायाडॉ भूपेंद्र सिंह और राम लखन ने कृषि से संबंधित विषयों पर, मुख्यतः आम की खेती पर, विभीन्न प्रकार के कृषि उत्पाद के बारे मे किसानों का मार्गदर्शन किया। अमरेन्द्र कुमार यादव और सिकन्दर यादव ने कृषि से सम्बंधित केंद्र व राज्य सरकारों के विभिन्न योजनाओं में बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक जागरूक किया। विशेषज्ञों की सहभागिता से प्रतिभागियों को कृषि एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

गरीब और शोषित वर्ग की तरक्की के लिए प्रयत्नशील रहते हैं आरिफ मोहम्मद खान

लखनऊ। केरल और बिहार के पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का कल जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया।सदस्य इस्पात उपभोक्ता परिषद कमल सिंह चंदेल के बाराबंकी स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के जन्मदिन पर आयोजित समारोह में शिरकत कर उनकी दीर्घायु की कामना की। आरिफ मोहम्मद खान पांच बार सांसद रह चुके हैं। तीन बार केन्द्र सरकार में कैबिनेट मिनिस्टर रहे। उन्होंने केरल और बिहार में राज्यपाल का भी पदभार संभाला।श्री चंदेल ने इस अवसर पर कहा कि आरिफ मोहम्मद खान साहब अत्यंत मिलनसार और लोकप्रिय लीडर माने जाते हैं। उन्होंने हर वर्ग की तरक्की के लिए काम किया।

सभी 372 ग्रामीण विधानसभाओं में बनेंगे पंचायत उत्सव भवन

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने और ग्रामीण परिवारों के जीवन को अधिक सुगम बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में राज्य की सभी 372 ग्रामीण विधानसभाओं में पंचायत उत्सव भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

इन भवनों के बनने से ग्रामीण परिवारों को विवाह, मुंडन व अन्य मांगलिक आयोजनों के लिए सस्ती, आसान व सुविधाजनक व्यवस्था मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद गांवों में भी शहरी स्तर की आधुनिक सामुदायिक सुविधाएं देना है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर व मध्यम वर्ग के परिवारों को मांगलिक कार्यों पर बेवजह का भारी खर्च न उठाना पड़े। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बताया कि इस योजना के तहत प्रदेश की 220 ग्रामीण विधानसभाओं में पंचायत उत्सव भवनों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है, जबकि पहले चरण में 71 जगहों पर काम शुरू हो चुका है। शेष स्थानों पर निर्माण कार्य आरंभ करने के लिए निविदा प्रक्रिया और जरूरी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता चरणबद्ध ढंग से सभी पात्र ग्रामीण क्षेत्रों में इन भवनों का निर्माण पूरा कराना है, जिसके लिए अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता व तय मानकों का खास ख्याल रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत उत्सव भवन सिर्फ मांगलिक कार्यक्रमों तक सीमित न रहकर ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एकता, सामुदायिक भागीदारी और स्थानीय विकास को भी नई दिशा देंगे। इनके संचालन से ग्राम पंचायतों की आमदनी बढ़ने की संभावनाएं बनेंगी और ग्रामीणों को अपने ही इलाके में बेहतर आयोजन स्थल मिल पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश के विजन को पूरा करने में मजबूत व संसाधनयुक्त ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका है। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि राज्य सरकार गांवों को आत्मनिर्भर, साफ-सुथरा, सुंदर व सुविधा संपन्न बनाने के लिए संकल्पबद्ध है और पंचायत उत्सव भवनों से ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सहारा मिलने के साथ आधुनिक सामुदायिक ढांचा खड़ा होगा, ताकि ग्रामीणों को सम्मानजनक व सुविधाजनक माहौल में पारिवारिक व सामाजिक आयोजन करने का मौका मिल सके। पंचायती राज निदेशक धीरेंद्र सिंह सचान ने जानकारी दी कि इन भवनों का संचालन ग्राम पंचायतों के माध्यम से पारदर्शी निविदा प्रक्रिया से चुने गए निविदादाता द्वारा किया जाएगा। चयनित निविदादाता से अधिकतम पांच वर्ष का अनुबंध हो सकेगा और इस दौरान संचालन, रखरखाव, मरम्मत, पानी व बिजली के बिल समेत अन्य जरूरी खर्च निविदादाता को ही उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण व संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं को तय मानकों के अनुसार रखने पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को पूरा लाभ मिल सके।

2027 के चुनाव से पहले ओबीसी भागीदारी पर कांग्रेस ने तेज की तैयारी

- आराधना मिश्रा ने संगठन की बैठक में उठाया प्रतिनिधित्व का मुद्दा, एसआईआर में मतदाताओं के नाम कटने पर जताई चिंता



समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट के बीच कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों को सियासी भागीदारी देने और संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला एवं शहर अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' और विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जय हिंद ने चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में ओबीसी समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी और विधानसभा क्षेत्रों की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा हुई। आराधना मिश्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भाजपा के 400 पार के नारे से ओबीसी और एससी वर्ग में संविधान व आरक्षण को लेकर आशंकाएं पैदा हुईं। उन्होंने एसआईआर के तहत मतदाता सूची से नाम कटने की आशंका पर चिंता जताई और कार्यकर्ताओं को सूची की निगरानी करने के निर्देश दिए। डॉ. अनिल जय हिंद ने राहुल गांधी की ओर से वंचित, पिछड़े और दलित वर्गों को अधिकार व प्रतिनिधित्व दिलाने की बात कही। उन्होंने जातिवार और न्यायसंगत आरक्षण वितरण की जरूरत बताई। वहीं, पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव ने 2027 के चुनाव के लिए संगठन की तैयारी का दावा किया। कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता वीरेंद्र चौधरी ने ओबीसी आबादी के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग उठाई। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दलित और अति पिछड़ी जातियों की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया।

विधान सभा के चुनाव में लोकतंत्र सेनानियों की भूमिका पर विचार विमर्श

लखनऊ। लोकतंत्र सेनानी किसी पार्टी के नहीं हैं। यह लोग जो देश के उत्थान की बात करें हमारे देश के निवासियों के प्रति जो सद्व्यवहार की बात करें। जब देश आजाद हुआ था तब कोई जाति नहीं थी। अब जो भी गद्दी पर बैठता है वह अपनी जाति पर ध्यान अन्य की अनदेखी करता है। हम देश के लोकतंत्र सेनानी में बड़े परिश्रम से आपसदारी समझा कर भारतीय जनता - पार्टी को जिताया सरकार बनी। आज हर समाज को अलग-अलग कर झगड़ा करवा रही है और यहाँ तक कि हर घर में पति-पत्नी बाप-बेटे आदि में झगड़ा करवा रही है। मकान व राशन देकर जनता को भुखमरी के कगार पर खड़ा कर दिया। जनता को अपंगु बना दिया मात्र कुर्सी के लालच में अब जनता जाग चुकी है। इस मँहगाई की भरमार से कितना भी राशन दो पैसे दो अब जनता अभिमानी सरकार को बदलने के मूड में आ चुकी है जब सूरज चला जाता है तो रात हो जाती है।

टीजीटी भर्ती में शास्त्री व चार वर्षीय इंटीग्रेटेड अभ्यर्थियों को आवेदन का मौका

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने जानकारी दी कि आयोग की विज्ञापन संख्या 07/2026 के तहत सहायक अध्यापक (टीजीटी) पद के लिए संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से शास्त्री (संस्कृत) की उपाधि रखने वाले और चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बी.ए. बी.एड. तथा बी.एससी. बी.एड. कोर्स की योग्यता वाले उम्मीदवारों को भी ऑनलाइन आवेदन का मौका दे दिया गया है। उम्मीदवारों की सहूलियत के लिए आयोग के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर इन योग्यताओं से जुड़े विकल्प जोड़ दिए गए हैं। आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि सहायक अध्यापक (टीजीटी) भर्ती का विज्ञापन संख्या 07/2026 बीते 23 अक्टूबर 2026 को जारी किया गया था, लेकिन उसमें संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के शास्त्री (संस्कृत) अर्हताधारकों और चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बी.ए. बी.एड. व बी.एससी. बी.एड. उम्मीदवारों के लिए आवेदन का विकल्प नहीं दिख रहा था। इसी क्रम में शासन के 13 नवम्बर 2026 के आदेश संख्या 1570/15-05-2026-1600(42)/2026 (माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ) के पालन में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से शास्त्री (संस्कृत) योग्यताधारकों और आयोग के फैसले के अनुसार चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बी.ए. बी.एड. व बी.एससी. बी.एड. योग्यताधारी उम्मीदवारों के लिए विज्ञापन संख्या 07/2026 टीजीटी में आवेदन करने का विकल्प पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है। अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से शास्त्री (संस्कृत) तथा चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बी.ए. बी.एड. व बी.एससी. बी.एड. योग्यता रखने वाले सभी पात्र व इच्छुक अभ्यर्थी अब इस जारी भर्ती विज्ञापन में अपनी योग्यता के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

तीन जिलों के दौरे पर निकलेंगी आराधना

- शाहजहांपुर और आगरा में मंडलीय सम्मेलन, मथुरा में सामाजिक न्याय अधिकार सम्मेलन के जरिए कांग्रेस करेगी संगठन मजबूत



समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने संगठन को सक्रिय करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' 20 से 22 नवंबर तक शाहजहांपुर, आगरा और मथुरा के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलनों के साथ सामाजिक न्याय अधिकार सम्मेलन में भी शामिल होंगी।

20 नवंबर को शाहजहांपुर के आरके फार्म्स, लोधीपुर का पुल में बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं और फर्रुखाबाद के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन होगा। इसके बाद 21 नवंबर को आगरा के रोहतानगर चौराहे पर आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा और मैनपुरी के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगी।

22 नवंबर को वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद मथुरा के दामोदरपुरा में सामाजिक न्याय अधिकार सम्मेलन में शामिल होंगी।

कांग्रेस ने इस दौरे को अपने जनसंकल्प अभियान से जोड़ते हुए भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता और किसानों की समस्याओं को लेकर सवाल उठाए हैं। पार्टी का आरोप है कि युवाओं, किसानों और आम जनता को कई मोर्चों पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस जातिगत जनगणना, आरक्षण और संविधान की रक्षा के साथ दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों को अभियान का प्रमुख मुद्दा बना रही है। पार्टी ने इंडिया गठबंधन को प्रदेश में वैकल्पिक शासन व्यवस्था के रूप में पेश करते हुए रोजगार, किसान सम्मान और महिला सुरक्षा को प्राथमिकता बताया है।

लंबी दूरी की स्लीपर बसों की जांच में 751 चालान, 77 सीज

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग ने छठ पर्व के दौरान यात्रियों की भारी आवाजाही को देखते हुए सफर को सुरक्षित बनाने के लिए ऑपरेशन सतर्कता चलाया। 13 से 17 नवंबर तक लंबी दूरी की स्लीपर बसों की सुरक्षा जांच के लिए संचालित इस पांच दिवसीय अभियान के तहत व्यापक प्रवर्तन कार्रवाई की गई। अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन के डी सिंह गौर ने बताया कि परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन के मार्गदर्शन में सभी एक्सप्रेस-वे के प्रवेश व निकास द्वारों पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने हेतु 15 स्टैटिक टीमें तैनात की गई थीं, जो आठ-आठ घंटे की पाली में लगातार अपने जांच स्थलों पर सक्रिय रहीं। अभियान के दौरान कुल 2534 बसों की जांच की गई। इनमें तय क्षमता से अधिक सीट या स्लीपर मिलने पर 73 चालान व 8 बसें बंद की गईं, जबकि निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री बैठाने पर 94 चालान व 9 वाहन सीज किए गए। आपातकालीन निकास द्वार क्रियाशील न पाए जाने पर 122 चालान व 16 बसें बंद हुईं, वहीं अग्निशमन उपकरण न होने या खराब मिलने पर 85 चालान व 13 वाहन सीज किए गए।

नगर विकास मंत्री ने किया विशेष स्वच्छ टॉयलेट अभियान का शुभारंभ

- शौचालय केवल बुनियादी सुविधा नहींबल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, गरिमा और सम्मान का प्रतीक-शर्मा
- प्रदेश में 9 लाख व्यक्तिगत शौचालय, 900 पिंक टॉयलेट और 550 आकांक्षी शौचालयों का निर्माण



समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को प्रदेशवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए पांच सप्ताह के विशेष स्वच्छ टॉयलेट अभियान का शुभारंभ किया। अभियान 19 नवंबर से 25 दिसंबर तक प्रदेश के नगरीय निकायों में संचालित किया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नागरिकों को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शौचालय केवल बुनियादी सुविधा नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, स्वच्छता, गरिमा और सम्मान से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। प्रदेश में अब तक लगभग 9 लाख व्यक्तिगत घरेलू शौचालय तथा 70 हजार से अधिक सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय सीटों का निर्माण कराया गया है। महिलाओं की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए लगभग 900 पिंक शौचालय, 550 आकांक्षी शौचालय तथा विभिन्न आयोजनों के लिए 500 से अधिक मोबाइल टॉयलेट्स की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य शौचालयों के निर्माण के साथ उनका नियमित उपयोग, बेहतर रखरखाव और स्वच्छता सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत शौचालयों का मूल्यांकन, साफ-सफाई, मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं जनजागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके तहत श्ट्रांसफॉर्मिंग येलो स्पॉटश, श्पेंट माई टॉयलेट 2.0श, श्आई एम हेयरश तथा श्स्वच्छ धरोहरश जैसे विशेष अभियान चलाए जाएंगे। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा स्वच्छ सारथी क्लबों की सहभागिता से स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा। धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर बने शौचालयों की भी विशेष साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता, नियमित देखरेख और नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

अभियान का समापन 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर होगा, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कार्मिकों एवं अन्य सहयोगियों को सम्मानित किया जाएगा।मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी नागरिक सार्वजनिक शौचालयों का नियमित उपयोग करें और उन्हें स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही स्वच्छ, सुंदर, स्वस्थ और व्यवस्थित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

डिग्रियां हाथ में, नौकरी का इंतजार कब तक करेंगे युवा?

- कांग्रेस के युवा अधिकार सम्मेलन में बेरोजगारी, पेपर लीक और लंबित भर्तियों का मुद्दा उठा, छात्रसंघ बहाली का भी किया वादा



समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। डिग्रियां हासिल करने के बाद भी रोजगार की तलाश में भटक रहे युवाओं की परेशानी अब सियासी मंचों पर भी गूंजने लगी है। इंदिरा गांधी की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित युवा अधिकार सम्मेलन में बेरोजगारी, पेपर लीक और सरकारी भर्तियों में देरी को लेकर प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए गए। 'नौकरी दो, रोजगार दो, युवाओं को अधिकार दो' के नारे के साथ हुए सम्मेलन में प्रदेशभर से आए सैकड़ों युवा पदाधिकारियों, छात्रों और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की।

सम्मेलन से पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' सहित वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद आराधना मिश्रा ने कहा कि युवा बेरोजगारी और भर्ती परीक्षाओं की अनियमितताओं से परेशान हैं। कांग्रेस युवाओं के अधिकारों और रोजगार की लड़ाई सड़क से विधानसभा तक लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रसंघ बहाल किए जाएंगे। कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता वीरेंद्र चौधरी ने सरकार पर वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया। वहीं, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि शिक्षित युवा रोजगार के इंतजार में भटक रहे हैं ।

एसजीपीजीआई में अब ट्रॉमा मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

- एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में बनेगा समर्पित सर्जरी विभाग, एमएस पाठ्यक्रम को मंजूरी के बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैयारी होगी मजबूत



समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। गंभीर हादसों और आपातकालीन सर्जरी के मरीजों के इलाज को बेहतर बनाने की दिशा में एसजीपीजीआई ने अहम कदम उठाया है। संस्थान के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में अब समर्पित ट्रॉमा सर्जरी विभाग बनाया जाएगा। इसके साथ ही ट्रॉमेटोलॉजी एवं सर्जरी में एमएस पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई है। हालांकि, पाठ्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) की अनुमति मिलने के बाद ही हो सकेगा।

28 अक्टूबर को हुई सामान्य निकाय बैठक में इन प्रस्तावों पर मुहर लगी। एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के एडिशनल चीफ प्रो. अमित कुमार सिंह के मुताबिक, नए विभाग के गठन से गंभीर चोटों के मरीजों को विशेषज्ञ सर्जिकल उपचार मिल सकेगा। सेंटर में गर्दन, छाती, पेट और श्रोणि की गंभीर चोटों के उपचार के साथ अब आंतों में रुकावट, पाचन तंत्र में छेद जैसी आपातकालीन समस्याओं का इलाज भी शुरू किया जा रहा है।

इसके अलावा बच्चों और वयस्कों में पित्ताशय की पथरी तथा हर्निया के ऑपरेशन की सुविधा भी मिलेगी। बच्चों की आपातकालीन सर्जरी भी की जाएगी।

मुठभेड़: लूट के 3 वांछित बदमाश घायल अवस्था में गिरफ्तार

लूटा गया लैपटॉप बायोमेट्रिक डिवाइस नकदी, तमंचा व चोरी की बाइक बरामद

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।



एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना पुवायां पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में लूट की घटना में वांछित तीन बदमाशों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लूटा गया लैपटॉप, बायोमेट्रिक डिवाइस, नकदी, अवैध असलहा और घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। 19 नवंबर को समय लगभग 2.30 बजे थाना पुवायां पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना एवं सर्विलांस के तकनीकी इनपुट के आधार पर बड़ागांव अंडरपास के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बड़ागांव की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे तीनों बदमाशों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायल अभियुक्तों में अर्पित सक्सेना पुत्र राकेश सक्सेना गुप्ता निवासी ग्राम बड़ागांव थाना पुवायां, मौसम उर्फ आशुतोष पुत्र सचिदानंद निवासी ग्राम सिसौरा नकूमपुर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी, नितिन गौतम पुत्र लालाराम निवासी सुआताली मुड़िया थाना मोहम्मदी जनपद खीरी है। जबकि फरार तीन आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। बतादें कि सोमवार को शाम साढे पांच बजे के दौरान गांव पटई निवासी पवन कुमार अपने महुआ पाठक स्थित जनसेवा केंद्र पर कार्य करने के बाद बाइक से घर जा रहे थे। पूरे दिन लेने देन करने के बाद वह अपने साथी के साथ जा रहे थे कि रास्ते में अनावा मोड़ के बाद बदमाशों ने उनके साथ मारपीट करते हुए रूपयों से भरा बैग और लेपटाप, बायोमेट्रिक डिवाइस लूट ली थी। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 10 टीमें गठित की थी। इसके बाद बीती रात पुलिस ने तीन आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से 2 तमंचे 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस एवं 2 खोखा कारतूस, 1 स्प्लेंडर बाइक, 1 लैपटॉप, 1 बायोमेट्रिक डिवाइस तथा 20,020 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामद लैपटॉप, बायोमेट्रिक डिवाइस एवं नकदी की लूट की घटना से संबंधित हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा मय टीम एसओजी, उ.नि. मोहन देव शर्मा मय टीम प्रभारी सर्विलांस सेल, व. उ.नि. अशोक कुमार, उ.नि. अभिषेक, उ.नि. रमेश कुमार वर्मा, उ.नि. रामकुमार, उ.नि. विनीत कुमार, सिपाही शिवम कुमार, विशाल कुमार, विष्णु, रोहित यादव, प्रेमपाल शामिल रहे।

पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार



अल्हागंज, शाहजहांपुर। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 15 नवंबर को थाना अल्हागंज में विभिन्न धाराओं और पॉक्सो एक्ट की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। मामले में वांछित ग्राम कनारी बांक निवासी दीपू पुत्र रामनाथ को 18 नवंबर की रात 9.40 बजे गांव कनारी बांक से गिरफ्तार किया गया। वहीं, दूसरे वांछित अभियुक्त आलोक पुत्र पूरन को 19 नवंबर को दोपहर 1.30 बजे कनारी बांक जाने वाले रास्ते से पकड़ा गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. बृजकिशोर चाहर, हे.का. आलोक तिवारी, का. अमित कुमार, का. रूपेश कुमार, म.का. रेशू और म.का. सृष्टि शामिल रहे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को उनके खिलाफ दर्ज अभियोग व धाराओं की जानकारी देकर आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर समारोह, युवाओं ने लिया प्रेरणा का संकल्प



परशुरामपुरी, शाहजहांपुर। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और साहस की प्रतीक वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के उपलक्ष्य में परशुरामपुरी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में उत्साह और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षिका एवं समाजसेवी अनुपम पांडे द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात आयोजन समिति ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अभाविप की जिला छात्रा प्रमुख सौम्या गुप्ता और परशुरामपुरी कोतवाली, जलालाबाद से डोली चैहान ने रानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम पर विचार रखते हुए युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि झांसी की रानी का बलिदान मातृभूमि के प्रति समर्पण की मिसाल है। इस अवसर पर अभाविप के प्रदेश सह मंत्री संजय गुप्ता, जिला संयोजक जितेंद्र पाल, नगर विशेष आमंत्रित सदस्य शिवा सक्सेना, नगर मंत्री बाबू टाटा, अंश चैहान और विशाल गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ताओं व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर वीरांगना के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



मानसिक स्वास्थ्य व बाल विवाह रोकथाम पर हुआ कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जिलाधिकारी के निर्देशन व जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में संजय कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज में गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य और बाल विवाह रोकथाम को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को मानसिक तनाव से बचने, सही समय पर अपनी बात कहने और बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बाल विवाह रोकथाम पर जानकारी देते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कानूनन अपराध है। बाल विवाह करने और करवाने वालों पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। पढ़ाई ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। बाल विवाह आपके सपने, स्वास्थ्य और भविष्य तीनों को खत्म कर देता है। अगर कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले तो चुप न रहें, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन या 181 महिला हेल्पलाइन पर तुरंत सूचना दें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, लेखाकार अभिषेक कुमार, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विश्व शौचालय दिवस पर नवनिर्मित शौचालय का उद्घाटन

शाहजहांपुर। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद पुवायां द्वारा तहसील परिसर में नवनिर्मित शौचालय का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार अनंग राज सिंह, अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा, तहसील परिसर के अधिवक्ता, नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नवनिर्मित शौचालय की सुविधा से तहसील परिसर में आने वाले आमजन, अधिवक्ताओं एवं अन्य आगंतुकों को स्वच्छ एवं सुलभ शौचालय सुविधा प्राप्त होगी। ईओ ने कहा कि विश्व शौचालय दिवस हमें स्वच्छता, स्वच्छ शौचालयों की उपलब्धता एवं बेहतर स्वच्छता व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने



का संदेश देता है। इस दौरान बार एसोसिएशन पुवायां के अध्यक्ष अजय पांडेय, महामंत्री कुमार गौरव शुक्ला, भानु मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

बालकृष्ण बने अखिल भारतीय नगरीय निकाय एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



खुदागंज, शाहजहांपुर। नगर पंचायत खुदागंज के सभासद बालकृष्ण राठौर को अखिल भारतीय नगरीय निकाय एसोसिएशन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर जनप्रतिनिधियों, समर्थकों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बालकृष्ण राठौर को मिली इस नई जिम्मेदारी को उनके सामाजिक योगदान, संगठन के प्रति समर्पण और नगरीय निकायों से जुड़े कार्यों में सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए उन्हें नगरीय निकायों की समस्याओं, विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह ने बालकृष्ण राठौर को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

श्रीराम खांडसारी मिल में तीन विभागों का एक साथ छापा, दो घंटे तक चली पड़ताल

खुटार, शाहजहांपुर। खुटार-पुवायां मार्ग स्थित श्रीराम खांडसारी उद्योग में मंगलवार देर शाम तीन विभागों की संयुक्त छापेमारी ने मिल प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ा दीं। खांडसारी, आबकारी और खाद्य विभाग की टीम ने करीब दो घंटे तक मिल परिसर में डेरा डालकर जांच की। उत्पादन प्रक्रिया से लेकर दस्तावेजों तक की पड़ताल की गई और विभिन्न उत्पादों के नमूने लेकर सील किए गए। मिल में चीनी के बजाय गुड़ का उत्पादन होने की बात सामने आई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर विभागों को एक साथ जांच की जरूरत क्यों पड़ी। क्या उत्पादन प्रक्रिया, उत्पादों की गुणवत्ता और विभागीय अभिलेखों में सब कुछ नियमों के मुताबिक था। संयुक्त छापेमारी ने इन सवालों को और हवा दे दी है। बरेली डिवीजन से पहुंचे खांडसारी विभाग के अधिकारियों के साथ शाहजहांपुर के आबकारी और खाद्य विभाग की टीम ने मिल के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान लिए गए नमूनों को प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी। कार्रवाई के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जांच में क्या सामने आता है। यदि मिल में कोई गड़बड़ी नहीं मिली तो विभाग इसे स्पष्ट करेंगे और यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या मामला महज औपचारिक जांच बनकर रह जाएगा। क्षेत्रीय लोगों की निगाहें अब जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। असली तस्वीर रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगी।

नमूने सील कर लैब भेजे, अब जांच रिपोर्ट का सभी को इंतजार

अग्रणी जिला बैंक कार्यालय में आयोजित हुआ जनगणना जागरूकता

एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बैंक कर्मियों को किया प्रेरित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जनपद में आगामी जनगणना के प्रति विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के अधिकारियों-कर्मचारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से अग्रणी जिला बैंक कार्यालय, शाहजहाँपुर में जनगणना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं जिला जनगणना अधिकारी अरविंद कुमार की मौजूद रहे। उन्होंने बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जनगणना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं, नीतियों एवं संसाधनों के समुचित नियोजन का महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में विकास योजनाएं तैयार करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायता मिलती है। उन्होंने बैंक कर्मचारियों से अपील की कि वे स्वयं जनगणना के प्रति जागरूक बनें तथा अपने परिवार, परिचितों एवं आम नागरिकों को भी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहभागिता के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में स्टेट मास्टर ट्रेनर अनूप कुमार वर्णवाल, जिला फील्ड ट्रेनर मृदुल श्रीवास्तव एवं जिला फील्ड ट्रेनर मुकेश कुमार भी उपस्थित रहे। इन सभी ने बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्व-गणना की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा मोबाइल के माध्यम से स्व-गणना करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने स्व-गणना के विभिन्न चरणों को समझाते हुए कर्मचारियों को स्वयं स्व-गणना करने और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अरविन्द प्रसाद गुप्ता सहित बैंक कर्मी प्रशांत द्विवेदी, एन.के. सिन्हा, हिमांशु मिश्रा, अक्षय वर्मा आदि उपस्थित रहे।

फाइलेरिया कैंप का विधायक सलोना कुशवाहा ने किया शुभारंभ

सीएचसी में वितरित की गईं फाइलेरिया की दवाएं

समृद्धि न्यूज, तिलहर, शाहजहांपुर।



विधायक सलोना कुशवाहा ने सीएचसी में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित कैंप का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को फाइलेरिया से बचाव और दवा के महत्व की जानकारी देते हुए अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

गुरुवार को विधायक सलोना कुशवाहा ने आयोजित कैंप में स्वयं भी दवा का सेवन किया और लोगों से स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जा रही दवा का निशंकोच सेवन कर फाइलेरिया जैसी गम्भीर बीमारी से बचाव कर लाभांवित होने की अपील की। उन्होंने कहा कि आमजन की जागरूकता और सहयोग से ही अभियान सफल हो सकता है । कैंप में सीएचसी अधीक्षक डॉ ओमेंद्र राठौर, डॉ कमर उज्जमा ने भी फाइलेरिया दवाई लेने पर जोर दिया । इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि , फार्मासिस्ट हरिशंकर वर्मा , स्टाफ नर्स वर्षा राठौर सहित सीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा।

निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का हुआ आयोजन

- **120 मरीजों की हुई आंखों की जांच, 25 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित**
- **पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह ने फीता काटकर किया शिविर का शुभारंभ**

समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।



क्षेत्र में निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया गया। श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बरेली के सहयोग से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर में कुल 120 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 25 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इस जनहितकारी पहल में सैय्यद अजहर उस्मान एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष भारत परिषद एंटीकरप्शन संगठन युवा प्रकोष्ठ एवं डॉ. साजिद अली खान, ठाडै, खान क्लीनिक खुदागंज ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। दोनों के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना रहा। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत खुदागंज के पूर्व चेयरमैन एवं मुख्य अतिथि सुधीर सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आंखें मनुष्य के जीवन का अनमोल अंग हैं। जिन लोगों को आर्थिक कठिनाइयों के कारण बेहतर इलाज नहीं मिल पाता, उनके लिए इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर बेहद उपयोगी साबित होते हैं। समाज के सक्षम लोगों को भी आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले शिविर में श्री राम मूर्ति स्मारक अस्पताल, बरेली की चिकित्सकीय टीम ने मरीजों की आंखों की बारीकी से जांच की। जांच के बाद मरीजों को उनकी आंखों से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। चिकित्सकीय परीक्षण के आधार पर 25 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। टीम में डॉक्टर अदिति पंजवानी, फील्ड ऑफिसर हरबंस गंगवार, सोमपाल गंगवार, पूनम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

एसएस विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में एआई के बढ़ते प्रयोग पर हुआ अतिथि व्याख्यान

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

आज का युग सूचना एवं प्रौद्योगिकी का है। विज्ञान और तकनीकी ने हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया है। इस प्रभाव से शिक्षा भी अछूती नहीं रही है। यदि हम शिक्षा के इतिहास पर नजर डालें तो वैदिक काल से लेकर आधुनिक शिक्षा तक अनेक परिवर्तन हुए हैं। पहले शिक्षा का प्रमुख माध्यम शिक्षक, पाठ्य पुस्तकें एवं विद्यालय हुआ करते थे लेकिन आज शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल तकनीकी, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। यह एक ऐसी तकनीकी है जिसके माध्यम से कंप्यूटर और मशीनों को इस प्रकार विकसित किया जाता है कि वे मनुष्य की तरह बौद्धिक कार्य कर सकें। एआई के आगमन से शिक्षक की भूमिका समाप्त न होकर और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। शिक्षक की भूमिका एक मार्गदर्शक, प्रेरक, सहयोगी के रूप में होती है। एआई का प्रभावी उपयोग करने वाला शिक्षक शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बना सकता है। एआई के प्रयोग में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि शिक्षा का उद्देश्य केवल सूचनाएं प्रदान करना नहीं है बल्कि विद्यार्थियों के अंदर मानवीय संवेदना, नैतिकता, अनुशासन, सहयोग, सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व भी विकसित करना है। इसमें शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कार्य केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता से नहीं हो सकता, इसमें मानवीय बुद्धिमत्ता का सामंजस्य



होना भी आवश्यक है। यह विचार मुख्य वक्ता कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एंड सोशल साइंस, सुल्तानपुर के वाणिज्य संकाय के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बीके झा ने शिक्षा संकाय के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत डॉ. राहुल कुमार, डॉ. बृज निवास एवं राजीव यादव द्वारा पुष्प गुच्छ एवं चंदन तिलक लगाकर किया गया। स्वागत गीत बीएड की प्रशिक्षु पारुल बजाज, अंशिका एवं कांती ने विभाग की संगीत शिक्षिका डॉ. प्रियंका शर्मा के निर्देशन में संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि वर्तमान युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग मानवीय बुद्धि के साथ मिलाकर करने से शिक्षण व शोध संबंधी कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ सरलतापूर्वक एवं कम समय में किया जा सकता है। उन्होंने साथ ही विभाग को इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रशिक्षुओं को आधुनिक तकनीकी से अद्यतन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में बोलते हुए विश्वविद्यालय के विशिष्ट अतिथि प्रो. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा जगत से जुड़े हुए समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शिक्षण प्रक्रिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे कार्यों को सरल बनाती है, वहीं यदि इसका प्रयोग लापरवाही से किया जाए तो अर्थ का अनर्थ होते देर नहीं लगती। अतः इसका प्रयोग करते समय सतर्कता एवं सावधानी से करना चाहिए।डॉ. अखिलेश तिवारी के संचालन में हुए कार्यक्रम में शिक्षा संकाय से डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. शैलजा मिश्रा, सुश्री रेनू बहुखण्डी, डॉ. संजय कुमार, अमित गुप्ता, सौरभ मिश्रा, रोहित सिंह, राम औतार सिंह, नेहा, डॉ. प्रियंका शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विभाग के शिक्षक डॉ. मनोज कुमार मिश्र ने सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

किसान असुविधा से बचने को अपना बीज प्राप्त करें: विकास

शाहजहांपुर। कृषि विभाग के बीज वितरण अभियानों के अंतर्गत जिन किसानों द्वारा अनुदानित गेंहू एवं सरसों के बीज की बुकिंग की गई थी, और उनका ऑटो चयन हो चुका है। वह कृषक अपने आवंटित बीज का उठान शीघ्र ही अपने नजदीकी राजकीय कृषि बीज भण्डार से करना सुनिश्चित करें। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया कि संज्ञान में आया है कि चयनित कृषकों द्वारा अभी तक गेंहू एवं सरसों बीज प्राप्त नहीं किया गया है, जिससे बीज अवशेष रह जाने की स्थिति उत्पन्न हो रही है। साथ ही उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार सभी चयनित कृषकों को सूचित किया जाता है कि यह अगले एक सप्ताह के अन्दर अपने संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार से गेंहू व सरसों का बीज अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें। कृषकों से अपील है कि निर्धारित एक सप्ताह की समय-सीमा के भीतर बीज प्राप्त करने की दशा में संबंधित कृषक की वर्तमान बुकिंग स्वतः निरस्त कर दी जाएगी। इसके उपरांत उक्त अवशेष बीज को नई बुकिंग के माध्यम से अन्य इच्छुक एवं जरूरतमंद कृषकों को आवंटित कर दिया जाएगा, ताकि समय पर बुवाई सुनिश्चित हो सके। चयनित किसान असुविधा से बचने के लिए निर्धारित अवधि के अंदर अपना बीज प्राप्त कर लें।

वोट जोड़ो अभियान

विधायक ने बूथ अध्यक्षों के साथ की बैठक

समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।



नगर पंचायत कांट स्थित शीतला माता मंदिर विश्रामालय में गुरुवार को ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने वोट जोड़ो अभियान के तहत पार्टी के बूथ अध्यक्षो के साथ बैठक की। बैठक में आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने सभी बूथ अध्यक्षो एवं कार्यकर्ताओं को अभियान में पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ जुटने के निर्देश दिए। विधायक अरविंद कुलर सिंह ने कहा कि मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम शामिल कराना बेहद जरूरी है। इसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें और जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, उनके नए वोट बनवाने में सहयोग करें। इसके साथ ही जिन पात्र मतदाताओं के नाम किसी कारणवश मतदाता सूची से कट गए हैं, उनके नाम दोबारा जुड़वाने के लिए भी आवश्यक प्रयास किए जाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अभियान को गंभीरता से लेते हुए अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बनाएं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने वूथ अध्यक्षो से कहा कि संगठन की ओर से सक्रिय भूमिका निभाते हुए पार्टी कार्यकर्ता मतदाता सूची का गहन अध्ययन करके छूटे हुए प्रत्येक नागरिग का जो की 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके हैं उन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और छूटे हुए मतदाताओं को शामिल कराने का कार्य पूरी मुस्तैदी से करे उन्होंने बैठक के दौरान पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता व्लाक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ल, विमल वाजपेयी, श्याम बाबू दीक्षित, आनंद कुमार पंकज सिंह रजनीश कश्यप, दिनेशवावू संजय शुक्ला, विजय चौहान, मानु मिश्रा, सत्यपाल सिंह, संतोष दीक्षित सहित बड़ी संख्या में वूथ अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

6.49 लाख की झूठी लूट का 6 घंटे में खुलासा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

कलेक्शन एजेंट गिरफ्तार, कंपनी की रकम हड़पने के लिए रची थी कहानी, बैग में थे सिर्फ कोरे कागज

कोतवाली पुलिस ने स्पाइस मनी कंपनी के कलेक्शन एजेंट द्वारा रची गई 6 लाख 49 हजार रुपये की झूठी लूट की घटना का महज 6 घंटे में सफल अनावरण कर दिया। पुलिस ने आरोपी एजेंट अयाज मोहम्मद खान को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

गुरुवार को समय 11:07 बजे स्पाइस मनी कंपनी के एजेंट अयाज मोहम्मद खान पुत्र इफ्तखार मोहम्मद खान निवासी मोहल्ला महमद हद्दफ, थाना सदर बाजार ने डायल-112 पर सूचना दी कि वह कंपनी की धनराशि 6,49,000 रुपये बैंक में जमा करने जा रहा था। इसी दौरान नगर निगम ककरा खुर्द के पास दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने उक्त धनराशि लूट ली। सूचना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया तथा आरटी सेट के माध्यम से जनपद के सभी डेल्टा वाहनों को अलर्ट करते हुए विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग के निर्देश दिए गए। एसपी के निर्देशन, एएसपी नगर के निर्देशन, सीओ सदर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गईं। एक टीम को सीसीटीवी फुटेज, दूसरी को सर्विलांस व साइबर, तीसरी को एसओजी के निर्देशन में कलेक्शन व जमा धनराशि की जानकारी और चौथी को सदर बाजार पुलिस के नेतृत्व में घर के आसपास गोपनीय पूछताछ के लिए लगाया गया। जांच में सामने आया कि अयाज एक फिनटेक कंपनी का कलेक्शन एजेंट था। कंपनी ने उसे काम के लिए पहले 10 लाख रुपये की ओवरड्राफ्ट लिमिट दी थी, लेकिन कम बिजनेस के कारण कंपनी ने उसकी लिमिट 5 लाख रुपये कम कर दी थी। इसी दौरान वह गलत आदतों में पड़ गया और कंपनी के पैसों से एक प्लॉट भी खरीद लिया था। लगातार बिजनेस में 20-25 हजार रुपये का नुकसान होने के कारण अब तक उसे लगभग 5 लाख रुपये का नुकसान हो चुका था, जो ओवरड्राफ्ट लिमिट के बराबर था। वह कंपनी की धनराशि का भुगतान करने की स्थिति में नहीं था। कंपनी के कलेक्शन हेड लगातार उससे धनराशि जमा करने को कह रहे थे।

पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में 2027 चुनाव का शंखनाद



बीएलए बूथ पर जाकर मतदाता सूची की करें जांच: सौरभ गांधी

समृद्धि न्यूज, तिलहर, शाहजहांपुर।

नगर में समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा की अध्यक्षता में बिरियागंज रोड स्थित स्टार प्लाजा मैरिज लॉन में आयोजन किया गया। सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ रही । इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य सौरभ सिंह गांधी ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष और बीएलए अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूची की जांच करें। जिन पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, उनके नाम बढ़वाने का काम करें। उन्होंने कहा कि चुनाव की मजबूती बूथ स्तर से शुरू होती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जाति-पाति और धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर समाज में समानता और भाईचारे की भावना बनाए रखने तथा समाजवादी पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और मतदान कराने की अपील की। सम्मेलन के माध्यम से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मैदान में उतरने का संदेश दिया गया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां, जिला महासचिव रणनंजय सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप पांडे, एमएलसी अमित यादव रिंकू, अनवर अली, सैयद रिजवान ने भी पीडीए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया । इस मौके पर अजनफर अली गुड्डू, अमित यादव, डॉ नवनीत यादव, आरिफ अंसारी, विकास यादव, राम सिंह यादव, मोबिन हुसैन, लाल बाबू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

नेमप्लेट पर 'वंदे मातरम्' व 'जय हिंद' लिखने पर निकाह पढ़ाने से इन्कार का आरोप

अधिवक्ता की तहरीर पर रोजा पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, इमाम ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



मकान के बाहर लगी नेमप्लेट पर 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' लिखे होने के कारण बहन का निकाह पढ़ाने से इन्कार करने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता ने इमाम के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। तहरीर के आधार पर रोजा पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, आरोपी इमाम ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए अलग वजह से निकाह पढ़ाने में असमर्थता जताने की बात कही है।

रोजा क्षेत्र के गांव बरमौला अर्जुनपुर निवासी अधिवक्ता मोनिश ने बताया कि उनका परिवार कई हिंदू रीति-रिवाजों और त्योहारों को भी मानता है। भाई दूज समेत अन्य पर्व मनाए जाते हैं। वह शहीद भगत सिंह रक्त सेवा मंच नाम से एनजीओ भी चलाते हैं। उन्होंने अपने मकान के बाहर लगी नेमप्लेट पर नाम के साथ 'वंदे मातरम्', 'जय हिंद' और 'जय भारत' लिखवा रखा है।

मोनिश के मुताबिक, उनकी इकलौती बहन अंजुम का निकाह 15 नवंबर को होना था। इसके लिए उन्होंने करीब एक सप्ताह पहले मस्जिद के इमाम मोहम्मद सुरफान रजा कादिरी से निकाह पढ़ाने का आग्रह किया था। आरोप है कि इमाम ने कुछ कार्यों को इस्लाम के खिलाफ बताते हुए निकाह पढ़ाने से इन्कार कर दिया। मोनिश का यह भी आरोप है कि इमाम ने लोगों के बीच उनके परिवार के हिंदू रीति-रिवाजों को मानने और नेमप्लेट पर लिखे शब्दों को लेकर आपत्ति जताई। अधिवक्ता ने इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। उधर, इमाम मोहम्मद सुरफान रजा कादिरी ने आरोपों को झूठा और बेबुनियाद बताया। उनका कहना है कि उनके वालिद की तबीयत खराब थी, जिसके चलते उन्हें गांव जाना पड़ा था। इसी मजबूरी के कारण उन्होंने दस दिन पहले ही निकाह पढ़ाने में असमर्थता जता दी थी। इसके बाद उन्होंने अपने परिचित इमाम शफीक खान से संपर्क किया, जिन्होंने अंजुम का निकाह पढ़ाया।

पुलिस कर रही मामले की जांच: थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि अधिवक्ता की तहरीर के आधार पर इमाम के खिलाफ बीएनएस की धारा 299, 302, 351(3) और 352 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमिय कृष्ण को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्वर्ण पदक

तृतीय स्थान पर रहने पर मिला गोल्ड मेडल



पुवायां, शाहजहांपुर। नगर के लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल में पढ़ने वाले कवि प्रदीप वैरागी के ज्येष्ठ पुत्र अमिय कृष्ण को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रतिभाग कर तृतीय स्थान पर किया है। जिसके लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य नानक दास मैसी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और गोल्ड मैडल पहनाकर सम्मानित किया। गांव धारा निवासी कवि प्रदीप वैरागी ने बताया कि इस बात के लिए सम्पूर्ण विद्यालय परिवार को कोटि-कोटि बधाई एवं शुभकामनाएं।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जनपदीय आयोजन में बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए अपने प्रोजेक्ट

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जनपद स्तरीय आयोजन गुरु नानक इंटर कॉलेज लखीमपुर में जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के दिशा निर्देशन में उत्साह पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंद्रजीत सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ अनिल कुमार ने मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों तथा विशिष्ट अतिथि गणों का बैज अलंकरण करके अभिनंदन किया आयोजन में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग में कुल 62 समूह में 124 बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुतीकरण प्रदान किया, तथा जूनियर वर्ग 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग में 32 समूह में 64 बाल वैज्ञानिकों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण प्रदान किया। निर्णायक मंडल में डॉ बृजेश कुमार शुक्ला एसोसिएट प्रोफेसर भौतिकी विभाग, डॉ सतेंद्र पाल सिंह एसोसिएट प्रोफेसर प्राणि विज्ञान विभाग युवराज दत्त पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज लखीमपुर, विनोद कुमार प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल कृष्णानगर कॉलोनी, सुनील कुमार मिश्र समन्वयक जिला विज्ञान क्लब ने प्रदेश स्तर पर प्रोजेक्ट प्रस्तुतीकरण के लिए 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग में चार बाल वैज्ञानिकों लखनऊ पब्लिक स्कूल लखीमपुर के विशेष बाजपेई अजमानी इंटरनेशनल स्कूल लखीमपुर की श्रेया यादव पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर सी बी एस सी इंटर कॉलेज के रमन बाजपेई तथा गोला के शशांक शुक्ला का चयन किया तथा जूनियर आयु वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय कालाढूँढ की आकांक्षा वर्मा तथा लखनऊ पब्लिक स्कूल लखीमपुर से विराट प्रताप सिंह का चयन हुआ। अंत में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस लखीमपुर के जिला समन्वयक देवेंद्र सिंह और अतिथियों ने प्रदेश स्तरीय प्रस्तुतीकरण के लिए चयनित सभी बाल वैज्ञानिकों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा दोनों वर्गों के कुल छह समूहों को अच्छे प्रस्तुतीकरण के लिए सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सभी प्रतिभागी बाल वैज्ञानिकों एवं उनके गाइड शिक्षकों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा की मौलिक चिंतन और जिज्ञासा बच्चों को विज्ञान में नवाचार और अन्वेषण के लिए प्रेरित करती है जिसे मूर्त रूप दिलाने में मार्गदर्शक शिक्षक का विशेष योगदान रहता है।

महिला आयोग सदस्य आज शहर में

शाहजहांपुर। राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी आज शुक्रवार को सुबह 11 बजे विकास भवन सभागार में जनसुनवाई करेगी। साथ ही 2:30 बजे मदनापुर ब्लाक पर जागरूकता चौपाल कार्यक्रम आयोजित होगा। जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार ने बताया कि जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना तथा उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। आयोग महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े मामलों, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न आदि विषयों पर शिकायतों की सुनवाई करेगा। यदि किसी महिला को कोई शिकायत दर्ज करानी हो तो वह अपने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हो सकती हैं।

संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र गोविंद व हिमांशु और उनकी पत्नियों को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वे अपने कृत्यों के स्वंय जिम्मेदार होंगे। **बड़े लल्ला पुत्र स्व. श्रीराम नि. ग्रा. शाहगंज थाना रोजा, शाहजहांपुर।**

संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र गोविंद सिंह व पुत्रवधू सोनी को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **राजपाल सिंह पुत्र रंजीत सिंह नि.मो. प्रताप नगर कस्बा जलालाबाद, शाहजहांपुर- हाल पता ग्राम सरखड़ा तह. जलालाबाद, शाहजहांपुर।**

सूचना

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मुकेश श्रीवास्तव
संवाददाता मदनापुर, शाहजहांपुर
7607665368

खबरें एक नजर में

श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर प्रह्लाद चरित्र, वामन अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन



शाहजहांपुर। श्री विश्वनाथ मंदिर में श्री मंजू रानी गुप्ता (रमेश चंद्र ज्वेलर्स) के जजमान परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस वृंदावन से पधारी परम पूज्य देवी पूजा किशोरी जी के श्रीमुख से भक्तिमय कथा का श्रवण कराया गया। कथा के चतुर्थ दिवस में प्रह्लाद चरित्र, भगवान वामन अवतार एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्म के पावन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। भगवान श्रीहरि की भक्ति, भक्त प्रह्लाद की अटूट श्रद्धा एवं भगवान के भक्तों पर कृपा के प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। वामन अवतार के माध्यम से भगवान की लीला एवं धर्म की स्थापना का संदेश दिया गया। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा पूरा कथा पंडाल जयकारों से भक्तिमय हो उठा। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। कथा में मंजू गुप्ता, रोहित गुप्ता, अनामिका गुप्ता, मोहित, संगीता, कंचन, ऋचा गुप्ता, वीथिका कपूर, आदि लोग उपस्थित थे।

बघमरा गांव में लगा पं. दीनदयाल पशु आरोग्य शिविर

लखीमपुर खीरी। ब्लॉक कुंभी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ा जवाहर के ग्राम बघमरा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि सूरजवली के द्वारा गौ पूजन किया गया। इस दौरान वहां उपस्थित डॉ अंकुर वर्मा के द्वारा केसीसी एवं बीमा के बारे जानकारी दी गई। डॉ बाजपेई द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारियों के बारे में जैसे खुरपका, मुहपका, गलघोंटू एवं थनैला के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं बीमारी से बचाव के बारे में बताया गया। पशुओं में किलनी से बचाव के बारे में बताया गयाद्य डॉ अमित कात्यान उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गोला द्वारा लंबी बीमारी के बारे में बिस्तरत जानकारी दी गई, पशुओं के रख रखाव के बारे में जानकारी दी पशुओं को पेट के कीड़ों की दवा समय समय पर देने की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान 71 पशु पालकों के 460 गाय भैंस एवं बकरियों का उपचार गर्भ परीक्षण एवं कृमिनाश दवा पान बधियाकरण कृत्रिम गर्भधान किया गया।

ईवीएम-वीवीपैट की बारीकियां सीखेंगे मास्टर ट्रेनर, डीएम ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए अटल सभागार में ईवीएम-वीवीपैट प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन व्यवस्था में मास्टर ट्रेनरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्हें ईवीएम और वीवीपैट के संचालन एवं कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे आगे मतदान कार्मिकों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित कर सकें। प्रशिक्षण में बताई गई प्रत्येक जानकारी को गंभीरता से समझने और तकनीकी दक्षता हासिल करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा ने ईवीएम-वीवीपैट के संचालन, मतदान प्रक्रिया में उनकी उपयोगिता और तकनीकी बारीकियों से संबंधित जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से मशीनों की कार्यप्रणाली समझाई गई, जिससे निर्वाचन के दौरान किसी भी तकनीकी समस्या का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सके। इस दौरान प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

भाकियू चढ़ूनी के जिला अध्यक्ष ने किया पार्टी का विस्तार



लखीमपुर खीरी। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के जिला अध्यक्ष बलकार सिंह द्वारा संगठन का विस्तार जिले व ब्लॉक स्तर व तहसील स्तर में किया गया। संसारपुर के गांव सरकारगढ़ के किसान इमरान खान तहसील महामंत्री, समसुल कुमार ब्लॉक उपाध्यक्ष बांकेगंज, मेंहताब खान मीडिया प्रभारी ब्लॉक बांकेगंज, मोहित खान सदस्य, आजम खान ग्राम अध्यक्ष, महताब खान सदस्य, अहसन खान सदस्य, तहसील खान सदस्य, मोहित खान सदस्य, बब्बन खान सदस्य, किसानों को जोड़ा गया अपनी मेहनत और लगन से किसान यूनियन के साथ काम करेंगे और संसारपुर के ऊंचा खेड़ा में जोगिंदर सिंह को सदस्यता, जितेंद्र सिंह सदस्य रोहित कुमार सदस्य सुरजीत सिंह सदस्य दयाराम सदस्य बदन सिंह सदस्य उदय पाल सिंह सदस्य ओमप्रकाश सिंह सदस्य और किसान मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ जनपद - शाहजहांपुर

पत्रांकः 545/न0पा0प0-50/न0ता0झी0पो0/ई-टेण्डर/2026-27 दिनांकः 19-11-2026

ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा अवशेष नगर झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना तथा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में 'सी' एवं 'डी' श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती हैं । निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए ई - निविदा दे सकता है।

1- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है -

नगर झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत कार्य।

क0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (धनराशि लाख में)	विड सिक्योरिटी (ई0एम0डी0)(धनराशि लाख में)	निविदा का मूल्य (18% GST सहित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	शाहजहाँपुर	नगर पालिका परिषद पुवायाँ के मो0 रामनगर वार्ड नं0 15 में गाटा नं0 899 पर दर्ज तालाब का सौन्दर्यीकरण सहित निर्माण का कार्य।	5929308.00	451242.00	5000.00	03 माह

2- वेबसाईट पर विड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि - 26-11-2026 समय 10:00 बजे से।
3- ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय - 26-12-2026 को 4:00 बजे तक।
4- ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एंव समय - 28-12-2026 को 5:00 बजे पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक।
5- निविदा आमन्त्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज - 9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए तथा निविदा की शर्तों/नियमों आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया कृपया http://etender.up.nic.in पर लाग इन करें, तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

(कल्पना शर्मा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, पुवायाँ शाहजहाँपुर।

संजय गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, पुवायाँ शाहजहाँपुर।

फाइलेरिया पर वार, जिलाधिकारी ने दवा खाकर दिया बचाव का संदेश

- 7 दिसंबर तक चलेगा विशेष अभियान, एक वर्ष से अधिक आयु के पात्र लोगों को खिलाई जाएगी दवा
- डीएम की अपील- फाइलेरिया का स्थायी इलाज नहीं, बचाव के लिए दवा का सेवन जरूरी

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



फाइलेरिया मुक्त जनपद बनाने की मुहिम का बुधवार को आगाज हो गया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर विशेष अभियान की शुरुआत की। उन्होंने आमजन को संदेश दिया कि फाइलेरिया से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका निर्धारित दवा का सेवन है। अभियान 19 नवंबर से सात दिसंबर 2026 तक चलेगा। इस दौरान एक वर्ष से अधिक आयु के पात्र लोगों को स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में दवा खिलाई जाएगी। डीएम ने कहा कि तराई क्षेत्र में स्थित होने के कारण जनपद में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। फाइलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता के साथ सामूहिक रूप से दवा का सेवन करना जरूरी है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों के सामने निर्धारित दवा का सेवन अवश्य करें और परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवा नहीं दी जाएगी। डीएम ने कहा कि फाइलेरिया का संक्रमण होने के बाद इसका स्थायी इलाज संभव नहीं है। ऐसे में बीमारी से बचाव के लिए समय पर दवा का सेवन ही सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिकाधिक पात्र लोगों तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि फाइलेरिया मुक्त जनपद बनाने की जिम्मेदारी केवल स्वास्थ्य विभाग की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की है। अभियान में जनभागीदारी से ही निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग करने की अपील की।

बेहजम, पसगवां और फूलबेहड़ में भी शुरू हुआ अभियान: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम में राजरानी माता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजेश गुप्ता और डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा ने संयुक्त रूप से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान स्कूली बच्चों को भी दवा का सेवन कराया गया। अधिकारियों ने लोगों को फाइलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीमों का सहयोग करने की अपील की। पसगवां में ग्राम प्रधान प्रभा गुप्ता ने अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने और पात्र लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। फूलबेहड़ में खंड विकास अधिकारी ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत की। उन्होंने ग्रामीणों से जागरूकता के साथ अभियान में सहयोग करने और निर्धारित दवा का सेवन सुनिश्चित करने की अपील की।

सींचना होगा बच्चों के मधुवन को

योगेश कुमार गोयल

बाल दिवस केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवंबर को मनाया जाता है । बच्चों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष यह दिवस 'मेरा दिन, मेरे अधिकार, मेरा भविष्य' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देता है कि सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण सहित उनके मौलिक अधिकारों तक पहुंच हो। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 190 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी से लेकर दिसंबर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है। संयुक्त राष्ट्र ने 20 नवंबर 1954 को 'विश्व बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जिनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्टूबर 1953 में मनाया गया । विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1954 में अपनाया। संयुक्त राष्ट्र ने विश्वभर के तमाम देशों से अपील की कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरुआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में।



दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्किये में मनाया गया था। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास , 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार को कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह, 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलीस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्किये, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाईजीरिया, मई के आखरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरे रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितम्बर कोस्टा रीका, 10 सितम्बर को हौण्डुरस, 14 सितम्बर को नेपाल, 20 सितम्बर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितम्बर को नीदरलैंड, 1 अक्टूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्टूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्टूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्टूबर को ईरान, 12 अक्टूबर को ब्राजील, अक्टूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्टूबर के चौथे रविवार को आस्ट्रेलिया, नवंबर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवंबर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है। बहरहाल, विश्व बाल दिवस हमें यह समझने का अवसर प्रदान करता है कि बच्चों का भविष्य उनके आज पर निर्भर करता है, जिसके लिए हमें ही यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बाल श्रम और शोषण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, बच्चों को उनकी प्रतिभा को निखारने के पर्याप्त अवसर मिलें, उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ और पोषित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। भारत में बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए कई कानून और योजनाएं लागू हैं, जिनमें बाल श्रम निषेध और विनियमन अधिनियम 1986, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, पॉक्सो एक्ट 2012 प्रमुख रूप से शामिल हैं। मिड-डे मील योजना और आंगनवाड़ी सेवा जैसी योजनाएं भी बच्चों के पोषण और शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अपनी-अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देश भले ही अलग-अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाते हैं पर हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके और बच्चों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सके।

वोट चोरों की गद्दी हिलने लगी!

राजेन्द्र शर्मा



एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन एक नया रूप ले रहा है। अक्टूबर में यह आंदोलन मुख्यत देश की राजधानी में और उसमें भी विशेष रूप से जंतर-मंतर पर केंद्रित था और 1 नवंबर की रामलीला मैदान की विशाल रैली में अपने उत्कर्ष पर पहुंचा। उसके बाद से लगातार इस आंदोलन का देश भर में फैलाव हो रहा है। इंडिया गठबंधन से जुड़ी तेरह विपक्षी पार्टियों की संयुक्त याचिका के अगले कदम के रूप में, चुनाव आयोग के नाम पर सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत हलफनामे पर, अदालत से तथ्यों को स्पष्टड्ड करने के लिए आयोग से प्रश्न करने का अवसर मांगा है और इसके लिए अपने 48 प्रश्न रखे हैं। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने, इस मामले में कोई भी निर्णय 9 दिसंबर तक के लिए खिसका दिया है, लेकिन आयोग को इस दौरान विपक्ष की उक्त प्रार्थना पर अपना पक्ष रखने का निर्देश भी दे दिया है। ऐसा लगता नहीं है कि ज्ञानेश कुमार को सुप्रीम कोर्ट से आसानी से कोई राहत मिलेगी। बहरहाल, इस बढ़ते तूफान के सामने एक ओर ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग, बढ़ती आलोचनाओं के सामने चुप्पी साधे-साधे, पर्दे के पीछे से अपने विवादास्पद निर्णयों से पीछा छुड़ाने की कोशिशें कर रहा है। इसके लिए उसने नये मतदाताओं द्वारा भरे जाने वाले फार्म-6 से जोड़ी गयी अवैध घोषणा से पीछा छुड़ाने से लेकर, ईसीआइनैट के जरिए मतदाता सूचियों का नियंत्रण पूरी तरह से सीमा खन्ना के हाथों में सौंपने की स्थिति को पलटने तक के कदम उठाए हैं। यहां तक कि चुनाव आयोग ने एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान छूट गए पहले के मतदाताओं को सूची में लाने के दोबारा प्रयास करने के निर्देश भी जारी किए हैं, जो इस अर्थ में एसआईआर की पूरी प्रक्रिया के ही औचित्य पर सवाल खड़ा कर देता है कि यह लगभग प्रत्यक्ष रूप से यह स्वीकार करना है कि किसी न किसी तरह से, इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम कटे हैं। एसआईआर के प्रक्रिया के नाम पर, 2024 की मतदाता सूचियों में से अब तक 13 करोड़ 30 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने की संख्या इतनी बड़ी है कि ज्ञानेश कुमार का चुनाव आयोग भी इसके श्सामान्य होने का स्वांग नहीं कर सकता है। फिर भी, चुनाव आयोग जहां अदालती चुनौतियों के सामने, सब कुछ नियमानुसार होने के दिखावे के पीछे छुपने की कोशिश कर रहा है, वहीं एसआईआर को जारी रखकर और विधानसभाई चुनावों के अगले चरण के लिए अपनी तैयारियों की घोषणा कर, सब कुछ सामान्य रूप से चल रहा होने का दिखावा कर रहा है। और संघ परिवार तथा उनकी मोदीशाही, जो चुनाव आयोग को अपना वफादार बनाने के मुख्य लाभार्थी हैं, श्वोट चोरीश् के आरोपों से बचाव की कोशिश में, ध्यान बंटाने के अपने जाने-पहचाने खेल में जुटे हुए हैं, जिसमें उन्हें खासी महारत हासिल भी है। इसी खेल के हिस्से के तौर पर, कांग्रेस और उसकी तेलंगाना सरकार द्वारा आयोजित, तीन दिनी इंडिया समिट में, विदेशी प्रतिनिधियों को बुलाकर, भारत के हालात पर चर्चा कर के, श्भारत को बदनामश् किए जाने का झूठा शोर मचाया जा रहा है। इस तरह का तकाजा सरासर जनतंत्र-विरोधी बल्कि फासीवादी है। जनतंत्र, बराबरी और न्याय के तकाजे अपनी प्रकृति में अविभाज्य हैं और इसलिए सार्वभौम हैं और उनके सार्वभौम होने के साथ ही मानवता का विकास जुड़ा हुआ है और इन मूल्यों के लिए संघर्ष करने वाली ताकतों की एकजुटताओं को न देशों की सीमाओं में बांटा जा सकता है और न कभी वास्तव में बांटा जा सकता है। कम से कम भारत जैसे साम्राज्यवाद-विरोधी संघर्ष के लंबे दौर के जरिए विदेशी गुलामी से आजाद हुए देश के लिए स्वतंत्रता, समानता, जनतंत्र जैसे मूल्यों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय एकजुटताओं के महत्व को समझने-समझाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। इसी इतिहास के हिस्से के तौर पर स्वतंत्रता के बाद भारत ने न सिर्फ अनेक दूसरे पराधीन देशों की स्वतंत्रता को प्रेरित किया था बल्कि स्वतंत्रता हासिल करने में उनकी यथासंभव मदद भी की थी। आगे चलकर, इन्हीं मूल्यों ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन के रूप में, नव-स्वाधीन तथा कम विकसित देशों की व्यापक एकजुटता तथा महत्वपूर्ण आवाज को रूप दिया था। लेकिन, नरेंद्र मोदी जिस संघ की परंपरा के वारिस हैं, वह चूंकि आजादी की लड़ाई के विरोध में ही खड़ा रहा था, इन सार्वभौम मूल्यों पर आधारित एकजुटताओं से उसका कोई परिचय ही नहीं है। हैरानी की बात नहीं है कि मोदी राज में भारत की विदेश नीति को इन सभी मूल्यों से बरी कर के महज श्लेन-देनश् की नीति बनाकर छोड़ दिया गया है। हां! चूंकि इस लेन-देन में, अपने से ताकतवर की खुशामद करना भी शामिल है, इसलिए पूरा संघ परिवार इसका तो शोर मचा रहा है कि एक इतालवी नेता ने श्वोट छोड़ गद्दी छोड़श् क्यों कह दिया, लेकिन नरेंद्र मोदी के अब की बार ट्रंप सरकार का नारा लगाकर अमेरिका के चुनाव में भारतीयों के वोट ट्रंप की गोद में डालने की कोशिश करने में, कुछ भी गलत नहीं लगा। इसी दौरान अमित शाह ने ही ध्यान बंटाने के ही एक और पैंतरे में, इसकी अटकलों को एक बार फिर हवा दे दी कि मानसून सत्र को अब तक खत्म न कर के स्थगित ही किए जाने के सहारे, संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाकर, महिला आरक्षण लागू करने का रास्ता बनाने की आड़ में परिसीमन संबंधी संविधान संशोधन दोबारा लाया जाएगा और इस बार उसे पारित करा लिया जाएगा। एनडीए के प्रकटतरू संविधान संशोधन के लिए आवश्यक बहुमत से काफी दूर होने के बावजूद, शाह ने प्रेस के सामने 10-15 फालतू वोट के साथ दोनों सदनों में संशोधन पारित कराने का दावा किया था। फिर भी संघ-भाजपा का ध्यान बंटाने का यह खेल सिर्फ श्देश की बदनामीश् का शोर मचाने या संसद का विशेष बुलाकर परिसीमन थोपने के दावों तक ही सीमित नहीं रहा है। ध्यान बंटाने का इससे भी बड़ा और खतरनाक खेल, उत्तर प्रदेश में शुरू हो गया है, जहां अगले साल की पहली तिमाही में ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। मथुरा में भाजपा के दो-दिवसीय क्षेत्रीय सांगठनिक सम्मेलन के मौके पर, उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बाकायदा इसका ऐलान कर दिया कि मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि पर श्भव्य मंदिरश् का निर्माण 2027 के विधानसभाई चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा होगा। इस घोषणा की गंभीरता का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि सत्ताधारी पार्टी की जिस बैठक के मौके पर उक्त घोषणा की गयी, उसमें मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के साथ ही भाजपा तथा संघ के केंद्र व राज्य, दोनों के शीर्ष नेता मौजूद थे। यह दूसरी बात है कि चुनाव से पहले ध्यान बंटाने के इस खेल का एक मकसद और था। इसका संबंध, खुद सत्ताधारी पार्टी में असंतोष भड़कने की आशंकाओं की ओर से ध्यान बंटाने से था। ये आशंकाएं इसकी व्यापक रूप से आयी खबरों से भड़क रही थीं कि लखनऊ से विधानसभा चुनाव के लिए 202 नामों की सूची दिल्ली में पार्टी केंद्र के पास भेजी गयी थी! चूंकि इसमें बड़ी संख्या में निवर्तमान विधायकों की छुट्टड्डी का संकेत माना जा रहा था, इससे सत्ताधारी पार्टी में जबर्दस्त हड़कंप मच गया, हालांकि बाद में मुख्यमंत्री तथा राज्य भाजपा अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर, ऐसी कोई सूची बनने का खंडन कर दिया। उधर, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने खुद ही एसआईआर की प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 27 लाख हिंदुओं के वोट कटने और मुसलमानों के वोट बढ़ने के अपने दावों से, न सिर्फ एसआईआर की विश्वसनीयता को ध्वस्त कर दिया है बल्कि मौर्य के इशारे को ही और गाढ़ा करते हुए साफकर दिया है कि भाजपा, उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग के अलावा सिर्फ और सिर्फ सांप्रदायिक विभाजन के भरोसे चुनाव लड़ेगी। विडंबना यह है कि आदित्यनाथ, मुख्य विपक्षी नेता अखिलेश यादव को इसका ताना मार रहे हैं कि वह एसआईआर को निरस्त ही किए जाने की मांग क्यों नहीं करते हैं! ध्यान बंटाने की इन कोशिशों से साफ है कि भाजपा, किस कदर घबरायी हुई है। वोट चोरों की गद्दी हिलने लगी है।

राहुल-सोनिया के सामने परेशान भाजपा

सर्वमित्रा सुरजन

राहुल गांधी ने 13 अगस्त को रचनात्मक कांग्रेस कन्वेंशन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और आरएसएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा था कि वे इन लोगों को पागल कर देंगे। उस समय तो वोट चोरी और जेन जी आंदोलन के दौरान छात्रों पर पुलिस के अत्याचार के संदर्भ में राहुल ने यह बात कही थी, क्योंकि तब राहुल के सवालों के जवाब मोदी और शाह नहीं दे पा रहे थे, उल्टा राहुल से बचे-बचे फिर रहे थे। ये दोनों मुद्दे तो अब भी हैं, लेकिन अब इनके साथ कुछ और मुद्दे जुड़ चुके हैं, जिन पर मोदी, शाह या भाजपा की प्रतिक्रिया देखकर लगता है कि वाकई इनका दिमाग भन्नाया हुआ है कि हम राहुल गांधी को किस तरह कमजोर करें, कैसे उन्हें दबाव में लाएं। ऊपर से अब सोनिया गांधी की चुनौती भी खड़ी हो गई है। 2024 में जब सोनिया गांधी ने लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला किया था, तो यह भाजपा के लिए बड़ी राहत का विषय था। क्योंकि उनकी लोकसभा में मौजूदगी भाजपा को वैसे ही परेशान करती है, जैसे अभी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की करती है।

बल्कि लोकसभा क्या, इन तीनों की सक्रिय राजनीति में मौजूदगी से ही भाजपा को तकलीफ है। गौर कीजिए कितना लंबा अरसा बीत गया लेकिन भाजपा अब तक इनके खिलाफ वंशवाद के वार को रोक नहीं पाई है। हर हमले में पहला हथियार वंशवाद का ही निकलता है। ये और बात है कि अब भाजपा की वंशवादी बेल भी उतनी लंबी हो चुकी है कि उसकी ये कुंठा खत्म हो सके। भाजपा के पास दूसरा हथियार चरित्र हनन का है। सोनिया गांधी को विदेशी मूल का होने के कारण ही अपमानित नहीं किया गया, कभी जर्सी गाय, कांग्रेस की विधवा, बार डांसर और न जाने कितने लांछन लगाए गए। लेकिन भाजपा की तकलीफ फिर भी कम नहीं हुई, बल्कि और बढ़ गई, क्योंकि सोनिया गांधी की गरिमा और नैतिक बल के सामने ये सारे लांछन भाजपा नेताओं के मुख की गंदगी ही बढ़ा गए। राहुल गांधी के साथ भी यही हुआ। युवराज, शहजादा, पप्पू, फेल प्रोडक्ट तमाम शब्दों के जरिए उन्हें नाकाम राजनेता बताने की कोशिश हुई। मगर अब वही राहुल गांधी मोदी-शाह के सामने नेता प्रतिपक्ष बनकर ही नहीं बैठे, पूरे देश में अपने पद की जिम्मेदारी निभाते हुए जनता से जुड़े मुद्दे उठाते रहते हैं। जो काम सरकार को करना चाहिए, वह राहुल गांधी करते हैं। लिहाजा भाजपा का चरित्र हनन वाला हथियार भी बेकार हो गया। अब राहुल गांधी और सोनिया गांधी की दोहरी चुनौती भाजपा के सामने आ गई है। मोदी को वैसे भी डबल शब्द से प्यार है। इसलिए जिस राज्य में बीजेपी की सरकार बन जाए, उसे डबल इंजन सरकार कहते हैं। तो अब डबल ट्रबल यानी दोहरी परेशानी उनके सामने आ गई है, और वो भी ऐसे वक्त जब मोदी अपने राजनैतिक जीवन के सबसे नाजुक वक्त से गुजर रहे हैं। विदेशों में मोदी की साख पर डोनाल्ड ट्रंप ने बट्टा लगा दिया है, जो कसर रह जाती है, उसे मोदी खुद पूरी कर देते हैं। अभी फिलीपींस में ही पत्रकारों के सवाल के बीच ही उन्होंने जैसे ट्रंप से कहा कि शैल वी मूव और ट्रंप उन्हें अनसुना करके जवाब देते रहे और इस दौरान मोदी सकपकाए से खड़े रहे, उससे जाहिर होता है कि उनमें विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के सामने तन कर खड़े होने का कलेजा ही नहीं है। या तो वे मेलोडी देंगे, हाहा-हीही करेंगे, जबरन हाथ पकड़कर गले मिलेंगे या फिर ऐसे खड़े रहेंगे मानो बिलकुल नासमझ हों। इधर देश में भी मोदी के लिए हालात विपरीत होते जा रहे हैं। अगर उनका खुद पर और लोगों का उनके नेतृत्व पर भरोसा होता तो वे साबित कर देते कि उनकी सरकार वोट चोरी से नहीं बनी है। मगर ज्ञानेश कुमार को अब तक बचाए रखना जाहिर करता है कि चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए। जेन जी आंदोलन में भी मोदी की कमजोरी और व्यग्रता सामने आ गई। उन्होंने नयी पीढ़ी को अपने पक्ष में करने के लिए आधी रात को फ्रैंड्स कहते हुए रील्स बनाने का सिलसिला शुरु किया था, लेकिन इस प्रयास का ऐसा उल्टा असर हुआ कि जल्द ही इससे मोदी ने तौबा कर ली। बच्चों और युवाओं को आडंबर कभी पसंद नहीं आए। पिछले जमाने में भी नयी पीढ़ी आडंबरों के खिलाफ ही थी, लेकिन तब समाज की मर्यादाएं, रिवाज अलग थे और सोशल मीडिया भी नहीं था। इसलिए आडंबरों की ऐसी धज्जियां नहीं उड़ाई गई, जैसी अब उड़ाई जा रही हैं। सैकड़ों मीम्स और रील्स ढकोसलों का मखौल उड़ाते हुए रोजाना बनाए जाते हैं। उसी से जेन जी की नब्ज टटोली जा सकती है कि वह मनसा, वाचा और कर्मणा यानी बोली, व्यवहार और आचरण सब में एकरूपता देखना चाहती है। उसे यह भी पसंद नहीं कि उसके लिए कुछ और नियम बनें और बड़ों के लिए कुछ और छूट दी जाए। इसलिए जब वह भाजपा की कथनी और करनी का अंतर देखती है, तो बिदकती है। इसलिए मोदी का फ्रैंड्स कहना उसे रास नहीं आया। लेकिन राहुल गांधी यहां मोदी पर भारी पड़ गए। युवाओं को बिना दोस्त बोले भी वे उनसे जुड़ गए। और अभी सोनिया गांधी की किताब के विमोचन में राहुल का भाषण युवाओं के साथ-साथ उन लाखों-करोड़ों भारतीयों के दिल में सीधा उतर गया, जो मुद्दतों से ऐसे ही किसी ईमानदार अभिव्यक्ति वाले राजनेता के इंतजार में थे। 10 नवंबर को सोनिया गांधी की किताब बाजार में आई और देखते ही देखते कम से कम 2 लाख प्रतियां बिक चुकी हैं। इस किताब पर विवाद खड़ा करने की कई कोशिशें भाजपा ने की। मोदी ने तो खैर किताब शायद छुई ही नहीं, उन्हें किताब के कवर से ही डर लग गया होगा। लेकिन बाकी जिन भाजपा नेताओं ने किताब पढ़ी या नहीं पढ़ी, उन्होंने उसकी आलोचना जरूर की। बहुत सी कमियां दिखाई। विरोध दिखाने के लिए किताब की प्रतियां जलाने से लेकर पन्ने फाड़ने तक सारे काम हो गए। दूरदर्शन पर सुधीर चौधरी ने किताब को बदनाम करने के लिए ही पूरा कार्यक्रम पेश कर दिया। सोनिया गांधी ने बिल्कुल सही कहा था कि तमाशा होगा और वही हुआ भी। 16 नवंबर को इस किताब का बाकायदा विमोचन हुआ। जिसमें प्रकाशक हार्पर कोलिंस की तरफ से पौलोमी चटर्जी ने सोनिया गांधी से सवाल किए। जैसे किताब का शीर्षक क्या सोच कर बिलॉन्गिन्ग रखा, किताब का सबसे पसंदीदा हिस्सा कौन सा है, उनकी सास के साथ कैसे संबंध थे, आदि, आदि।

सोनिया गांधी ने बेहद सहजता के साथ हर सवाल का जवाब दिया। किताब के शीर्षक पर उन्होंने कहा कि मैं एकदम दूसरे परिवेश की थी, जिसे यहां अपनी जगह बनाने की कोशिश करनी पड़ी, जिसमें वे कामयाब हुई। क्योंकि न केवल उनके पति और ससुराल ने बल्कि भारत के लोगों ने उन्हें अपनाया। इसी के साथ सोनिया ने यह भी कहा कि बहुत सी बहुएं इसी अनुभव से गुजरती हैं, क्योंकि उन्हें ससुराल में अपनी जगह बनाने की कोशिश करनी पड़ती है, जबकि वे विदेश से नहीं इसी देश की होती हैं। जब सोनिया ये कह रही थीं तो सामने बैठी कल्पना सोरेन और डिंपल यादव हामी में सिर हिला रही थीं। शायद अधिकतर लड़कियों का यही अनुभव है। इस विमोचन कार्यक्रम के आखिर में राहुल गांधी ने भाषण दिया, जो नितांत पारिवारिक था, इसमें लेशमात्र राजनीति नहीं थी। राहुल ने अपने मां-बाप के बीच के गहरे प्यार को बड़ी भावुकता के साथ बयां किया। उन्होंने यह भी बताया कि वे अपनी गर्लफ्रेंड के साथ कैम्ब्रिज के उसी वारसिटी रेस्तरां में गए, जहां सोनिया और राजीव मिले थे। आज के वक्त जब अधिकतर नेता अपने वोटों का गणित लगाकर अपने निजी जीवन के बारे में बात करते हैं, राहुल ने बेझिझक अपनी गर्लफ्रेंड का जिक्र किया। यहीं उन्होंने बताया कि खाने के समय उनकी मां पिता की गोद में बैठ जाया करती थीं। इस बात पर अब नफरत करने वालों को ऐसी तकलीफ हो गई कि राहुल पर फिर बेतुके लांछन लगाए जाने लगे। लेकिन इसमें भाजपा की असली सोच उजागर हो गई और उससे सवाल होने लगे कि पति-पत्नी के बीच के प्यार से उसे तकलीफ क्यों है। बलात्कारियों को तो भाजपा सिर-माथे पर बिठाती है, पत्नी को छोड़ने वाले या अपनी मां को राजनैतिक मकसद के लिए इस्तेमाल करने वाले पर सवाल नहीं उठाती। लेकिन एक बेटा अपने मां-बाप के गहरे प्यार को आज भी शिद्दत से याद करे और अपने पिता के असमय चले जाने की पीड़ा का इजहार करे तो उसे तकलीफ होती है। राहुल गांधी की ईमानदार अभिव्यक्ति, सोनिया गांधी के अपने पति के लिए गहरे प्यार, इस देश के लिए त्याग और समर्पण, शालीन और गरिमामयी राजनीति का जवाब भाजपा कैसे दे, यह उसके लिए बड़ा संकट है।

वैश्विक बाजार, भारत की निर्यात शक्ति का विस्तार

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच भारत ने अपने निर्यात के मोर्चे पर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। कहना होगा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में भारत के निर्यात ने प्रमुख मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदारों और दुनिया के बड़े व्यापारिक बाजारों में व्यापक विस्तार किया है। दक्षिण-पूर्व एशिया से लेकर यूरोप और पूर्वी एशिया तक भारतीय उत्पादों की बढ़ती पहुंच का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आसियान देशों को भारत का निर्यात 58 प्रतिशत उछलकर 28.06 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) के साझेदार देशों को निर्यात में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 15.29 अरब डॉलर हो गया। यूरोपीय संघ को भी भारत का निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 38.79 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत के निर्यात प्रदर्शन की सबसे श्रेष्ठ उपलब्धियों में सिंगापुर, मलेशिया, श्रीलंका, जापान, दक्षिण कोरिया और ओमान जैसे बाजारों में दर्ज दो अंकों की वृद्धि शामिल है। सिंगापुर को निर्यात 103 प्रतिशत बढ़कर 11.07 अरब डॉलर हो गया, जबकि मलेशिया में 83 प्रतिशत और श्रीलंका में 73 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ओमान को निर्यात भी 47 प्रतिशत बढ़कर 3.29 अरब डॉलर तक पहुंच गया। ये आंकड़े संकेत देते हैं कि भारत अपने पारंपरिक व्यापारिक बाजारों के साथ नए और तेजी से विकसित हो रहे बाजारों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति बना रहा है। आसियान बना भारतीय निर्यात का सबसे तेज बढ़ता क्षेत्र भारत के निर्यात विस्तार में दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) सबसे महत्वपूर्ण विकास क्षेत्र के रूप में सामने आया है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-सितंबर अवधि में आसियान देशों को भारत का निर्यात 17.75 अरब डॉलर था, जो वित्त वर्ष 2026-27 की समान अवधि में 58 प्रतिशत बढ़कर 28.06 अरब डॉलर हो गया। इस वृद्धि में सिंगापुर और मलेशिया की विशेष भूमिका रही। सिंगापुर को भारत का निर्यात 5.45 अरब डॉलर से बढ़कर 11.07 अरब डॉलर हो गया। इस तरह एक वर्ष में निर्यात दोगुने से भी अधिक बढ़ा। मलेशिया के बाजार में भी भारतीय उत्पादों की मांग में उल्लेखनीय तेजी रही। यहां निर्यात 3.05 अरब डॉलर से 83 प्रतिशत बढ़कर 5.58 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वियतनाम को निर्यात 36 प्रतिशत बढ़कर 3.83 अरब डॉलर और इंडोनेशिया को 36 प्रतिशत बढ़कर 2.98 अरब डॉलर हो गया। थाईलैंड भी भारत के महत्वपूर्ण निर्यात गंतव्यों में शामिल रहा, जहां 2.65 अरब डॉलर का निर्यात दर्ज किया गया। वस्तुतः आज आसियान देशों के साथ भारत के बढ़ते व्यापारिक संबंधों का महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि यह क्षेत्र वैश्विक विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, समुद्री व्यापार और आपूर्ति श्रृंखलाओं का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। इस बाजार में भारतीय निर्यात की बढ़ती हिस्सेदारी भविष्य में व्यापारिक सहयोग और औद्योगिक साझेदारी के नए अवसर पैदा कर सकती है।



इसके साथ ही भारतीय उपमहाद्वीप में श्रीलंका की बड़ी छलांग दिखाई दी है। भारत के पड़ोसी देशों के साथ व्यापारिक संबंधों में यह मजबूती का पर्याय है। दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) के साझेदारों को भारत का निर्यात 22 प्रतिशत बढ़कर 15.29 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 12.55 अरब डॉलर था। जिसमें कि श्रीलंका सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल रहा। यहां भारतीय निर्यात 2.28 अरब डॉलर से 73 प्रतिशत बढ़कर 3.94 अरब डॉलर हो गया। नेपाल को निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 4.37 अरब डॉलर और भूटान को 16 प्रतिशत बढ़कर 711.4 मिलियन डॉलर तक पहुंचा। मालदीव के बाजार में भी 52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और निर्यात 337.4 मिलियन डॉलर हो गया। बांग्लादेश 5.66 अरब डॉलर के निर्यात के साथ साफ्टा क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बना रहा।

जापान और दक्षिण कोरिया में भारतीय उत्पादों की बढ़ती पहुंच पूर्वी एशिया के विकसित औद्योगिक बाजारों में भी भारत के निर्यात को गति मिली है। जापान को निर्यात 40 प्रतिशत बढ़कर 4.10 अरब डॉलर हो गया, जबकि दक्षिण कोरिया को निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 3.91 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इन दोनों बाजारों में भारतीय उत्पादों की बढ़ती पहुंच भारत के औद्योगिक और व्यापारिक संबंधों के विस्तार का संकेत है। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में निर्यात वृद्धि का महत्व इसलिए भी है कि ये देश वैश्विक तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मशीनरी और उन्नत विनिर्माण के बड़े केंद्र हैं। इन बाजारों में भारतीय कंपनियों के लिए व्यापारिक अवसरों का विस्तार देश की उत्पादन क्षमता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने में सहायक हो सकता है। यूरोप में स्पेन और इटली ने दिखाई तेज रफ्तार यूरोपीय संघ भारत के बड़े निर्यात बाजारों में अपनी महत्वपूर्ण स्थिति बनाए हुए है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में यूरोपीय संघ को भारत का निर्यात 36.97 अरब डॉलर से पांच प्रतिशत बढ़कर 38.79 अरब डॉलर हो गया। इस वृद्धि में स्पेन और इटली जैसे बाजारों का योगदान उल्लेखनीय रहा।

स्पेन को भारत का निर्यात 45 प्रतिशत बढ़कर 4.68 अरब डॉलर हो गया। इटली में 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ निर्यात 4.

खबरें एक नजर में

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद, 10 हजार जुर्माना

हमीरपुर। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उस पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते करीब सात साल पुराने मामले में फैसला आया। पुलिस के अनुसार बिंवार थाने में 30 जून 2019 को मनोज कुमार साहू पुत्र रामौतार साहू निवासी बल्लान, थाना अतर्रा, जनपद बांदा के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त ने वादी की करीब 16 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किया था। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस ने अभियोजन विभाग से समन्वय स्थापित कर मामले की प्रभावी पैरवी की। गवाहों के बयान समय से न्यायालय में दर्ज कराए गए। इसके परिणामस्वरूप 19 नवंबर 2026 को विशेष पॉक्सो न्यायालय ने मनोज कुमार साहू को दोषसिद्ध कर 20 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले में विवेचक निरीक्षक राजेश कुमार वर्मा, अभियोजक एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह और पैरोकार कांस्टेबल श्रीकांत राजपूत की भूमिका रही।

वन स्टॉप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन का औचक निरीक्षण

हमीरपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना अग्रवाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वन स्टॉप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, देखभाल तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं, निर्धारित कक्षों और अभिलेखों की जांच की। इसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन का निरीक्षण किया, जहां दो बालक आवासित मिले। उन्होंने बच्चों के ठहरने, देखभाल और सुरक्षा की व्यवस्थाओं की जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी से ली। सचिव ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि केंद्रों पर आने वाली पीड़ित महिलाओं और बच्चों को आवश्यक सहायता एवं सुरक्षा संवेदनशीलता के साथ उपलब्ध कराई जाए। उनके अधिकारों और हितों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित वातावरण देना प्राथमिकता है। जरूरतमंदों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है। निरीक्षण के दौरान पीएलवी पवन तिवारी और हुमैरा मौजूद रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, 14 हजार जुर्माना

हमीरपुर। नाबालिग से दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर 14 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला सिसोलर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार 26 जुलाई 2022 को एक व्यक्ति ने अपनी करीब 11 वर्षीय पुत्री के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मान सिंह पुत्र भूरा यादव निवासी ग्राम व थाना सिसोलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मामले में प्रभावी पैरवी की। अभियोजन विभाग के साथ समन्वय कर गवाहों की समयबद्ध गवाही कराई गई। इसके बाद 19 नवंबर 2026 को विशेष पॉक्सो न्यायालय ने आरोपी मान सिंह को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 14 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले में विवेचक निरीक्षक सुरेश कुमार सैनी, अभियोजक एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह और पैरोकार हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र मिश्रा की भूमिका रही।

आबादी के बीच खुली गोश्त की दुकान हटाने की मांग

सुमेरपुर। कस्बे के मैथिलीशरण मार्ग स्थित बड़ी पुलिया के पास आबादी क्षेत्र में संचालित गोश्त की दुकान को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध जताया है। मोहल्ले के निवासियों ने प्रशासन से दुकान को निर्धारित गोश्त मंडी में स्थानांतरित कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में पहले से गोश्त मंडी निर्धारित है, जहां मांस की दुकानें संचालित होती हैं। इसके बावजूद रिहायशी इलाके में दुकान खुलने से आसपास दुर्गंध फैल रही है। इससे राहगीरों और मोहल्ले के लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों के मुताबिक इस मार्ग पर कई विद्यालय भी हैं, जहां से छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है। वहीं, मंदिर जाने वाली महिलाओं को भी इस रास्ते से गुजरने में असुविधा होती है। मोहल्ले के जयवीर सिंह, लालासिंह, दानवीर, अमीन खान, रमेश, मातादीन और नत्थू सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से जनहित में दुकान को आबादी क्षेत्र से हटाकर निर्धारित गोश्त मंडी में संचालित कराने की मांग की है।

रानी लक्ष्मीबाई का शौर्य और राष्ट्रप्रेम पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोतः कुलपति

झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में गुरुवार को वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय एवं अन्य अधिकारियों ने महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।कुलपति ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का शौर्य, त्याग और राष्ट्रप्रेम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम संयोजक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. पुनीत बिसारिया ने भी उनके बलिदान और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को याद किया।इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में करिश्मा राजपूत ने प्रथम, प्रदीप कुमार ने द्वितीय और नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक राज बहादुर, वित्त अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. श्रीहरि त्रिपाठी ने किया और डॉ. बिपिन प्रसाद ने आभार व्यक्त किया।

किसान की ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत

महोबा। ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने जा रहे एक किसान की ट्रैक्टर पलट जाने से उसमें दबकर दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है किसान की मौत सी मृतक परिवार में कोहराम मच गया है चरखारी कोतवाली क्षेत्र के गौरहारी गांव निवासी कुलदीप पुत्र रतन सिंह राजपूत उम्र 45 वर्ष से अपने गांव अंडवारा विजयपुर खेत की ओर जा रहा था तभी ट्रैक्टर असंतुलित हो गया और पलट गया ड्राइवर किसान कुलदीप की मौके पर मौत हो गई चौकी प्रभारी सुनील मिश्रा थाना प्रभारी राहुल मिश्रा ने शव को मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस के हत्थे चढ़े हत्या के प्रयास के दो आरोपी, मुख्य अभियुक्त फरार



बांदा। जान से मारने की नीयत से व्यक्ति व उसके मित्र पर तमंचे से फायर करने वाले वांछित दो अभियुक्तों को अतर्रा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि मुख्य अभियुक्त पुलिस की पकड़ से अभी भी दूर है। एक पखवारा पहले रंजिश के चलते रेलवे स्टेशन परिसर में मुख्य अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ रंजिश के चलते तमंचे से गोली मारी थी। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जिले में अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व वांछित अभियुक्तों व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। लगभग एक पखवारा पहले तीन नवंबर को अतर्रा थाना क्षेत्र के रहने वाले निखिल ने सूचना दी कि तेंदुरा गांव निवासी राघव ने अपने चार अज्ञात साथियों के साथ पुरानी रंजिश के चलते जान से मारने की नीयत से उसे व उसके मित्र पर फायर कर दिया। घायल की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। फायरिंग में शामिल बदौसा थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव निवासी अतुल पुत्र नर्वदा और देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी धीरेंद्र उर्फधीरू पुत्र महेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि मुख्य अभियुक्त राघव व दो अज्ञात अभियुक्त फरार हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में अतर्रा थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय, उप निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल अजय प्रजापति, पंकज द्विवेदी व राहुल साहू शामिल रहे।

वृद्धाश्रम में 114 बुजुर्ग मिले सचिव ने जाना कुशलक्षेम

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वंदना अग्रवाल ने गुरुवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां रह रहे करीब 114 बुजुर्गों से बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना और उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति परखी। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धजनों से भोजन, आवास, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वृद्धाश्रम में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बुजुर्गों की समस्याएं और आवश्यकताएं भी सुनीं। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाए। शासन की ओर से निर्धारित सभी सुविधाएं उन्हें समय से उपलब्ध कराई जाएं। सचिव ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण और पात्र लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।निरीक्षण के दौरान पीएलवी पवन तिवारी और हुमैरा मौजूद रहे।

रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों से लिया था लोहा, देश के लिए हुईं बलिदान



सुमेरपुर। वर्णिता संस्था के तत्वावधान में आयोजित विमर्श विविधा कार्यक्रम के तहत जिनका देश ऋणी है विषय पर महान क्रांतिकारी वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई बुंदेलखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की महान वीरांगना थीं। उनका जन्म 19 नवंबर 1828 को वाराणसी में हुआ था। बचपन में उनका नाम मणिकर्णिका था और लोग उन्हें मनु व छबीली के नाम से पुकारते थे। उन्होंने बताया कि बचपन से ही रानी लक्ष्मीबाई ने घुड़सवारी, तीरंदाजी और तलवारबाजी का प्रशिक्षण लिया था। वर्ष 1842 में उनका विवाह झांसी के राजा गंगाधर राव से हुआ। पति की मृत्यु के बाद अंग्रेजों ने उनके दत्तक पुत्र दामोदर राव को उत्तराधिकारी मानने से इनकार कर दिया। इसके बाद रानी ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष छेड़ दिया। उन्होंने महिलाओं की सेना तैयार की, जिसमें झलकारी बाई की महत्वपूर्ण भूमिका रही। तात्या टोपे और नाना साहब के सहयोग से उन्होंने कालपी और ग्वालियर में अंग्रेजों का मुकाबला किया। 18 जून 1858 को ग्वालियर के निकट युद्ध करते हुए वह वीरगति को प्राप्त हुईं। उनके बलिदान को देश कभी नहीं भुला सकता। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, प्रिंस, होरीलाल, महावीर प्रजापति, रामनारायण सोनकर, सत्येंद्र और अखिलेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रभारी जिलाधिकारी ने दी वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती पर शुभकामनाएं

झांसी। प्रभारी जिलाधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर जनपदवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई का नाम शौर्य, साहस और वीरता का प्रतीक है। मातृभूमि की रक्षा के लिए अंग्रेजों से संघर्ष और उनका बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।उन्होंने कहा कि 19 नवंबर 1835 को जन्मीं महारानी लक्ष्मीबाई का बचपन का नाम मणिकर्णिका था और लोग उन्हें प्यार से मनु कहते थे। विवाह के बाद वह रानी लक्ष्मीबाई कहलाईं। वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया। 18 जून 1858 को अंग्रेजों से लड़ते हुए वह वीरगति को प्राप्त हुईं।प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि उनकी वीरता और बलिदान की गाथा इतिहास में सदैव अमर रहेगी।

धूमधाम से मनाया महारानी लक्ष्मीबाई का जन्मोत्सव, निकली शोभायात्रा



गरौठा (झांसी)। जय हिंद मिशन इंटर कॉलेज में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत नाटक, भाषण, कविता और नृत्य प्रस्तुत कर वीरांगना के शौर्य, साहस और बलिदान को याद किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि कोतवाली प्रभारी रविंद्र मिश्रा एवं शिवनारायण शर्मा किशोरी यदुवंशी रहे। शाम छह बजे विद्यालय परिसर में दीप प्रज्वलन कर वीरांगना को नमन किया गया। इसमें गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत के पुत्र राहुल राजपूत सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।जन्मोत्सव पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महारानी लक्ष्मीबाई और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की झांकियां, घोड़ा-बाजे तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। थाना चौराहे पर उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी और थाना स्टाफ भी शोभायात्रा में शामिल हुए।कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक मित्रेश कुमार सारस्वत, प्रधानाचार्य आशुतोष तिवारी, उपप्रधानाचार्य रतिराम भौंडेले सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। संचालन वैभव गिरि ने किया।

जंगली सियार के हमले में तीन चरवाहे घायल, ग्रामीणों में दहशत





समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर।

विदोखर पुरई गांव में बुधवार देर शाम बकरियां चरा रहे तीन चरवाहों पर जंगली सियार ने हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर खेतों में काम कर रहे किसानों ने ललकारा तो सियार धान की फसल में भाग गया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार विदोखर पुरई निवासी विष्णु निषाद (20), सुंदर कुशवाहा (35) और गोपाल निषाद (65) बुधवार को शादीपुर मौजा में बकरियां चराने गए थे। शाम को घर लौटने की तैयारी कर रहे थे, तभी खेतों में छिपे सियार ने अचानक हमला कर दिया। सियार ने तीनों को काटकर घायल कर दिया। चरवाहों के शोर मचाने पर आसपास मौजूद किसानों ने हिम्मत दिखाते हुए सियार को भगाया। इसके बाद वह धान की फसल में घुस गया। घायलों को उपचार के लिए मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। अचानक हुई घटना से खेतों में आने-जाने वाले किसानों और ग्रामीणों में भय का माहौल है।

मॉडल कंपोजिट विद्यालय के लिए गरौठा में 10 एकड़ जमीन का प्रस्ताव

- नगर पंचायत अध्यक्ष बोले- विद्यालय गरौठा में नहीं बना तो जनता होगी निराश

समृद्धि न्यूज़, गरौठा (झांसी)।



मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण स्थल को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर विद्यालय निर्माण के लिए गरौठा नगर में मुख्य मार्ग पर 10 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा।उन्होंने बताया कि विद्यालय के लिए पहले भी भूमि का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन निरीक्षण टीम ने उसे खारिज कर दिया। इसके बाद मोंठ और वीरपुरा मौजा में जमीन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि वीरपुरा की प्रस्तावित भूमि मुख्य मार्ग से करीब दो किलोमीटर दूर है, जबकि गरौठा नगर में सड़क किनारे 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है।डॉ. मिश्रा ने कहा कि विद्यालय गरौठा में बनने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा। यदि विद्यालय नगर में स्थापित नहीं हुआ तो जनता में निराशा होगी और इसका राजनीतिक असर भी पड़ सकता है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत परिवहन विभाग ने चलाया अभियान, अवैध 35 ई-रिक्शा का चालान

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरुवार को परिवहन विभाग ने जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए अवैध बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड एवं ई-रिक्शा स्टैंड को चिह्नित कर हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश कुमार और यात्री मालकर अधिकारी आनंद राय कुरील ने किया। अभियान के अंतर्गत ऐसे स्थानों को चिह्नित किया जा रहा है, जहां अनधिकृत रूप से बसों, टैक्सियों एवं ई-रिक्शा का जमावड़ा लगाकर सवारियां बैठाई व उतारी जाती हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और आमजन को असुविधा होती है। चिह्नित स्थलों से अवैध स्टैंड हटाने की कार्रवाई की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। राजेश कुमार ने यातायात नियमों का उल्लंघन, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, अनधिकृत स्थानों पर वाहन खड़ा करने तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने के मामलों में 15 ई-रिक्शा के चालान किए। इसी प्रकार आनंद राय कुरील ने 20 ई-रिक्शा के चालान किए व 08 ई-रिक्शा के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए उन्हें निरुद्ध किया। परिवहन विभाग ने ई-रिक्शा चालकों को जागरूक किया कि विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों के आसपास वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें, विद्यालयों के आसपास अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें तथा बच्चों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही निर्धारित एवं अधिकृत स्थानों पर ही सवारी बैठाने व उतारने के निर्देश दिए।

नारी शक्ति व देशभक्ति की प्रेरणा देता है वीरांगना लक्ष्मीबाई का बलिदानः सपना



झांसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब ने सिद्धेश्वर रोड स्थित आदर्श पब्लिक इंटर कॉलेज में छोटे-छोटे बच्चों को उपहार स्वरूप स्टेशनरी सामग्री वितरित की, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने महारानी के अदम्य साहस, वीरता और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि झाँसी की पहचान वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के नाम से है। प्रथम स्वाधीनता संग्राम में उनका योगदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन आज भी नारी शक्ति, आत्मसम्मान, साहस और देशभक्ति की प्रेरणा देता है।विशेष आकर्षण रंगोली के माध्यम से बनाई गई महारानी लक्ष्मीबाई की मनमोहक प्रतिमा रही, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद बच्चों को स्टेशनरी सामग्री के साथ-साथ खानपान सामग्री का भी वितरण कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया।इस अवसर पर क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसिडेंट मोनिका कोचर, वाइस प्रेसिडेंट तमन्ना राय, ट्रेजरर संयुक्ता शर्मा, पास्ट प्रेसिडेंट ओमनी राय एवं नेहा तिवारी सहित अंजलि अग्रवाल, श्रुति बंसल और ज्योत्सना आदि उपस्थित रहीं।

अवैध शराब की जांच करने गई आबकारी टीम पर हमले का प्रयास

- एक नामित सहित 10 से 15 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



महोबा में अवैध शराब बेचने की सूचना पर दबिश देने पहुंची आबकारी टीम को अभद्रता और सरकारी काम में बाधा का सामना करना पड़ा। आरोप है कि तलाशी के दौरान एक महिला और अन्य लोगों ने टीम को रोका और भीड़ इकट्ठा कर ली, जिससे टीम को वापस लौटना पड़ा। इस मामले में पुलिस ने उदयभान और सीमा समेत 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मामना गांव में अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर आबकारी विभाग की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची थी। आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार के साथ टीम जब गांव में संदिग्ध के घर दबिश देने पहुंची तो वहां मौजूद महिला ने जांच को लेकर सवाल किए और बाहर आकर ऊंची आवाज में अभद्रता करते हुए बात करने लगी। देखते ही देखते मौके पर करीब 10 से 15 लोग इकट्ठा हो गए। आरोप है कि इन लोगों ने बदसलूकी की और घर की तलाशी लेने से टीम को जबरन रोका गया। सरकारी कार्य में बाधा डालने और भीड़ जुटाने के बीच स्थिति ऐसी बनी कि आबकारी टीम को वहां से मजबूरन लौटना पड़ा। टीम के सदस्यों ने इस दौरान कुछ लोगों का वीडियो भी बनाया। आपको बता दें कि पूर्व में भी सीमा के पति मुद्दी के खिलाफ पहले भी जुलाई माह में शिकायत मिली थी, तब 15 देशी पौवा बरामद कर मामला दर्ज किया गया था। आबकारी टीम के साथ हुई अभद्रता और सरकारी कार्य को रोके जाने के मामले में आबकारी निरीक्षक ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर कोतवाली नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इस पूरे मामले पर सीओ रविकांत गौड़ ने गुरुवार समय एक बजे बताया कि 18 नवंबर को आबकारी निरीक्षक द्वारा चेकिंग के दौरान टीम के साथ विरोध और सरकारी काम में बाधा डालने की शिकायत दी गई थी। तहरीर के आधार पर उदयभान और सीमा के साथ 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2) और 132 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

महिला से दुष्कर्म व मारपीट के गंभीर आरोपों में कोर्ट ने दिए एफआईआर के आदेश

उरई(जालौन)। दुष्कर्म, छेड़छाड़, मारपीट और महिला को दो दिन तक बंधक बनाकर रखने के गंभीर आरोपों के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए थाना सिरसाकलार पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध कारित होना मानते हुए पीड़िता की ओर से धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत प्रस्तुत प्रार्थनापत्र स्वीकार कर लिया। पीड़िता ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि 9 सितंबर 2026 की रात करीब नौ बजे रामजी, रामसेवक, हरिशंकर और गोरू जबरन उसके घर में घुस आए। आरोप है कि रामजी और गोरू ने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता का यह भी आरोप है कि बाद में रामसेवक और हरिशंकर ने भी उसके साथ मारपीट की तथा उसे कमरे में दो दिन तक बंधक बनाकर रखा। पीड़िता के मुताबिक, 11 सितंबर को मौका पाकर वह अपने मायके ग्राम चमारी पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद 15 सितंबर को परिजनों के साथ थाना सिरसाकलार पहुंचकर शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद एक अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक जालौन को डाक के माध्यम से प्रार्थनापत्र भेजा गया। इसके बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली।

कार्यालयः झाँसी विकास प्राधिकरण, झाँसी

संख्याः- 1685/जे०डी०ए०/(2026-27) दिनांकः- 19/11/2026

: ई-निविदा सूचना :

उपाध्यक्ष, झाँसी विकास प्राधिकरण द्वारा निम्न कार्य हेतु झाँसी विकास प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदार से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर धनराशि प्राधिकरण के खाता संख्या-50100543518315 तथा IFSC Code-HDFC0000453, Bank HDFC Bank, Civil Line, Jhansi में RTGS/NEFT के माध्यम से अलग-अलग जमा करनी होगी, जिसकी रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा।

क्र सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. में) सहित (रु. में)	निविदा का मूल्य GST	धरोहर धनराशि (रु. में)	कार्य अवधि
1.	उपाध्यक्ष महोदय कैम्प कार्यालय में सेप्टिक टैंक का निर्माण, इलेक्ट्रिकल फिटिंग एवं रंगाई-पुताई का कार्य।	8,43,915.00	2,360.00	16,880.00	01 माह
2-	पं० दीनदयाल उपाध्याय सभागार में ध्वजारोहण हेतु स्टेनलेस स्टील ध्वज-पोल की स्थापना, मूर्ति की आर्टिस्टिक पेंटिंग, राष्ट्रीय ध्वज एवं बोलार्ड लाइट रिपेयरिंग का कार्य।	5,36,246.00	2360.00	10,725.00	01 माह

शर्तें:-
1. उक्त कार्य हेतु ई-निविदा दिनांक 04.12.2026 को अपराह्न 12.00 बजे तक वेबसाइट से डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है, जिसकी ई-निविदा दिनांक 04.12.2026 को अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी।
2. ई-निविदा में कोई परिवर्तन/परिवर्धन विषयक सूचना वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।
3. निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत या पारदर्शी विधि विभाजन करने का अधिकार उपाध्यक्ष, झाँसी विकास प्राधिकरण में निहित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता
झाँसी विकास प्राधिकरण, झाँसी

स्टेशन से पांच अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 92.934 किलोग्राम गांजा बरामद

- गांजा की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 46.46 लाख रुपये कीमत आंकी गई
- बेतवा एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रहे थे गिरफ्तार गांजा तस्कर

समृद्धि न्यूज, बांदा।

रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और क्राइम विंग (झांसी) की संयुक्त टीम को बड़ी कामयाबी मिली। संयुक्त टीम की अगुवाई में रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में चलाए जा रहे आपरेशन नारकोस के तहत चेकिंग के दौरान दो दंपती समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी छत्तीसगढ़ के रायपुर से बेतवा एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर करके गांजा की खेप लेकर पहुंचे थे। आरोपियों के कब्जे से आठ ट्रॉली और बैगों में रखा 92.934 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। इसकी कीमत करीब 46.46 लाख रुपये आंकी गई है। आरपीएफ थाना निरीक्षक सुरुचि द्विवेदी के नेतृत्व में टीम आपरेशन नारकोस के तहत बुधवार को रेलवे स्टेशन पर चेकिंग कर



रही थी। ट्रेन से उतरे पांच लोगों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की तो वह घबरा गए। इसके बाद उनके पास मौजूद आठ ट्रॉली बैग की तलाशी ली गई। इनमें खाकी टेप से लिपटे गांजे के 83 पैकेट मिले। तौल कराने पर गांजे का वजन 92.934 किलोग्राम निकला। पुलिस ने ललितपुर के पाली थाना क्षेत्र के निवाहो गांव निवासी आनंद नगाइच और उसकी पत्नी नेहा के अलावा जालौन जिले के उरई निवासी अतुल सोनी और उसकी पत्नी मीनाक्षी सोनी को गिरफ्तार कर लिया। पांचवीं आरोपी दुर्ग (छत्तीसगढ़) जिले के कुम्हारी क्षेत्र की रहने वाली मधु पांडेय है। अतुल सोनी का अस्थायी पता कानपुर के बर्रा क्षेत्र में बताया गया। आरपीएफ निरीक्षक के मुताबिक गिरफ्तार गांजा तस्क छत्तीसगढ़ के रायपुर से सुपर फास्ट बेतवा एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर करके गांजा की खेप लेकर जा रहे थे। तस्करों के कब्जे से आठ ट्रॉली और बैगों में रखा 92.934 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 46.46 लाख रुपये आंकी गई है। तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम में आरपीएफ थाना निरीक्षक सुरुचि द्विवेदी, कांस्टेबल सतीश कुमार यादव व तेज सिंह, क्राइम विंग के उप निरीक्षक नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल तौसीफ खान, कांस्टेबल गुरमीत सिंह, जीआरपी थाना प्रभारी हरिनाथ सिंह, उपनिरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, शामिल रहे। पांचों तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के त

बेटी की डोली उठाने से पहले उठी पिता की अर्थी

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। गंगापार में हंडिया थाना क्षेत्र के जराव गांव में बीती रात दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर दिया। जिस घर में बेटी की शादी को लेकर खुशियों का माहौल था, बरात के स्वागत के लिए टेंट लगाया गया था। दहेज व उपहार का सामान सजाकर रखा गया था, उसी घर में अचानक चीख-पुकार मच गई। धान लदे ट्रक ने 52 वर्षीय किसान रामनरेश यादव को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बेटी की डोली उठने से पहले पिता की अर्थी उठने की नौबत आ गई। इस हृदयविदारक घटना से गांव में मातम छा गया।

जराव गांव निवासी रामनरेश यादव (52) बीती रात करीब 11:30 बजे धान लदे ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक से कुचलने के कारण उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। इस घटना का सबसे मार्मिक पहलू यह है कि मृतक की बेटी पूनम यादव की शादी होनी थी। किसे पता था कि जिस पिता को अपनी बेटी का कन्यादान करना था, वह बरात आने से पहले ही दुनिया छोड़ जाएगा। घर में बिखरी शादी की तैयारियां और परिवार के सदस्यों का विलाप देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

पहले पत्नी फिर छोटा भाई, अब रामनरेश की मौत। परिवार पर दुखों का पहाड़ पहले से ही टूट चुका था। बीते 23 अक्टूबर को रामनरेश की पत्नी नगीना देवी की हृदयाघात से मौत हो गई थी। परिवार अभी इस सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि बुधवार को रामनरेश के छोटे भाई की भी बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके अगले ही दिन रामनरेश की दर्दनाक मौत ने परिवार को पूरी तरह तोड़कर रख दिया।रामनरेश यादव पेशे से किसान थे। उनके परिवार में तीन बेटियां रेखा, पूनम और कोमल तथा दो बेटे पवन और अच्छे लाल हैं। पांच बच्चों के सिर से पहले मां और अब पिता का साया उठ जाने से परिवार के सामने दुखों के साथ भविष्य की चिंता भी खड़ी हो गई है।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी लड़ाई संविधान को बचाने की है: सुशील पासी

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। देश की आयरन लेडी, पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव 'सुशील पासी' ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ' कार्यक्रम के तहत बूथ स्तर पर 'वोट रक्षक' बनाने का अभियान शुरू किया। इस अवसर पर सुशील पासी ने इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी देशवासियों को उनकी जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी लड़ाई संविधान को बचाने की है, और संविधान को बचाने की लड़ाई देश के नागरिकों के वोट को बचाने की लड़ाई है।

आज वोट पर डाका डाला जा रहा है। फर्जी वोटर जोड़े जा रहे हैं, असली वोटर के नाम काटे जा रहे हैं। अगर वोट ही नहीं बचेगा, तो लोकतंत्र कैसे बचेगा इसलिए कांग्रेस पार्टी ने ठाना है वोट बचाओ, देश बचाओ। सुशील पासी ने कहा कि देश के नागरिकों और कांग्रेस पार्टी ने मिलकर ये ठाना है कि 'वोट चोरों को सत्ता से भगाना है।' वोट की चोरी सिर्फ एक वोट की चोरी नहीं है, ये नागरिकों के हक, सम्मान और भविष्य की चोरी है। ये लड़ाई हम सब साथ मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि इंदिरा ने देश को झुकने नहीं दिया, गरीबों को हक दिया और 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया। उसी रास्ते पर चलते हुए कांग्रेस संकल्प लेती है कि उत्तरप्रदेश में 'सत्ता का परिवर्तन' भी करेंगे और लोकतंत्र को लूटने वाले लोगों के खिलाफ लड़ाई भी लड़ेंगे। उत्तरप्रदेश में जनता की सरकार बनाकर सभी को न्याय मिलेगा, आर्थिक आजादी मिलेगी, सभी को सम्मान मिलेगा। किसान को फसल का दाम, नौजवान को नौकरी, बहन-बेटियों को सुरक्षा और दलित-पिछड़े-अल्पसंख्यक को बराबरी का हक मिलेगा। इंदिरा गांधी ने जो काम किये थे आज आप सभी को वो समझना होगा जो त्याग दिया वो भी आपको पढ़ना चाहिए। बांग्लादेश का निर्माण - 1971 में पाकिस्तान से युद्ध में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई। 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने हथियार डाले और दुनिया के नक्शे पर बांग्लादेश बना। उसी दिन दुनिया ने उन्हें आयरन लेडी कहा। गरीबों के लिए काम -' 1969 में 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। बैंक सिर्फ अमीरों के लिए नहीं, गरीब, किसान और छोटे व्यापारी के लिए खोल दिए।

राजा-महाराजाओं की प्रिवी पर्स खत्म की, जमींदारी खत्म की, गरीबों को जमीन बांटी। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि हर बूथ पर वोटर लिस्ट की जांच करें, अपना और पड़ोसी का नाम देखें, और बूथ पर वोट रक्षक की जिम्मेदारी निभाएं।

50 हजार का इनामी गैंग सरगना बाबा उर्फ प्रताप गोसाईं गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। बहराइच में सर्राफा कारोबारी से लूट और छिनैती के मामले में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी गैंग सरगना बाबा उर्फ प्रताप गोसाईं को एसटीएफ की प्रयागराज फील्ड इकाई ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को 18 नवंबर को ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित कंबाइंड हॉस्पिटल परिसर के साइकिल स्टैंड से दोपहर 12:55 बजे गिरफ्तार किया गया। वह काफी समय से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लखनऊ में छिपकर रह रहा था।

एसटीएफ को फरार और इनामी अपराधियों की तलाश के दौरान बाबा उर्फ प्रताप गोसाईं के लखनऊ में मौजूद होने की सूचना मिली थी। पुलिस उपाधीक्षक शैलेश प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण और निरीक्षक जय प्रकाश राय के नेतृत्व में एसटीएफ प्रयागराज की टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए अभिसूचना संकलित कर रही थी। इसी दौरान टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी ठाकुरगंज स्थित कंबाइंड हॉस्पिटल परिसर में मौजूद है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गोंडा जिले के करनैलगंज थाना क्षेत्र के कुम्भौरा गांव का रहने वाला है। उसका एक संगठित गिरोह है, जिसका वह सरगना है। गिरोह के सदस्य मुख्य रूप से सर्राफा कारोबारियों की रेकी करते थे और मौका देखकर लूट व छिनैती की वारदात को अंजाम देते थे।

एसटीएफ के मुताबिक, इस वारदात में शामिल आरोपी के साथी बृजेश शुक्ला, शुभम तिवारी और सूरज तिवारी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं, बाबा उर्फ प्रताप गोसाईं घटना के बाद से ही गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार था। वह लखनऊ के न्यू कुमारपुरम में छिपकर रह रहा था। एसटीएफ ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद बहराइच के कैसरगंज थाने में दर्ज मुकदमे में दाखिल करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उसके खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा की जाएगी।

जिला संयुक्त चिकित्सालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, मरीजों को बेहतर इलाज के निर्देश

समृद्धि न्यूज़

महराजगंज, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने गुरुवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं और चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, आयुष्मान काउंटर, एमसीएच विंग महिला अस्पताल तथा ट्रामा सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डीएम ने ओपीडी के मेडिसिन विभाग का जायजा लिया, जहां चिकित्सकों ने 40 मरीजों को परामर्श दिया था। बाल रोग विभाग में डॉ. राकेश रमन के कक्ष में 35 मरीज मौजूद मिले। उन्होंने दवा वितरण कक्ष में दवाओं की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी की जानकारी ली। साथ ही आयुष्मान काउंटर और ओपीडी के प्रथम तल पर उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।पीआईसीयू वार्ड में 20 बच्चे तथा एसएनसीयू वार्ड में 36 नवजात भर्ती मिले। दोनों वार्डों में चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। एसएनसीयू में भर्ती दो कम वजन वाले नवजातों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने दोनों बच्चों को समुचित उपचार और विशेष देखभाल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।अस्पताल परिसर स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने ठंड के मौसम को देखते हुए उसके खुले हिस्से को तत्काल बंद कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रैन बसेरे में ठहरने वाले जरूरतमंदों और मरीजों के तीमारदारों को ठंड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।एमसीएच विंग महिला अस्पताल के लेबर रूम में आठ मरीज भर्ती मिले। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

जल जीवन मिशन ग्रामीण की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी, बोले:- लापरवाही बर्दाश्त नही

- निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिया सख्त निर्देश।

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन ग्रामीण के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को अविलंब पूरा किया जाए। लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा के दौरान कई स्थानों पर कार्यों की प्रगति धीमी एवं असंतोषजनक पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कार्यों की गुणवत्ता शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कागजों में प्रदर्शित की जा रही प्रगति धरातल पर भी दिखाई देनी चाहिए। कार्यों की वास्तविक स्थिति एवं गुणवत्ता का जायजा लेने के लिए किसी भी समय औचक स्थलीय निरीक्षण किया जा सकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जिन ग्रामों में कार्य कराया जा रहा है, उनकी अद्यतन सूची संबंधित अवर अभियंता (जेई) एवं सहायक अभियंता (एई) के पास अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे। साथ ही संबंधित ग्राम प्रधानों के संपर्क नंबर भी सुरक्षित रखे जाएं, ताकि कार्यों का समय-समय पर भौतिक सत्यापन कराया जा सके। बैठक में अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, सहायक अभियंता, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इंदिरा गांधी का बलिदान हमेशा याद रखेगा देश: पंकज



समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। भारतरत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं देश के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने बचपन में ही वानर सेना का गठन कर स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।शहर अध्यक्ष ने कहा कि रायबरेली और इंदिरा गांधी का रिश्ता बेहद आत्मीय रहा है।

दोनों एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं। इंदिरा गांधी के हृदय में रायबरेली और यहां के लोगों के प्रति हमेशा अपार स्नेह एवं सम्मान रहा।

पार्टी प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि इंदिरा गांधी ऐसी सशक्त नेता थी, जिनकी प्रशंसा राजनीतिक विरोधी भी करते थे। पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाने वाली लौह महिला के योगदान को देश सदैव याद रखेगा।इस अवसर पर विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, राजकुमार दीक्षित, आशीष द्विवेदी, मनोज मिश्रा, सूर्यकुमार बाजपेयी, आयुष द्विवेदी, संजीव शुक्ला, आलोक विक्रम यादव, सुमित्रा रावत, सर्वोत्तम मिश्रा, हाजी उस्मान, मुन्ना घोसी, सैयद अरशद अली, अखिलेश मिश्रा, राशिद अंसारी, गिरिजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

तमकुहीराज में 21 से 23 नवंबर तक आयोजित होगा तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत कृषकों को मोटे अनाज, श्रीअन्न की खेती, उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन के प्रति जागरूक करने तथा उनकी क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से जनपद में आगामी 21 से 23 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला, मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन रामलीला मैदान, तमकुहीराज में संपन्न होगा।

इस आशय की जानकारी जिला सूचना विभाग से जारी प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए बताया गया है कि कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि सभी संबंधित विभागों के अधिकारी स्वयं कार्यक्रम में प्रतिभाग करें तथा अपने-अपने विभागों के स्टॉल स्थापित कर विभागीय योजनाओं, कृषि तकनीकों एवं जन कल्याणकारी कार्यक्रमों की नवीनतम जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, गन्ना, रेशम, सहकारिता, सिंचाई, लघु सिंचाई, विद्युत, ग्राम्य विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्योग, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रहेगी। इसके साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को तकनीकी जानकारी एवं उपयोगी सुझाव दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया है कि जनप्रतिनिधियों को प्रत्येक दिवस कार्यक्रम के संबंध में पूर्व में अवगत कराते हुए आमंत्रित किया जाए तथा आयोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं समस्त विकास खंडों से प्रतिदिन 40-40 कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित कृषि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए हैं, ताकि अधिकाधिक कृषक इस आयोजन से लाभान्वित हो सकें। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इस तीन दिवसीय आयोजन के माध्यम से कृषकों को श्रीअन्न (मिलेट्स) की खेती के नवीनतम तौर-तरीकों, उन्नत कृषि तकनीक, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन की संभावनाओं से परिचित कराने के साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार,

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, मिशन शक्ति अभियान के तहत चौक पुलिस ने छह वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को खजुरिया मोड़, ग्राम दरहटा के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस के अनुसार, 19 नवंबर को पीड़ित बच्ची के मामा ने थाने में तहरीर देकर छोटेलाल चौधरी उर्फ दिलबहार पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। मामले में थाना चौक पर बीएनएस की धारा 65(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5M/6 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी छोटेलाल चौधरी (33), निवासी मधुबनी बड़का टोला, थाना चौक को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष मनीष पटेल, उपनिरीक्षक बृजभान यादव और कांस्टेबल अभय कुमार सिंह की टीम ने की।

एनएसपीएस त्रिपुला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश गौतम तथा रायबरेली कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष शिव सुंदर शुक्ला का संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा एवं प्रधानाचार्य की उपस्थिति में स्काउट एवं स्काउटिंग टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों का सामान बुके एवं कैप लगाकर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने स्पोर्ट्स कैप्टन और वाइस कैप्टन के सहयोग से मशाल प्रज्जवलित कर समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया और विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं में कबड्डी, बैडमिंटन, लंबी कूद, खो-खो कैरम, में सफल प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विजेता सुभाष हॉउस एवं उपविजेता आजाद हाउस को ट्रॉफी प्रदान की गई। सीबीएसई खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ताइक्वांडो, योग, नृत्य एवं पिरामिड प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। स्कूल कोर ग्रुप और चीयर गर्ल्स ने भी शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों को अनुशासन, लक्ष्य के प्रति समर्पण और कठिन परिस्थितियों से मुकाबला करने की सीख देते हैं। संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। ये बच्चों में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना और निरंतर प्रयास करना है। प्रधानाचार्य शर्मिला दास गुप्ता ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया।

भरण-पोषण के मामले को अब प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट सुनेंगे, हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि बीएनएसएस की धारा 144 से 147 (पूर्व में सीआरपीसी की धारा 125 से 128) के तहत भरण-पोषण मामलों की सुनवाई प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट करेंगे। अभी तक इन मामलों की सुनवाई परिवार अदालतें करती थीं।

न्यायमूर्ति हरवीर सिंह ने यह फैसला सुनाते हुए रजिस्ट्रार जनरल को आदेश दिया कि वह इसे मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष रखें और तीन महीने के भीतर परिवार अदालतों की योजना में एक या अधिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती पर विचार का अनुरोध करें।

मुकदमे से जुड़े तथ्य यह हैं कि आगरा निवासी राजेंद्र सिंह ने अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय आगरा के 27 जून 2025 के आदेश और 23 जुलाई 2025 के वसूली वारंट को चुनौती दी थी। उनकी पत्नी सफेदी ने गुजारा भत्ता देने के लिए अर्जी दी थी। परिवार न्यायालय ने 20 नवंबर 2003 को एकपक्षीय आदेश देकर पत्नी और बेटी दोनों को एक-एक हजार रुपये मासिक भरण-पोषण देने का निर्देश दिया था।

रेलवे सुरक्षा बल में कांस्टेबल याची का दावा था कि उसे मामले का नोटिस नहीं मिला और आदेश की जानकारी देर से हुई। उसने आदेश वापस लेने की अर्जी दी, लेकिन करीब 21 साल की देरी माफ करने का अनुरोध आठ अप्रैल 2025 को खारिज हो गया था। हाई कोर्ट ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 से 128 के आदेशों को सीआरपीसी की धारा 482 या बीएनएसएस की धारा 528 के तहत चुनौती नहीं दी जा सकती। इसके लिए पुनरीक्षण ही उचित उपाय है।

इंदिरा मैराथन में प्रदीप चौधरी लगातार दूसरी बार बने चैंपियन, महिला वर्ग में नीतू सिंह ने मारी बाजी

समृद्धि न्यूज़



प्रयागराज। 41वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन (42.195 किलोमीटर) में सेना के धावक प्रदीप सिंह चौधरी ने लगातार दूसरी बार पुरुष वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस की हेड कांस्टेबल नीतू सिंह रेनू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं तीसरा स्थान हरियाणा की अनु यादव को मिला है। अनु यादव 2025 के मैराथन में छठवें स्थान पर रही है। वह उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल है और मेरठ में तैनात हैं।

मैराथन का शुभारंभ बुधवार की सुबह आनंद भवन के सामने से किया गया। मंडलायुक्त लोकेश एम, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया। 42.195 किलोमीटर की इस चुनौतीपूर्ण दौड़ में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ हिस्सा लिया। इस आयोजन में धावकों की रिकॉर्ड संख्या ने प्रयागराज की खेल परंपरा और लंबी दूरी की दौड़ के प्रति खिलाड़ियों के उत्साह को प्रदर्शित किया।

मैराथन में देशभर से आए धावकों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। विजेताओं ने अपनी दमदार दौड़ और सहनशक्ति से प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता साबित की। पुरुष वर्ग में उत्तराखंड के गढ़वाल निवासी सेना में हवलदार और पुणे स्थित आर्मी स्पोर्ट्स कालेज में प्रशिक्षु प्रदीप सिंह चौधरी ने पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने अपनी पारंपरिक बढ़त और शानदार प्रदर्शन के दम पर प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया। मुंबई के राज तिवारी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि मुंबई के ही एथलीट निखिल सिंह तीसरे स्थान पर रहे। फुल मैराथन महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल नीतू सिंह चैंपियन बनी है। नीतू सिंह प्रयागराज के कर्नलगंज की रहने वाली है। बलिया की संध्या यादव दूसरे स्थान पर रहीं। संध्या यादव इसके पहले 2021 के मैराथन में शामिल हुई थी जिसमें उनको 18वां स्थान मिला था।

रोजगार मेले में 201 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन

रायबरेली। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली द्वारा जनपद इण्टर कॉलेज, हरचन्दपुर, रायबरेली के परिसर में एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 15 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 361 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के उपरान्त लगभग 201 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। शेष कुछ कम्पनियों के चयन परिणाम अभी लंबित हैं। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख, हरचन्दपुर पीयूष प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। मेले में जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ. दिनकर कुमार एवं जनपद इण्टर कॉलेज, हरचन्दपुर के प्रधानाचार्य आनन्द प्रकाश आर्य ने प्रतिभाग करने वाले अतिथियों, नियोजकों एवं अभ्यर्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

24 नवम्बर को जारी होगा शिक्षक पात्रता परीक्षा का विज्ञापन

- 23 दिसम्बर तक कर सकेंगे आवेदन

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग ने फिर उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी) कराने का निर्णय लिया है। यह परीक्षा 26 और 27 फरवरी 2027 को कराई जाएगी। यह परीक्षा प्राथमिक स्तर (कक्षा-एक से पांच) व उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा छह से आठ) के लिए है। 24 नवंबर को विज्ञापन जारी होने जा रहा है।

इसके साथ ही ओटीआर और पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अभ्यर्थी 23 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन में त्रुटि संशोधन के लिए आयोग की ओर से 27 दिसंबर तक का समय दिया जाएगा। आयोग के उप सचिव डॉ. संजय कुमार सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों की सुगमता के लिए ओटीआर व्यवस्था लागू की गई है। उसे पूर्ण करने के बाद ही अभ्यर्थी टीईटी के लिए आवेदन करें। इस निर्णय से बेसिक शिक्षा विभाग के उन शिक्षकों को भी राहत मिलने की उम्मीद है, जिनकी पदोन्नति बाधित हो रही है। यदि वे टीईटी उत्तीर्ण कर लेंगे तो पदोन्नति की राह खुल जाएगी। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने निर्देश जारी किया था कि जिन शिक्षकों ने टीईटी उत्तीर्ण नहीं की है वे पदोन्नति के लाभ से वंचित हो जाएंगे। यह भी कहा था कि कुछ सीटें सुरक्षित रखी जाएंगी, यदि शिक्षक टीईटी उत्तीर्ण कर लेंगे तो उन्हें पदोन्नति का लाभ दिया जा सकेगा। यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए भी उम्मीद की राह खोलेगी जो निकट भविष्य में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में शामिल होना चाहते हैं।

जलालाबाद में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान



कन्नौज। जलालाबाद स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सात दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। क्षेत्र में जांच के दौरान फाइलेरिया के कुछ मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अभियान की तैयारी पूरी कर ली है। इसके तहत लोगों को बचाव की दवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। डिप्टी सीएमओ डॉ. बृजेश शुक्ला ने बताया कि फाइलेरिया गंभीर बीमारी है। संक्रमित मच्छर के काटने से इसका संक्रमण फैलता है, लेकिन बीमारी के लक्षण कई वर्षों बाद दिखाई देते हैं। शुरुआत में शरीर के अंगों में हल्की सूजन होती है, जो आगे चलकर हाथीपांव का रूप ले सकती है। उन्होंने बताया कि समय पर दवा का सेवन कर बीमारी से बचाव संभव है। दवा खाने के बाद हल्का सिरदर्द, बुखार या जी मिचलाना सामान्य प्रतिक्रिया है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और स्वास्थ्य विभाग की टीमों का सहयोग करने की अपील की गई।

ई-रिक्शा टिपर चालकों एवं सफाई टीम को दिया गया प्रशिक्षण



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर पालिका परिषद के सभागार में जिला पर्यावरण विभाग एवं नगर पालिका के संयुक्त तत्वाधान में *ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, 2026* के अन्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सरफा हसन एवं शिवम कुमार ने प्रशिक्षण में बताया गया कि कूड़े को घर से स्रोत पर ही पृथक्कीकरण करना है। गीला कूड़ा हरे डिब्बे में, सूखा कूड़ा नीले डिब्बे में तथा हानिकारक कूड़ा अलग रखा जाये। गीले कूड़े से खाद बनेगी और सूखे कूड़े की रिसाइक्लिंग होगी। किसी भी दशा में कूड़ा नाली, सड़क या खाली प्लॉट में न फेंका जाये।


कार्यक्रम में सभी चालकों को निर्देशित किया गया कि वे घर-घर जाकर कूड़ा संग्रह करते समय नागरिकों को भी कूड़ा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित करें तथा निर्धारित रूट एवं समय का पालन करें। इस दौरान रविराज कौशल अवर अभियान अभियंता, अनस अहमद खान राजस्व निरीक्षक, अमरदीप सफाई प्रभारी, प्रवेश कुमार एवं समस्त सफाई नायकआदि मौजूद रहे।

धूमधाम से निकली राम बारात, जीवंत झांकियों ने मोहा मन



छिबरामऊ, कन्नौज। सिकंदरपुर, नगर में चल रहे रामलीला महोत्सव के अंतर्गत बुधवार रात भव्य राम बारात निकाली गई। आकर्षक और जीवंत झांकियों के साथ निकली बारात में हजारों श्रद्धालु डीजे और बैंड-बाजों की धुन पर नाचते-गाते शामिल हुए। पूरा नगर भक्तिमय माहौल में राममय नजर आया। पूर्व चेयरमैन रजनीकांत दुबे ने भगवान गणेश एवं राम-लक्ष्मण की आरती कर भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज के मैदान से राम बारात का शुभारंभ किया। बारात में नाग-नागिन, राधा-कृष्ण, भगवान शंकर की टोली, भारत माता, बाहुबली हनुमान, मां काली, अर्धनारीश्वर, साईं बाबा, राम-लक्ष्मण, भरत-शत्रुघ्न और दुर्गा मां समेत कई आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। भगवान शंकर का पूजन संजीव शुक्ला जनसेवक एवं जिला पंचायत सदस्य प्रमोद राजपूत ने किया। इस मौके पर रामलीला समिति अध्यक्ष विवेक चौबे, ददुआ शुक्ला, सत्येंद्र यादव, बसंत शुक्ला, अनुराग शुक्ला, आनंद राठौर, आकाश शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।

रामलीला में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, श्रद्धालुओं ने उतारी आरती



छिबरामऊ, कन्नौज। चौबे नगला खानपुर कसावा में चल रही श्रीरामलीला में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन देखने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु उमड़े। पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। लीला के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर व्यापार मंडल और समाजसेवियों ने मंच पर पहुंचकर भगवान श्रीराम की आरती उतारी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, प्रदीप गुप्ता, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला, शशी तिवारी, समाजसेवी पुनीत दुबे और रामलीला कमेटी संयोजक अश्वनी पाठक सहित कई गणमान्य लोगों ने आरती में भाग लिया। रामलीला में बाणासुर वध तक की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों के जीवंत अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने देर रात तक लीला का आनंद लिया। कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि रामलीला का उद्देश्य नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों, संस्कारों और मर्यादा से जोड़ना है। समापन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

देशभक्ति, श्रृंगार और हास्य की त्रिवेणी में देर रात तक झूमते रहे श्रोता

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। प्रभात उजास न्यास के तत्वावधान में स्वर्गीय राजकिशोर द्विवेदी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में साहित्य, संस्कृति और संवेदनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। देश के विभिन्न कोनों से पधारे प्रख्यात कवियों और गीतकारों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा।

काव्य संध्या में मुंबई से आए सुप्रसिद्ध गीतकार चंदन राय ने युवाओं की भावनाओं को छूते हुए जब पढ़ा— पढ़ाई तुम बनारस या इलाहाबाद में करना, कभी बर्बाद मत खुद को किसी की याद में करना... तो सभागार वाह-वाह और तालियों से गूंज उठा। वहीं, हास्य और व्यंग्य का तड़का लगाते हुए प्रख्यात कवि डॉ. पॉपुलर मेरठी ने अपने चिर-परिचित अंदाज में सुनाया— रतदबीर का खोटा है, मुकद्दर से लड़ा है, दुनिया उसे कहती है कि चालाक बड़ा है...। उनकी इस रचना पर श्रोता लोटपोट हो गए। श्रृंगार और विरह की कोमल भावनाओं को स्वर देते हुए कन्नौज से आए कवि आदित्य मिश्रा ने पढ़ा— करवटों-करवटों में सवेरा हुआ, रात भर याद तेरी सताती रही...। बिहार के गया से पधारीं कवयित्री अल्पना आनंद ने अपनी मधुर आवाज में गीत पढ़ा— बतला रही है मन के सभी हाल ओढ़नी, रखी रही है यूं ही कई साल ओढ़नी...। सभागार में देशभक्ति का ज्वार तब उमड़ पड़ा जब इटावा से आए ओज के कवि गौरव चौहान ने राष्ट्रप्रेम का संदेश देते हुए पढ़ा—देश ही मर्म है, मर्म ही देश है, देश ही कर्म है, कर्म ही देश है...। इसके बाद फर्रुखाबाद से आए कवि वैभव सोमवंशी ने शहीदों की शहादत को नमन करते हुए पंक्तियां पढ़ीं— धरा रो रही है, गगन रो रहा है, शहीदों के तन का कफन रो रहा है... तो सभागार में मौजूद हर व्यक्ति राष्ट्रप्रेम की भावना से भर गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे उत्कर्ष अग्निहोत्री ने न केवल मंच को बखूबी साधे रखा, बल्कि बीच-बीच में अपनी चुटीली टिप्पणियों और शानदार रचनाओं से भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुशांत श्री ने अपने देश प्रेम के गीतों से शमा बांधा। कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए आयोजक इंदिरा दुबे ने कहा, रप्रभात उजास न्यास का मुख्य उद्देश्य समाज में साहित्यिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के प्रति चेतना जगाना है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसे कवि सम्मेलन न केवल स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी भाषा और संस्कारों से जोड़ने का काम भी करते हैं। श्रोताओं के अपार स्नेह ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया है। कार्यक्रम के समन्वयक शशिकांत शुक्ला ने सभी अतिथियों और कवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, रदेश के नामचीन कवियों को एक मंच पर लाना और शहर के साहित्य प्रेमियों को एक यादगार शाम देना हमारा संकल्प था। इस वर्ष डॉ. प्रकाश चंद्र त्रिपाठी को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया

इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद रामबक्श सिंह, विपिन दीक्षित, हिमांशु वर्मा, ओम प्रकाश शुक्ल, ज्ञानेश दुबे, राजेश दुबे, सत्यप्रकाश शाक्य, कमल यादव, प्रवीण पाठक, राम महेश पाल, कृष्ण गोपाल सहित शहर के तमाम गणमान्य नागरिक, साहित्य प्रेमी और बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

वैशाखी का सहारा लेना बंद करे कांग्रेसः विनोद दुबे

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव, वरिष्ठ एवं कद्दावर कांग्रेस नेता विनोद दुबे ने पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कार्यालय में में हुई पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक में कहा जब से कांग्रेस ने बैसाखी का सहारा लेना शुरू किया तब से इस का पतन होता चला गया और क्षेत्रीय पार्टियों को बल मिलता गया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा आज कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी होते हुए भी लाचार और बेचारी पार्टी बन गई है।

उन्होंने कहा आज सत्तारूढ़ पार्टी चुनाव में जनता से किए गए वायदे भूलकर केवल कांग्रेस को गालियां देने से नहीं चूक रही है। इस पार्टी के अधिकांश कार्यकर्ता केवल दलाली का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा पूरे विश्व के पटल पर कांग्रेस ने जो ख्याति पैदा की उसको ना तो कभी भुलाया जा सकता है और ना ही नकारा जा सकता है। कांग्रेस ने सत्ता में रहने के दौरान देशवासियों की माली हालत देखते हुए पूरे देश का सारा कर्ज माफ कर दिया था। कांग्रेस ही देश की गरीबी एवं बेरोजगारी को समूल नष्ट कर देने में सक्षम है। उन्होंने कहा आज युवा बेरोजगार दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। महंगाई अपने सारे रिकॉर्ड को तोड़ कर बढ़ती चली जा रही है, जबकि सत्तारूढ़ सरकार केवल कांग्रेस को गालियां देने में लगी है। उन्होंने स्पष्ट कहा अब वक्त आ चुका है कांग्रेस को वैशाखी छोड़कर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर अकेले दम पर चुनाव लड़ना चाहिए।

इस दौरान देवकीनंदन दुबे मुन्ना, अजय दुबे, रामेंद्र सिंह, आसाराम यादव, अनिल शुक्ला व शिवम मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

ट्रक की टक्कर से किसान की मौत, गेहूं बेचकर घर लौट रहा था

छिबरामऊ, कन्नौज। गेहूं बेचकर घर लौट रहे किसान की ट्रक की टक्कर लगने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के मिघौली गांव के मजरा मटेहना के पास हुआ। गांव के किनारे नरसिंहदास बाबा के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने किसान को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी जान चली गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के मटेहना गांव निवासी दीवान सिंह (60) पुत्र छोटेलाल गुरुवार को गेहूं बेचने के लिए मिघौली गांव गए थे। गेहूं बेचने के बाद वह घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव के किनारे नरसिंहदास बाबा के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जब तक उन्हें इलाज के लिए ले जाया जाता तब तक उनकी मौत हो गई।

नेहा त्रिपाठी बनीं भाजपा महिला मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

- मंत्री असीम अरुण के सहयोग से मिली नई जिम्मेदारी।
- जिले के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जताया आभार।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष नेहा त्रिपाठी को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा सरोज कुशवाहा और क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा मोना शुक्ला के नेतृत्व में उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति में समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री एवं कन्नौज सदर विधायक असीम अरुण का विशेष सहयोग रहा।

नेहा त्रिपाठी को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कन्नौज जिले के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। रजनी पाल, विनीता चतुर्वेदी, अर्चना दुबे, अर्चना गुप्ता, रेखा दोहरे, मुकेश दुबे, ओमजी, प्रदीप दुबे और अजय दुबे सहित अन्य लोगों ने पार्टी नेतृत्व एवं मंत्री असीम अरुण का आभार जताया। साथ ही विश्वास जताया कि नेहा त्रिपाठी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए महिला मोर्चा को संगठनात्मक रूप से और मजबूत करेंगी।

कौशल जी महाराज बने महामंडलेश्वर, अब श्री श्री 1008 कौशलानंद गिरि के नाम से होगी पहचान

- मानीमऊ के ऋषिनगर स्थित आनंदेश्वर धाम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ पट्टाभिषेक।
- जूना अखाड़ा नंबर-1 ने सौंपी धार्मिक जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। सनातन परंपरा में एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक आयोजन के तहत मानीमऊ के ऋषिनगर स्थित आनंदेश्वर धाम के पीठाधीश्वर कौशल जी महाराज को महामंडलेश्वर की पदवी प्रदान की गई। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ हुए पट्टाभिषेक के बाद अब वह श्री श्री 1008 कौशलानंद गिरि महाराज के नाम से जाने जाएंगे।

कार्यक्रम में जूना अखाड़ा नंबर-1 के अध्यक्ष श्री श्री 1008 आदित्यानंद गिरि गोल्डन महाराज अपने पुत्र मनोजानंद गोल्डन गिरि दास महाराज और बड़ी संख्या में साधु-संतों के साथ पहुंचे। श्रद्धालुओं ने संतों का स्वागत किया। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुआ। मंत्रोच्चार के बीच कौशल जी महाराज को जल, दुग्ध और दधि सहित विभिन्न पवित्र द्रव्यों से स्नान कराया गया। इसके बाद पुष्पवर्षा कर उनका पट्टाभिषेक किया गया। जूना अखाड़ा अध्यक्ष आदित्यानंद गिरि गोल्डन महाराज ने कहा कि महामंडलेश्वर की पदवी सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। कौशलानंद गिरि महाराज को सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करने के साथ समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना मजबूत करने का दायित्व निभाना होगा।

आयोजन में रमेश शुक्ला, प्रभात त्रिपाठी, अरुण त्रिवेदी, धीरज तिवारी, बलराम सिंह, सोनू सिंह, विजय द्विवेदी समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

सम्मानित किए गए प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। जेडी जनता इंटर कॉलेज के सभागार में प्रभात उजास न्यास द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में इस वर्ष भी कक्षा 10 से परास्नातक स्तर तक के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

न्यास के समन्वयक शशिकांत शुक्ला ने बताया कि संस्था प्रतिवर्ष सरकारी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित करती है। इस वर्ष सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में नेहरू कॉलेज के बीएससी गणित की रुचिता पाल (पुत्री राकेश कुमार पाल), बीएससी बायो की कोमल सविता (पुत्री शिनोत कुमार), बीए की अवनी चौहान (पुत्री नवीन कुमार) तथा एमएससी रसायन विज्ञान की आयुषी चौरसिया (पुत्री राजन कुमार) शामिल रहीं। वहीं, हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के तैसीम (पुत्र जहांगीर) और कक्षा 10 की आनंदी शर्मा (पुत्री संजीव कुमार) को भी अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

देश के प्रख्यात कवियों पापुलर मेरठी, आदित्य मिश्रा, गौरव चौहान, चंदन राय, अल्पना आनन्द, वैभव सोमवंशी, आयोजक इंदिरा दुबे, समन्वयक शशिकान्त शुक्ला, संयोजक उत्कर्ष अग्निहोत्री, पूर्व सांसद रामबक्श सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्राची गुप्ता, प्रदीप प्रधान, अमरेंद्र बाजपाई ने प्रतीक चिन्ह प्रदान करके मेधावियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की आयोजक एवं जेडी जनता इंटर कॉलेज की प्रबंधक इंदिरा दुबे ने कहा न्यास की यह पहल विद्यार्थियों की मेधा का सम्मान करने और उन्हें भविष्य में बेहतर उपलब्धियों के लिए प्रेरित करने का प्रयास है।

वोट बचेगा तो संविधान बचेगा, पूर्व विधायक ने छूटे हुए मतदाताओं से नाम जुड़वाने की अपील की

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज कन्नौज । 196 विधानसभा छिबरामऊ के पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने सभी पीडीए प्रहरियों एवं आम जन से अपील की है कि जिनका भी वोट 17 नवंबर को आई चुनाव आयोग की प्रारूप सूची में नहीं है, वे इन तारीखों पर अपना वोट जुड़वां लें, उन्होंने कहा कि वोट बचेगा तो संविधान बचेगा और इसलिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में होना अत्यंत आवश्यक है, पूर्व विधायक ने बताया कि वोट जुड़वाने के लिए 21 नवंबर 2026 शनिवार, 22 नवंबर 2026 रविवार, 28 नवंबर 2026 शनिवार एवं 29 नवंबर 2026 रविवार की तारीखें निर्धारित की गई हैं, इन तारीखों पर छूटे हुए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने दल से संबंधित बयान देते हुए कहा कि पीडीए ही इस समय जनता की सबसे बड़ी ताकत है, पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक समाज के साथ-साथ हर वर्ग के गरीब और किसान की आवाज आज पीडीए के साथ खड़ी है, दल ने हमेशा संविधान, सामाजिक न्याय और भाईचारे को बचाने का कार्य किया है और छिबरामऊ में भी पीडीए के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि दल के हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय रहना है, क्योंकि बूथ जीतेगा तो ही चुनाव जीता जाएगा।

पूर्व विधायक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ही प्रदेश के आने वाले मुख्यमंत्री हैं, उनके नेतृत्व में प्रदेश में विकास, रोजगार, शिक्षा और सम्मान की राजनीति को नई दिशा मिली है, युवाओं को उनमें अपना भविष्य दिखाई दे रहा है और किसानों, महिलाओं और नौजवानों की उम्मीदें उन्हीं से जुड़ी हुई हैं, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में ही प्रदेश में पीडीए सरकार बनेगी और संविधान की रक्षा होगी, इसलिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर उनके हाथ मजबूत करें।

विकसित भारत यंग लीडर्स कार्यक्रम में कीर्ति ने मारी बाजी, साक्षी दूसरे स्थान पर

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। विकसित भारत यंग लीडर्स कार्यक्रम के अंतर्गत चैलेंज ट्रैक 2026-27 की पीपीटी आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में किया गया। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से आयोजित प्रतियोगिता की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने की।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने निर्धारित विषयों पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से अपने विचार, सुझाव और नवाचारी दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किया। इसमें कीर्ति ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय और नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंशिका चौथे, देवव्रत पांचवें तथा नित्य ने छठा स्थान हासिल किया।

निर्णायक मंडल में जीजीडीसी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नेहा मिश्रा तथा पीएसएम पीजी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पंकज राय और डॉ. रमेश सिंह शामिल रहे।

इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंशिता श्रीवास्तव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आकाश सिंह व सौरभ यादव, जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी और वरिष्ठ सहायक महेंद्र सिंह चंदेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को विकसित भारत के निर्माण में अपनी सोच और रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत करने का अवसर मिला।

पूर्व सैनिकों की 13 शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश



समृद्धि न्यूज

कन्नौज। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रतन की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक हुई। इसमें पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके निस्तारण की समीक्षा की गई।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल रोहित भटारा ने पिछली बैठक के प्रकरणों की प्रगति बताई। साथ ही वर्तमान बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित आठ, पुलिस विभाग के चार और शस्त्र संबंधी एक प्रार्थना पत्र प्राप्त होने की जानकारी दी। एडीएम ने शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश की सेवा करने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान और उनकी समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। अधिकारी आपसी समन्वय से शिकायतों का निस्तारण करें, ताकि पूर्व सैनिकों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। बैठक में सीओ लाइन, शिवम राजपूत, जिला सूचना अधिकारी सहित 27 पूर्व सैनिक और कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

रात 12 बजे सीएमओ ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण



समृद्धि न्यूज

कन्नौज। स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए सीएमओ डॉ. विकास चंद्रा और एसीएमओ डॉ. केपी त्रिपाठी ने देर रात करीब 12 बजे हसेरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। अचानक अधिकारियों के पहुंचने से अस्पताल में हलचल मच गई।

निरीक्षण के दौरान सभी स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी पर मौजूद मिले। सीएमओ ने अस्पताल में भर्ती एक महिला मरीज से बातचीत कर इलाज और मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण में कुछ छोटी-मोटी कमियां मिलने पर उन्हें जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए।

सीएमओ डॉ. विकास चंद्रा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पूरा स्टाफ मौजूद मिला। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए दिन और रात लगातार औचक निरीक्षण किए जाएंगे। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी, जबकि बेहतर काम करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

मिट्टी की सेहत बचाने को 605 किसानों को किया जागरूक

- सघन खेत बचाओ अभियान में प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर।
- प्रमाणित बीजों पर मिल रहा 50 फीसदी अनुदान।



समृद्धि न्यूज

कन्नौज। रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित हो रही है। इससे बचाव के लिए गुरुवार को उमर्दा के बेलामऊ सरैया और तालग्राम के तेरारब्बू गांव में सघन खेत बचाओ अभियान के तहत किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें करीब 605 किसानों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य एवं दर्जा प्राप्त मंत्री कुलजीत सिंह ने कहा कि खेती की लागत घटाने और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए प्राकृतिक एवं संतुलित खेती जरूरी है। गेहूं, जौ और बाजरा के प्रमाणित बीजों पर शासन 50 प्रतिशत अनुदान दे रहा है। किसान इसका लाभ उठाएं।

उन्होंने पराली नहीं जलाने की अपील करते हुए फसल अवशेषों को डी-कम्पोजर से सड़ाकर खेत में मिलाने की सलाह दी। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने मृदा परीक्षण के आधार पर खाद डालने और नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक इस्तेमाल पर जोर दिया। जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता ने उन्नत बीजों और अनुदान की जानकारी दी।





72 घंटे में बदलें फुंके ट्रांसफार्मर, सड़कों से हटाएं अतिक्रमण: सांसद

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

दिशा की बैठक में सांसद ने विकास कार्यों की समीक्षा

सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। जनपद में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति तथा आमजनमानस को मिल रहे लाभों की जानकारी प्राप्त की गई। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया। जिला जनगणना प्रभारी पारखी भार्गव ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत संचालित स्वगणना प्रक्रिया की जानकारी दी। सांसद ने सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं जिला पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के निर्माण एवं चौड़ीकरण के दौरान अवैध अतिक्रमण को नियमानुसार हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि टीम गठित कर अल्लाहनगर से बढ़पुर के मध्य स्थित सड़क पर फैले अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। सार्वजनिक मार्गों पर पशु बांधने वालों पर कार्रवाई करने तथा सभी गौशालाओं में बाउंड्रीवाल, ईयर टैगिंग और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जे हटाने, खाद-बीज वितरण की पारदर्शी रिपोर्ट देने और पात्र श्रमिकों का पंजीकरण कर योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को 72 घंटे के भीतर बदलकर उनके स्थान पर क्रियाशील ट्रांसफार्मर स्थापित कराए जाएं। संबंधित ठेकेदारों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया जाए तथा निर्देशों की अवहेलना करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार ने विभागीय योजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने वीबी-जी राम जी, सड़क निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, विद्युत आपूर्ति, श्रम विभाग, स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति से सांसद एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश चंद्र उपस्थित रहे।



बैठक लेते सांसद मौजूद अन्य

अवैध शराब की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग ने किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आबकारी आयुक्त के आदेश एवं जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में अवैध मदिरा की रोकथाम हेतु प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह एवं क्षेत्र-3 की निरीक्षक रीता वर्मा ने टीम के साथ जिले की विभिन्न देशी, विदेशी, बीयर थोक व फुटकर दुकानों तथा कंपोजिट दुकानों ठंडी सड़क, महरूपुर बीजल, जहानगंज, चौसपुर आदि का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान, पीओएस मशीन से बिक्री, सीसीटीवी कैमरों और देशी शराब की कैंटीन की गहनता से जांच की गई। अधिकारियों ने स्टॉक का मिलान अभिलेखों से करते हुए सभी अनुज्ञापियों को रिकॉर्ड अद्यतन रखने, शासन के नियमों का पालन करने और अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।


जांच पड़ताल करती आबकारी टीम

स.वि.म.इं. कॉलेज का विद्या भारती टीम ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्यामनगर में विद्या भारती की योजना के अनुसार होने वाले वार्षिक निरीक्षण का कार्यक्रम पिछले दो दिनों से निरंतर चल रहा है। द्वितीय दिवस में वंदना सभा के दौरान अखिलेश तिवारी प्रधानाचार्य सरस्वती बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज राठ हमीरपुर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं पुष्प समर्पित करते हुए वंदना सभा का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई उपस्थित रहे। निरीक्षण टोली के प्रत्येक बंधुओ ने शेष कक्षाओं का निरीक्षण संपन्न किया। विद्यालय अवकाश के उपरांत निरीक्षकों के द्वारा सभी आचार्य एवं आचार्य बहनों के साथ एक अनिवार्य बैठक का आयोजन भी किया गया।


कार्यक्रम का शुभारम्भ के दौरान मौजूद लोग

जिसमें एक स्वस्थ वातावरण में निरीक्षक ने दो दिन तक निरंतर किए गए निरीक्षण से संबंधित बिंदुओं को रखते हुए आवश्यक सुझाव भी दिया। छात्र-छात्राओं के द्वारा एक योग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया एवं सामूहिक योग एवं शारीरिक क्रियाएं प्रदर्शित की गई। संचालन आचार्य मनीष, विवेक की देखरेख में किया गया। प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के प्रथम सहायक चंदन लाल मिश्र एवं जितेंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत समारोह आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार 20 नवंबर को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से शहर के क्रिश्चियन इंटर कॉलेज मैदान में संपन्न होगा। समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कैबिनेट मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर नवदंपतियों को आशीर्वाद देंगे। वहीं, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद मुकेश राजपूत उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा समारोह अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ और जिला समाज कल्याण अधिकारी शालिनी की ओर से जनपदवासियों से इस शुभ अवसर पर पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद देने की अपील की गई है।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, युवक घायल

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू की

थाना क्षेत्र में नेहरू कॉलेज के पास गुरुवार को तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक 65 वर्षीय बुजुर्ग और बाइक पर सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर ही बाइक छोड़कर फरार हो गया।

सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया, जहाँ से हालत नाजुक होने पर बुर्जुग को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


अस्पताल में भर्ती घायल

जानकारी के अनुसार ग्राम बघौना निवासी रामचंद्र सक्सेना (65) पुत्र रामस्वरूप गुरुवार को नेहरू कॉलेज के पास एक दुकान से निकलकर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान फर्रुखाबाद की ओर से आ रही एक अनियंत्रित एवं तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुजुर्ग सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। वहीं, इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठा ग्राम रायपुर निवासी कृष्ण कुमार (16) पुत्र सुनील भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया गया है कि कृष्ण ने नवाबगंज की तरफ आ रहे बाइक चालक से रास्ते में लिफ्ट ली थी, तभी नेहरू कॉलेज के पास यह दुर्घटना हो गई। हादसे के तुरंत बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, जिसका फायदा उठाकर बाइक चालक अपना वाहन वहीं छोड़कर भाग निकला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पीआरवी 112 पुलिस और एंबुलेंस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पहुंचाया।

वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। लोहिया अस्पताल में गंभीर रुप से घायल बुजुर्ग की मौत हो गयी।

जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। दरोगा गीतम सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

थाना जहानगंज पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में विवेचना के दौरान सामने आए एक आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 12 नवंबर को पीआरवी 9245 के माध्यम से ग्राम सरवर आलमपुर में शौचालय/खंडहर के पास एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान दीपक पुत्र स्वर्गीय नन्दराम निवासी ग्राम नगला चाहर, थाना जहानगंज के रूप में की। मृतक के भाई जबर सिंह की तहरीर पर धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत सुभाष चन्द्र कुशवाहा व अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी सुभाष को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आए अभियुक्त कमलेश उर्फ भूरे पुत्र स्वर्गीय जितेन्द्र उर्फ पप्पू निवासी ग्राम सरवर आलमपुर थाना जहानगंज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि 11 नवंबर की रात को उसके ताऊ सुभाष ने उसे घर बुलाकर मृतक दीपक के उनकी पुत्री के साथ घर में मौजूद होने की जानकारी दी थी। घर पहुंचने पर दीपक और ताऊ की पुत्री वहां मिले। आरोपी के अनुसार ताऊ द्वारा रस्सी से दीपक का गला कसने में उसने भी सहयोग किया और दोनों ने मिलकर रस्सी से गला कसकर दीपक की हत्या कर दी। बीच-बचाव का प्रयास करने पर ताऊ की पुत्री के साथ भी मारपीट की गई और हत्या के बाद शव को गांव के बाहर एक कच्चे मकान के खंडहर में छिपा दिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से मृतक दीपक के पहचान पत्र व श्रम कार्ड की मूल प्रति बरामद की गई है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन पाल, उ0नि0 बृजेश यादव, हे0का0 जितेन्द्र कुमार और हे0का0 मुकेश बाबू शामिल रहे।


पुलिस हिरासत में हत्यारोपी

खनन अधिकारी ने मिट्टी का खनन करते ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

पुलिस की मिली भगत से हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

थाना क्षेत्र के गांवों में मिट्टी के अवैध खनन का कारोबार जमकर चल रहा है। पुलिस की मिली भगत से खनन माफिया विभिन्न गांवों में जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन कर ट्रैक्टर ट्रालियों में मिट्टी भरकर 700 से 800 तक में बेंचकर गंतव्य स्थानों पर पहुंचा रहे हैं। सुबह होते ही ट्रैक्टर ट्रालियों में मिट्टी भरकर चालक सड़को पर फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं। नवाबगंज क्षेत्र में लगातार हो रहे मिट्टी के अवैध खनन के कारोवार पर अंकुश लगाने को लेकर लोगों द्वारा उच्चाधिकारियों से लगातार शिकायतें की जा रही है। लगातार हो रही शिकायतों को लेकर गुरुवार दोपहर बाद जिला खनन अधिकारी विनीत कुमार वर्मा नवाबगंज पहुंचे।

उन्होंने गांव त्योरी के निकट सड़क पर ट्राली में मिट्टी भरे ट्रैक्टर को देख रोकने का इशारा किया। तो चालक ने ट्रैक्टर को दौड़ा लिया। उसी दौरान चालक ने ट्राली में भरी मिट्टी को सड़क पर ही पलट दिया। खनन अधिकारी ने पीछा कर ट्रैक्टर को कुछ दूरी पर रुकबा लिया। खनन अधिकारी ने मिट्टी के खनन से संबंधित कागजात मांगे। कमियां मिलने पर खनन अधिकारी ट्रैक्टर ट्राली को थाने ले आए। और ट्रेक्टर ट्राली को थाने पर खड़ा करा दिया। खनन अधिकारी विनीत कुमार वर्मा ने बताया कि अभिलेखों में कमियां मिली है। जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


पकड़ी गयी ट्रैक्टर ट्राली

बिना बताए घर से गई विवाहिता, नही लगा सुराग

पति ने दी गुमशुदगी की तहरीर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की पत्नी दोपहर के समय बिना बताए घर से कहीं चली गई। घटना के समय युवक किसी काम से बाहर गया हुआ था। घर लौटने पर पत्नी के न मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। युवक और उसके परिजनों ने रिश्तेदारों व आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन विवाहिता का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। थक-हारकर गुरुवार को पीड़ित युवक थाने पहुंचा और पुलिस को पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर सौंपी। मामले को लेकर थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और गुमशुदा महिला की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दहेज की मांग पूरी न होने पर नवविवाहिता की हत्या

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

थाना कादरीगेट क्षेत्र के अंतर्गत दहेज की मांग पूरी न होने पर एक नवविवाहिता की हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का मामला सामने आया है। मृतका की बहन ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के मोहल्ला मोहन बगिया निवासी रामप्रकाश की पुत्री दुर्गा देवी वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बहन शिवानी की शादी 12 फरवरी को कादरीगेट बगिया निवासी गौरी शंकर पांडे के पुत्र अंकित पांडे के साथ हिंदू रीति-रिवाज व सामर्थ्य के अनुसार की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही शिवानी के पति अंकित, सास, ससुर और बहनोई ऋषभ कम दहेज मिलने का ताना देकर उसे प्रताड़ित करने लगे। ससुराल पक्ष के लोग मायके से अतिरिक्त दहेज के रूप में दो लाख रुपये लाने की मांग कर रहे थे। शिवानी द्वारा शिकायत करने पर मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों को काफी समझाया, लेकिन वे दो लाख रुपये की मांग पर अड़े रहे। मांग पूरी न होने पर शिवानी को साथ न रखने, जान से मारने तथा दूसरी शादी करने की धमकी दी जाती थी। पीड़िता के अनुसार 18 नवंबर को दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर शिवानी की गला घोंटकर हत्या कर दी और घटना को आत्महत्या का रूप देने के उद्देश्य से शव को फंदे से लटका दिया। बताया जा रहा है कि शिवानी ने कोर्ट मैरिज की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में थाना कादरीगेट प्रभारी निरीक्षक आमिर कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर जांच कर मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।


मृतका का फाइल फोटो

द्वारचार के दौरान हाथ में फटी आतिशबाजी, बराती झुलसा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गांव बराबिकू में बुधवार रात शादी समारोह के दौरान आतिशबाजी चलाने के दौरान हुए हादसे में एक बराती गंभीर रूप से झुलस गया। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। जानकारी के अनुसार कासगंज जिले के पटियाली थाना क्षेत्र स्थित गांव दरियावगंज निवासी प्रकाश के पुत्र दिनेश की बरात बुधवार को कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बराबिक्कू निवासी गेंदनलाल जाटव के यहां आई थी। बरात पहुंचने के बाद द्वारचार की रस्म चल रही थी और लोग नाच-गाने के साथ आतिशबाजी कर रहे थे। इसी दौरान दूल्हे के गांव का रहने वाला अनूप पुत्र राजेश जलती हुई 12 राउंड आतिशबाजी को हाथ में पकड़कर चलाने का प्रयास करने लगा। अचानक आतिशबाजी उसके हाथ में ही फट गई। तेज धमाके से अनूप का पेट व कमर से नीचे का हिस्सा झुलस गया तथा पेट में भी चोटें आईं। दूल्हे के चचेरे भाई नितिन ने बताया कि द्वारचार के समय हाथ में पकड़कर आतिशबाजी चलाने के दौरान यह हादसा हुआ।


अस्पताल में मौजूद परिजन

बदमाशों ने घर के बाहर बंधी भैंस की चोरी

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के रायपुर खास गांव में बुधवार देर रात बदमाशों ने घर के बाहर बंधी दुधारू भैंस चोरी कर ली। परिवार के लोगों ने जागकर विरोध करने और बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने गोली मारने की धमकी दी और पिकअप में भैंस लादकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार के अनुसार चोरी गई भैंस की कीमत एक लाख रुपये से अधिक है।

जानकारी के मुताबिक गांव निवासी खुशी राम पुत्र दयाराम ने अपनी भैंस घर के बाहर बांध रखी थी। बुधवार रात करीब एक बजे उनकी पत्नी कन्या देवी भैंस के पास लेटी थीं। इसी दौरान उनकी आंख खुली तो भैंस गायब दिखी। उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद परिवार के अन्य सदस्य जाग गए और बाहर सड़क की ओर दौड़े। परिजनों ने देखा कि अज्ञात बदमाश सड़क किनारे खड़ी पिकअप में भैंस लाद रहे हैं। जब परिवार के लोग बदमाशों को पकड़ने के लिए आगे बढ़े, तो बदमाशों ने गोली मारने की धमकी दी। धमकी से सहमे परिजन उनके पास नहीं जा सके और बदमाश भैंस लेकर मौके से भाग निकले। घटनास्थल पर एक बदमाश की चप्पल छूट गई। पीड़ित खुशी राम ने आरोप लगाया कि घटना के समय वहां से डायल 112 पुलिस की जीप गुजरी थी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते बदमाशों का पीछा करती, तो भैंस बरामद हो सकती थी और बदमाश पकड़े जा सकते थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। खुशी राम ने बताया कि चोरी गई भैंस दुधारू थी और उसकी कीमत एक लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और बदमाशों की तलाश के लिए प्रयास जारी हैं। वहीं, वारदात के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है और ग्रामीण रात में सुरक्षा व गश्त को लेकर चिंतित हैं।


जानकारी देती पीड़िता

बुजुर्ग महिला की हत्या के चार दिन बाद भी सुराग नहीं

परिजनों ने खुलासे की मांग
मौके से कुंडल, नाक का फूल और पैरों की तोड़ियां गायब थीं

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

थाना क्षेत्र के गांव भगौरा में खेत में बुजुर्ग महिला का शव मिलने के मामले में चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

पुलिस अभी तक हत्याकांड से जुड़े किसी ठोस सुराग तक नहीं पहुंच सकी है। मृतका के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी, वहीं परिजन घटना का जल्द खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। गांव भगौरा निवासी नन्हे लाल पुत्र रामविलास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 16 नवंबर को दोपहर के समय उनकी मां राममूर्ति करीब 65 वर्ष खेत से लकड़ियां लेने गई थीं। इसके बाद वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेत में घूरा डालने जा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे खेत में उनकी मां राममूर्ति संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में पड़ी मिलीं। नन्हे लाल के अनुसार मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि मां के गले में कपड़े का अंगोछा लिपटा हुआ था और ठोड़ी के नीचे किसी नुकीले धारदार हथियार का निशान भी था।

मौके से उनके कान के कुंडल, नाक का फूल और पैरों की तोड़ियां गायब थीं। बेटे ने आशंका जताई थी कि अज्ञात हमलावर ने हत्या के बाद आभूषण लूट लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी थी। हालांकि, चार दिन बाद भी पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। पुलिस टीम घटना की गुत्थी सुलझाने में जुटी है, जबकि परिजन जल्द खुलासा होने की आस लगाए हुए हैं।

16 वर्षीय छात्र का 55 घंटे बाद भी सुराग नहीं

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव नगला गुलरिया निवासी एक 16 वर्षीय किशोर विद्यालय जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन 55 घंटे बीत जाने के बाद भी वह वापस नहीं लौटा। अनहोनी की आशंका से परेशान परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर किशोर की बरामदगी की गुहार लगाई है। गांव नगला गुलरिया निवासी दिनेश कुमार ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका 16 वर्षीय पुत्र अभयराज उर्फउमाकांत नवाबगंज स्थित एक विद्यालय में पढ़ता है। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे वह रोज की तरह घर से विद्यालय जाने के लिए निकला था। शाम तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर अभयराज की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। 55 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी छात्र का सुराग न मिलने से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित पिता ने पुलिस से बेटे को जल्द तलाश करने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि किशोर की तलाश के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उसे सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

उर्स-ए-मोहब्बत शाह का समापन कुल शरीफ से

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

फतेहगढ़ शहर की एतिहासिक व गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल लोको रोड स्थिति दरगाह हज़रत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा में उर्स-ए-मोहब्बत शाह का आगाज सुबह 8 बजे कुरान खानी से हुआ।

कोटा जयपुर, दिल्ली, फर्रुखाबाद से आये मेहमानों ने अपने-अपने अकीदत से फूल चादर पेश किये। 2 बजे से बव्वाली का एत्माम किया गया। जिसमें दरगाह के सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद वसीम मियां उर्फ मोहम्मद मियां ने मुल्क में अमन की चैन दुआ की। आये हुए मेहमान का इस्तेकबाल क्या और लंगर तकसीम क्या गया। कव्वाल कमालुद्दीन कव्वाल कोनेंन्न वारसी ने बहेतरीन अंदाज में कलाम पेश किये। देवा शरीफ से आये आले मुस्तफा उर्फ सुहेल मियां मदर से आये नुरूल अराफात ने सब को उर्स की मुबारकबाद दी। इस मौके पर कासिम साबरी, आकिब खान, रफत हुसैन, मोहसिन साबरी, अनवर साबरी, बबलू, तनवीर, फैसल, हाजी इलियास खान, आफताब साबरी, हाजी अकरम आदि लोग मौजूद रहे।


दुआ करते अकीदतमंद

संसद-सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सांसद ने शुकरुल्लापुर ब्रिज पर तत्काल लाइटें लगाने के दिए निर्देश

सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संसद-सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि गत वर्ष के सापेक्ष प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 0.25 प्रतिशत तथा मृतकों की संख्या मे 0.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनपद में वर्ष 2026 में माह अक्टूबर तक 383 सड़क दुर्घटनाओं में 222 व्यक्तियों की मृत्यु हुई, जबकि वर्ष 2025 में माह अक्टूबर तक 395 सड़क दुर्घटनाओं में 226 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। इस प्रकार जनपद में गत वर्ष के सापेक्ष सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 3.03 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि मृतकों की संख्या में 1.76 प्रतिशत की कमी आई है। अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें मृतकों की अत्यधिक संख्या के दृष्टिगत दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कठोर प्रवर्तन कार्यवाही की गई है। पुलिस विभाग द्वारा बिना हेल्मेट दो पहिया वाहन चलाने के अभियोग में वर्ष 2025 में माह अक्टूबर तक 15584 चालान किये गये थे, जबकि वर्ष 2026 में माह अक्टूबर तक 41382 चालान किये गये हैं। बिना हेल्मेट दो पहिया वाहन चलाने के अभियोग में परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में माह अक्टूबर तक 2552 चालान किये गये थे, जबकि वर्ष 2026 में माह अक्टूबर तक 2741 चालान किये गये हैं। एएसपी ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा वर्ष 2026 में माह अक्टूबर तक 83436 वाहनों का चालान तथा 396 वाहन बन्द करते हुये रू0 80.50 लाख जुर्माना वसूल किया गया। परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2026 में माह अक्टूबर तक 4090 वाहनों का चालान तथा 645 वाहन बन्द करते हुये रू0 197.00 लाख जुर्माना वसूल किया गया। सांसद ने शुकरूल्लापुर ब्रिज पर लाइटें नहीं लगी हैं, उनके द्वारा सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कोहरे का मौसम शुरू हो गया है। शुकरूल्लापुर ब्रिज पर तत्काल लाइटें लगवाना सुनिश्चित करें।


बैठक लेते सांसद मौजूद अधिकारी

विधायक अमृतपुर ने कहा कि मुरहास कन्हैया पर 40 स्पीड पर वाहनों के चालान हो रहे हैं। एनएचएआई तथा पुलिस विभाग मनमानी कर रहा है। सांसद ने एनएचएआई के उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सड़क को सही करें, एनएचएआई से अच्छी तो ग्रामीण सड़के हैं। विधायक कायमगंज ने पुलिस व परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि कोहरे के दृष्टिगत वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाने का अभियान चलाये तथा नो हेल्मेट-नो पेट्रोल का अभियान पुनः चलवायें। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश चंद्र, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता मुरलीधर एवं अशोक कुमार, साइट इन्जीनियर एनएचएआई विश्वास मिश्रा उपस्थित रहे।

रखा बालिका इंटर कॉलेज में सिविल जज ने छात्राओं को बताए अधिकार


कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि व छात्रायें, शिक्षिकायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रखा बालिका इंटर कॉलेज में विधिक साक्षरता क्लब के तत्वावधान में संविधान संवाद के तहत संवैधानिक साक्षरता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायिक अधिकारी एवं सिविल जज इशिता सिंह ने प्रार्थना सभा में छात्राओं व शिक्षिकाओं को सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पठन करने को प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए भारतीय संविधान के महत्व, मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें एक जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह ने सिविल जज इशिता सिंह का स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापिका कुमारी वीना एडवर्ड, नीतिका सनी, नेहा मिश्रा, कुमारी ममता पोशिया पॉल सहित समस्त स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहीं।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाई गई वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती


कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। भैया, बहिनो को रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष, अदम्य साहस और देशभक्ति के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार कटियार व प्रदीप सिंह ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई भारतीय इतिहास की महान वीरांगना थीं। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए देश की स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन आज भी युवाओं और विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने भैया, बहिनो से रानी लक्ष्मीबाई के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा देश के प्रति कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आह्वान किया। सभी ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आर्तिका शुक्ला, सरला कश्यप, लक्ष्मी शुक्ला, सीमा मिश्रा, सोनम शुक्ला, ज्योति, वंशिका वर्मा, मोहनी, नव्या, प्रदीप शर्मा, वीरेश परमार, संजीव कुमार, आलोक सिंह, राम यादव, अजय प्रताप आदि लोग उपस्थित रहे।


स्वागत करते सपा नेता

गुरु नानक देवजी के 557वें प्रकाश पर्व पर शोभायात्रा का हुआ स्वागत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरु नानक देवजी के 557वें महान प्रकाश पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा का फतेहगढ़ चौराहा स्थित आईसीआईसीआई बैंक के निकट स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी एवं मोहम्मद यूनुस अंसारी के नेतृत्व में शोभायात्रा में शामिल सिख धर्मगुरुओं को शॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शशांक सक्सेना, विवेक सिंह यादव, आयुष यादव, मुख्तियार आलम, इमरान खान, मोहम्मद यूसुफ अंसारी, रिजवान अहमद ताज उपस्थित रहे। गुरु नानक देव जी का प्रेम, समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

सेवानिवृत्त कल्याण परिषद कमालगंज का अधिवेशन संपन्न

कश्मीर सिंह यादव बने निर्विरोध अध्यक्ष

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त कल्याण परिषद कमालगंज का त्रिवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

चुनाव प्रक्रिया में किसी भी पद के लिए एक से अधिक नामांकन न आने के कारण सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी शिवनंदन शास्त्री सदस्य और पर्यवेक्षक बलवीर सिंह यादव की देखरेख में दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्र खरीदने और जमा करने का समय निर्धारित किया गया था। निर्धारित समय के उपरांत अन्य कोई नामांकन प्राप्त न होने पर सभी 6 प्रमुख पदों पर प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष कश्मीर सिंह यादव, मंत्री शकील अहमद खां, कोषाध्यक्ष कन्हई सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बादशाह सिंह यादव, संयुक्त मंत्री नेकराम पाल, प्रचार मंत्री श्रीकृष्ण बाथम इसके अतिरिक्त, उपस्थित समस्त शिक्षकों एवं पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से दयाराम मिश्रा को परिषद का संरक्षक नियुक्त किया गया है।


नवनिर्वाचित पदाधिकारी

जिला संयोजक विजय बहादुर यादव सहित मौजूद सेवानिवृत्त शिक्षकों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने दो माह के लिए टाला महानिदेशालय घेराव

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

अपनी 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा 20 नवंबर को प्रस्तावित महानिदेशालय घेराव का कार्यक्रम फिलहाल दो माह के लिए स्थगित कर दिया गया है। उच्चाधिकारियों के साथ हुई सकारात्मक वार्ता और मांगों के निस्तारण हेतु समय-सीमा तय किए जाने के बाद संगठन ने यह निर्णय लिया है। प्रांतीय उपाध्यक्ष आशीष कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रमुख सचिव के निर्देशों के क्रम में 18 नवंबर को संगठन के प्रतिनिधिमंडल के साथ दो चरणों में वार्ता संपन्न हुई। प्रथम चरण में निदेशक पैरामेडिकल ने संगठन के पदाधिकारियों से बातचीत की। जिसके बाद द्वितीय चरण में महानिदेशक की अध्यक्षता और प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला के नेतृत्व में विस्तृत चर्चा हुई। वार्ता के दौरान संगठन के 18 सूत्रीय मांग पत्र के प्रत्येक बिंदु पर व्यापक चर्चा की गई। संगठन के दबाव पर अधिकारियों ने मांगों के प्रति सकारात्मक रुख दिखाते हुए सहमति जताई। वार्ता के उपरांत महानिदेशालय द्वारा बकायदा कार्यवृत्त भी जारी किया गया है, जिसमें प्रत्येक मांग के निस्तारण के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसके तहत महानिदेशालय स्तर की मांगों पर तत्काल सहमति बनी है, जबकि शासन स्तर की सभी मांगों का प्रस्ताव तय समय-सीमा के भीतर शासन को भेजने का निर्णय लिया गया है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि अधिकारियों के सकारात्मक आश्वासन को देखते हुए 20 नवंबर का घेराव कार्यक्रम दो महीने के लिए स्थगित किया गया है। हालांकि, पदाधिकारियों ने चेतावनी भी दी है कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर जारी किए गए मिनट्स के अनुरूप कार्य संपन्न नहीं होते हैं, तो संगठन पुनः आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगा। वार्ता में शामिल संगठन के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला, उपाध्यक्ष सालिगराम त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अजय कुमार पांडे तथा संरक्षक आरएनडी द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

19 से 26 नवंबर तक चलेगा धार्मिक आयोजन


कलश में यात्रा में मौजूद भक्तगण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

शहर के कादरीगेट क्षेत्र स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। श्रीमद् भागवत सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित यह धार्मिक आयोजन 19 नवंबर से 26 नवंबर तक चलेगा। कथा के दौरान वृंदावन से पधारे कथाव्यास श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगे।

शुभारंभ पर श्री हरि के जयकारों के बीच भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेन्द्र द्विवेदी एवं प्रदेश महामंत्री शिवम् त्रिपाठी ने भी कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा के उपरांत कथा व्यास के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। पहले दिन कथा व्यास ने भागवत कथा के महत्व और जीवन में भक्ति के मार्ग पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे। इस धार्मिक आयोजन के दौरान जितेन्द्र कुमार मिश्रा, नरेन्द्र शुक्ला, सुआलाल मिश्रा, आनंद मिश्रा, वरुण पाण्डेय, मुकेश मिश्रा, आशीष शुक्ला, सत्यम दीक्षित, राकेश मिश्रा, एसएल मिश्रा, सर्वेश दीक्षित, सुमित मिश्रा, जितेन्द्र सिंह और प्रदीप मिश्रा, शुभम त्रिपाठी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पाण्डवेश्वर नाथ में गोवर्धन लीला का वर्णन, लगे छप्पन भोग


कथा का श्रवण कराते आचार्य मौजूद भक्तगण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

नगर के पाण्डवेश्वर नाथ शिवालय सत्संग भवन में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस अवसर पर छप्पन भोग की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। अध्यात्म विद्यापीठ नैमिषारण्य जिला सीतापुर से पधारे कथा व्यास श्री सम्पूर्णानन्द शास्त्री ने कथा का रसपान कराते हुए भगवान कृष्ण की माखन चोरी, कालिया मर्दन और गोवर्धन धारण की लीलाओं का आध्यात्मिक महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति के संरक्षण और अहंकार के त्याग का संदेश देती है। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर आरती उतारी गई और प्रसाद वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 15 नवम्बर से प्रारम्भ हुआ है, जो 22 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 7 बजे तक चलेगा। कथा का विश्राम एवं विशाल प्रसाद वितरण 22 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से किया जाएगा।

बाल लीलाओं के वर्णन पर झूमे श्रद्धालु

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुन्ना लाल चौरसिया, कमलेश पांडे, हीरालाल वर्मा, जेपी शर्मा, राजेश शर्मा पुजारी, गोपाल शर्मा पुजारी, उमेश शर्मा पुजारी और धर्मनारायण शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने टीम बिजनौर रवाना


प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में 20 से 22 नवंबर तक बिजनौर नजीबाबाद में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुरुवार को जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन की 40 सदस्यीय टीम पूरे जोश और उत्साह के साथ रवाना हुई। टीम की रवानगी से पूर्व आयोजित कार्यक्रम में शहर की प्रतिष्ठित चिकित्सक, समाजसेवी एवं जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ0 रजनी सरीन की सुपुत्री कोयल खन्ना ने सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट वितरित की और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में जनपद के चयनित 40 पुरुष एवं महिला खिलाड़ी विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को तिलक लगाकर विजयी भव का आशीर्वाद दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्य प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रिया साध, कोषाध्यक्ष अविनेंद्र कुमार, सचिव अजय प्रताप सिंह तथा कोच सुशांत गुप्ता एवं लक्ष्मण ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि खिलाड़ी अनुशासन और बेहतरीन खेल कौशल का परिचय देते हुए जनपद के लिए स्वर्ण पदक जीतकर लौटेंगे।

गुरुकुल स्कूल में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम संपन्न


बच्चों को जानकारी देते कुलपति

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में कक्षा द्वादश के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फ्यूचर यूनिवर्सिटी बरेली के प्रोफेसर एवं कुलपति डॉ0 पंकज कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार सही विषय और क्षेत्र का चयन करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने तथा अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी जिज्ञासाओं और करियर संबंधी प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक रहा।

ठाकुरद्वारा से खाटू श्याम मंदिर तक निकलेगी शोभायात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फतेहगढ़ नगर में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र स्थित प्राचीन श्री ठाकुरद्वारा मंदिर से प्रारंभ होकर फर्रुखाबाद स्थित खाटू श्याम मंदिर तक जाएगी। आयोजन समिति की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शोभायात्रा फतेहगढ़ कोतवाली स्थित श्री ठाकुरद्वारा मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगी। यात्रा कचहरी, पुलिस लाइन और छोटी जेल चौराहा होते हुए भोलेपुर पहुंचेगी। वहां से यह शोभायात्रा आवास विकास और कोटा पार्चा मार्ग से गुजरते हुए अपने गंतव्य स्थल यानी खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। आयोजकों ने नगर के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में इस शोभायात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया है। साथ ही, समिति ने सभी भक्तों से यात्रा के दौरान अनुशासन और शांति व्यवस्था बनाए रखने की विशेष अपील की है, ताकि यातायात और आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

लॉरेन्स पब्लिक स्कूल में 1200 बच्चों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ


विद्यार्थियों को शपथ दिलाते टीएसआई

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देशन में चल रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़े 16 से 30 नवंबर के तहत गुरुवार को श्यामनगर स्थित लॉरेन्स पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने करीब 1200 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। एआरटीओ ने मोटर वाहन संशोधन अधिनियम की धारा 199क की जानकारी देते हुए चेताया कि यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते पकड़ा गया, तो अभिभावक या वाहन स्वामी को 3 वर्ष तक की जेल व 25 हजार रुपये जुर्माना हो सकता है। साथ ही वाहन का पंजीयन एक साल के लिए निरस्त होगा और किशोर को 25 वर्ष की आयु तक लाइसेंस नहीं मिल सकेगा। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि जिले में इस वर्ष अक्टूबर तक हुई कुल 383 दुर्घटनाओं में करीब 66 प्रतिशत हिस्सेदारी दोपहिया वाहनों की रही, इसलिए हेलमेट जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है।

यातायात निरीक्षक ने छात्रों से ओवरलोडिंग, नशा और मोबाइल से दूर रहने की अपील की। जागरूकता पम्पलेट बांटे गए। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अभिनव कनौजिया, प्रधानाचार्य एसपी सिंह, उप प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, शिक्षक व बस चालक मौजूद रहे।

ई-रिक्शा ने बाइक में मारी टक्कर, युवक गंभीर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के नगर स्थित पुल गालिब पेट्रोल पंप के पास गुरुवार को एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि पीछे बैठी उनकी शिक्षिका पत्नी सुरक्षित बच गईं। घटना के बाद आरोपी ई-रिक्शा चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। कस्बे की पटवन गली निवासी सुखेंद्र सिंह के 38 वर्षीय पुत्र सचिन गंगवार अपनी पत्नी पूजा शिक्षिका के साथ बाइक से फर्रुखाबाद जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने पुल गालिब स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाया। पंप से निकलकर वह कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे कि सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ई-रिक्शा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सचिन बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, हालांकि गनीमत रही कि उनकी पत्नी पूजा को चोट नहीं आई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल सचिन को सीएचसी पहुंचाया।

कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 471/न0पं0खिम0/अलाव/2026-27 दिनांकः 19/11/2026

अल्पकालीन मैनुअल निविदा-सूचना

समस्त आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खिमसेपुर बोर्ड फण्ड/राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से शीत ऋतु के दृष्टिगत अलाव हेतु सूखी लकड़ी की आपूर्ति का कार्य कराना चाहती है, जिसके लिए नगर पंचायत खिमसेपुर समस्त ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से सील बन्द निविदा के माध्यम से दिनांक 27.11.2026 तक समय 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। आगणन धनांक की 02 प्रतिशत जमानत, राशि एवं निविदा मूल्य हेतु नकद/आर.टी.जी.एस./एफ0डी0आर0 के माध्यम से जमा करना होगा। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में संयुक्त रूप निहित होगा। सील बन्द निविदा डालने का दिनांक 20.11.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 27.11.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक है। निविदा खोलने का दिनांक 27.11.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निश्चित किया जाता है।

क्र0 सं0	मद	कार्य का नाम	आपूर्ति हेतु सूखी लकड़ी की मात्रा	दर/ कुन्टल	कुल अनुमानित लागत	02 प्रतिशत जमानत/ धरोहर धनराशि	निविदा शुल्क	अवधि
1-	बोर्ड फण्ड/ राज्य वित्त आयोग	**अलाव हेतु सूखी लकड़ी आपूर्ति का कार्य।**	800 कुन्टल	800रु0/ कुन्टल	6,40,000.00	12,800.00	700.00	07 दिन

नोटः- अलाव हेतु सूखी लकड़ी की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर
फर्रुखाबाद

अध्यक्ष
नगर पंचायत खिमसेपुर
फर्रुखाबाद

खबरें एक नजर में

सौरभ विश्वकर्मा हत्याकांडः सोशल मीडिया पोस्ट के बाद दर्ज मामले में संदीप विश्वकर्मा को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत, जांच ट्रांसफर की छूट

प्रतापगढ़। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने संदीप विश्वकर्मा को अग्रिम जमानत प्रदान करते हुए प्रतापगढ़ की विशेष अदालत (एससीध्एसटी एक्ट) का 9 सितंबर 2026 का आदेश रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी ने यह आदेश 16 नवंबर 2026 को पारित किया। मामला प्रतापगढ़ के कोतवाली नगर थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 496/2026 से जुड़ा है। अपीलकर्ता के अधिवक्ता के अनुसार, 13 अगस्त 2026 को जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर सौरभ विश्वकर्मा की हत्या के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर पुलिस व कुछ लोगों की भूमिका पर सवाल उठे थे। संदीप विश्वकर्मा ने 15 अगस्त 2026 को फेसबुक पर पोस्ट लिखकर आरोप लगाया था कि पुलिस प्रशासन मृतक के परिवार पर दबाव बना रहा है। इसके अगले ही दिन 16 अगस्त को अविनाश सरोज ने 14 अगस्त की घटना बताते हुए संदीप पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गला दबाने का आरोप लगाते हुए एफ्आईआर दर्ज कराई थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद दो दिन बाद एफ्आईआर दर्ज हुई, शिकायतकर्ता का मृतक से कोई संबंध स्पष्ट नहीं है और उसके बयानों में विरोधाभास है। कोर्ट ने यह भी कहा कि 15 अगस्त की सोशल मीडिया पोस्ट के बाद 13 दिन के भीतर अपीलकर्ता पर इनाम घोषित होना पुलिस प्रशासन की नाराजगी दर्शाता है। अदालत ने संदीप को 50,000 के निजी मुचलके और दो जमानतों पर अग्रिम जमानत दी तथा जांच को एसटीएफया सीबी सीआईडी को सौंपने के लिए राज्य सरकार को आवेदन देने की छूट भी प्रदान की।

मां के आशिक से किशोरी की शादी कराने का आरोप, पुलिस से शिकायत

रानीगंज-प्रतापगढ़। रानीगंज थाना क्षेत्र से एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने अपनी ही मां पर 17 वर्षीय नाबालिग बेटी की जबरन शादी कराने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। युवक का आरोप है कि जब उसकी बहन ने इस फैसले का विरोध किया तो उसे कथित तौर पर मारपीट कर कमरे में बंद कर दिया गया। इतना ही नहीं, बहन की मदद के लिए पहुंचे भाई को भी गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर ओम श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय गिरीश चंद्र श्रीवास्तव ने थाना रानीगंज में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के मुताबिक, उसकी मां पर आरोप है कि वह अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी का विवाह एक ऐसे व्यक्ति से जबरन कराना चाहती हैं, जिसके साथ मां के कथित अवैध संबंध होने की बात शिकायतकर्ता ने कही है।शिकायतकर्ता का कहना है कि जब उसकी बहन को इस बात की जानकारी हुई तो उसने इसका विरोध किया। आरोप है कि विरोध करने पर मां और उनके प्रेमी पवन सिंह ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे कमरे में बंद कर दिया।पीड़ित भाई के मुताबिक, किसी तरह उसकी बहन ने मैसेज भेजकर उसे बुलाया। वह जब घर पहुंचा तो बहन को बाहर निकालने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान मां और पवन सिंह ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।युवक ने पुलिस प्रशासन से अपनी बहन को बंद कमरे से बाहर निकलवाने, उसकी सुरक्षा सुनिश्चित कराने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की है।

बाइक की टक्कर से 14 वर्षीय साइकिलसवार किशोर गंभीर रूप से घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर



रानीगंज-प्रतापगढ़। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के खभोर गांव निवासी राजेश पाल का 14 वर्षीय बेटा रियांश पाल, जो थाना क्षेत्र के सरखेलपुर गांव में अपने ननिहाल में रहता है, गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे साइकिल से अपने पैतृक गांव खभोर जा रहा था। कंधई थाना क्षेत्र के वीरमऊ माधव इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला।स्थानीय निवासी उमाकांत पांडेय ने मदद कर किशोर को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।जानकारी मिलते ही सरखेलपुर ग्राम प्रशासक असफाक अहमद ने परिजनों को सूचना दी और खुद किशोर को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे।इस संबंध में थानाध्यक्ष कंधई आदित्य सिंह ने बताया कि घायल किशोर को अस्पताल भेजा गया है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।किशोर के घायल होने की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

प्रतापपुर कमैचा के नवागत बीडीओ ने संभाला कार्यभार

चांदा, सुलतानपुर। विकास खंड प्रतापपुर कमैचा में गुरुवार को नवागत खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने ब्लॉक सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में ग्राम पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं और उनके समयबद्ध क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। विशेष रूप से विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत प्रस्तावित कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई। बीडीओ ने संबंधित कर्मचारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने पर जोर दिया।इस मौके पर प्रभारी एडीओ पंचायत हरिकेश कन्नौजिया, एडीओ आईएसबी विनोद कुमार सिंह, सचिव रमेश चंद्र यादव, बृजेश कुमार, गणेश कुमार मौर्य, नीरज सिंह, धर्मेंद्र कुमार सरोज और धर्मेंद्र दूबे सहित ब्लॉक के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

किशोरी की जलने से मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

चांदा, सुलतानपुर। कोतवाली क्षेत्र के मरछा गांव में किशोरी की जलने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने गुरुवार को आरोपी युवक शिवम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी गांव का ही निवासी है। जानकारी के अनुसार, बीते 31 अक्टूबर की शाम प्रेम प्रसंग को लेकर किशोरी और गांव निवासी शिवम सिंह पुत्र हरिश्चंद्र सिंह के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके बाद शिवम ने किशोरी और खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना में दोनों गंभीर रूप से झुलस गए थे। किशोरी को उपचार के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर चांदा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शिवम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना में युवक की मौत

सुलतानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर शाम हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले बाइक सवार की पहचान बलिया निवासी शिवशंकर मिश्र (40) पुत्र विश्वनाथ मिश्र के रूप में हुई है। हादसा कूरेभार थाना क्षेत्र के सेउर गांव के पास 123वें किलोमीटर पर हुआ था। जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन की टक्कर से शिवशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. जहीर खान ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।मृतक बलिया जनपद के बलिहार गांव के निवासी थे। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। कूरेभार थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

बेंती राजभवन में श्रीराम कथा का समापन, उमड़ा जनसैलाब







जुटीं दिग्गज हस्तियां आज सजेगा दिव्य दरबार

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

कुंडा स्थित बेंती राजभवन में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की तीन दिवसीय श्रीराम कथा गुरुवार को संपन्न हो गई। इस धार्मिक आयोजन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा स्थल पर 50-50 हजार लोगों की क्षमता वाले तीन विशाल पंडाल बनाए गए थे, जो तीनों दिन पूरी तरह भरे रहे। आयोजकों के अनुसार, शुक्रवार को राजा भैया के बेंती महल में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दिव्य दरबार लगेगा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए आयोजन स्थल के साथ-साथ आसपास के कस्बों में भी व्यापक व्यवस्थाएं की गई। कथा स्थल से करीब 15 किलोमीटर दूर मानिकपुर कस्बे में साउंड सिस्टम लगाया गया, जहां लोगों ने लाउडस्पीकर के जरिए कथा सुनी। कुंडा कस्बे में भी साउंड सिस्टम से श्रीराम कथा का प्रसारण किया गया। वहीं, बेंती में कथा स्थल पर करीब 100 दुकानों का बाजार भी सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं और पहुंचने वाले लोगों ने जमकर खरीदारी की। कथा के दौरान कथा स्थल पर पांच हेलिकॉप्टर भी उतरे।





भक्तों को अपने हाथों से पिलाई चाय, मंजुल राजे से की मुलाकात: श्रीराम कथा के तीसरे दिन गुरुवार सुबह बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का अलग अंदाज देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने खुद अपने हाथों से भक्तों को चाय पिलाई। इसके अलावा उन्होंने राजा भैया की मां मंजुल राजे से भी मुलाकात की।

राजनीति, सिनेमा और संत समाज की जुटीं हस्तियां: तीन दिनों तक चली इस कथा में नेताओं, संतों और फिल्मी हस्तियों का जमावड़ा लगा रहा। कथा के पहले दिन योगगुरु बाबा रामदेव और भाजपा नेता बृजभूषण सिंह पहुंचे। दूसरे दिन भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के साथ बृजेश सिंह और धनंजय सिंह कथा में शामिल हुए। तीसरे दिन बिहार के भोजपुर से आए प्रेम कुमार सिंह, जिन्हें गोल्डन मैन ऑफबिहार के नाम से जाना जाता है, करीब 6 किलो सोने के आभूषण पहनकर पहुंचे। उन्हें देखने और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। हैदराबाद के विधायक टी. राजा सिंह भी कथा सुनने पहुंचे। इसके अलावा यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, विधायक अदिति सिंह और राकेश प्रताप सिंह भी कथा में शामिल हुए।

कुंडा की श्रीराम कथा में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, विपक्ष पर साधा निशाना



प्रतापगढ़। जिले के कुण्डा बेंती में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा के दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे और भव्य आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि कथा में उमड़ा जनसैलाब यह बता रहा है कि यह केवल कथा नहीं, बल्कि श्रीराम महाकुंभ है। डिप्टी सीएम ने इस भव्य आयोजन के लिए राजा भैया को बधाई दी और कहा कि सनातन को ताकत देने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। कथा के जरिए राजनीतिक लाभ लेने के सवाल पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उन्होंने भी कथा कराई है, इसमें कोई रोक नहीं है और सभी को भारतीय संस्कृति से जुड़ना चाहिए। उन्होंने इसे राजनीतिक मंच बताने को विपक्ष का नेत्र दोष करार दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि अखिलेश यादव को अयोध्या नहीं, बल्कि मथुरा जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या जाने से रामभक्तों की भावनाएं आहत हो सकती हैं, जबकि मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर बनी ईदगाह की जगह मंदिर निर्माण की अगुवाई करने की चुनौती दी। इसके साथ ही उन्होंने सपा प्रमुख पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। घुसपैठ और नागरिकता के मुद्दे पर केशव मौर्य ने कहा कि पाकिस्तान छोड़कर भारत आने वाले हिंदू, सिख और बौद्ध समुदाय के लोगों का स्वागत है, लेकिन मुस्लिम घुसपैठियों को देश से बाहर किया जाएगा या पकड़कर बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अपराध, दंगा और जातिवाद से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की दीपावली मनाने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगामी चुनावों को लेकर डिप्टी सीएम ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की जनता विपक्ष के प्रयासों में नहीं आने वाली है और 2027 में भाजपा की सरकार प्रचंड बहुमत से बनेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी 403 विधानसभा सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ तैयारी कर रही है।

तेज रफ्तार का कहर: अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से दो युवकों की मौत, दो गंभीर

मनगढ़ मंदिर में दर्शन कर राम कथा सुनने जा रहे थे चारों युवक गांव में पसरा मातम

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।

संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के मीरापुर चौराहे के पास गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे खानीपुर (खानपुर) गांव निवासी चार युवक दो बाइकों पर सवार होकर मनगढ़ मंदिर में दर्शन करने के बाद कुंडा में श्रीराम कथा सुनने जा रहे थे। मीरापुर चौराहे के पास



बर्तनों से ओवरलोड एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर का चालक संतुलन खो बैठा, जिससे ट्रॉली लहराने लगी और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने दोनों बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। साथ चल रहे प्रत्यक्षदर्शी अभिषेक (निवासी गौरीगंज) के मुताबिक, चारों युवक रिश्ते में उसके मामा के लड़के हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने शैलेंद्र (22) पुत्र संतलाल और आकाश (23) पुत्र वीरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं, आकाश सरोज (23) पुत्र किशन सरोज और अमरेश सरोज (21) पुत्र शिवराज गंभीर रूप से घायल हैं, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है और अस्पताल में इलाज जारी है। मृतक शैलेंद्र के पिता संतलाल ने बताया कि युवक करीब डेढ़ घंटे पहले घर से निकले थे और उन्हें कथा सुनने जाने की जानकारी नहीं थी, अन्यथा वे घर से बाहर नहीं जाने देते। कबाड़ का काम करने वाले संतलाल के परिवार में पत्नी संतोषी कुमारी, बड़ी बहन अर्चना, छोटा भाई हरीनाथ व सबसे छोटी बहन कल्पना हैं। वहीं, मृतक आकाश दो भाइयों में बड़ा थाय उसके माता-पिता मीनू सरोज व वीरेंद्र सरोज, विवाहित बहन ज्योति और छोटा भाई आदेश सदमे में हैं। संग्रामगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात है। उधर, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने घटना पर दुख जताते हुए शोकाकुल परिजनों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया और लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की बात कही है।

सच्ची मित्रता का अनुपम उदाहरण है सुदामा-श्रीकृष्ण की मित्रता

चांदा, सुलतानपुर। क्षेत्र के धौरहरा गांव में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के विश्राम दिवस पर वृंदावन से आए कथा व्यास श्रीहित प्रवीण कृष्णदास जी महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता संसार में सच्ची मित्रता का अनुपम उदाहरण है। सुदामा की निर्धनता के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण ने जिस आत्मीयता से उनका स्वागत किया, वह प्रेम और समर्पण की मिसाल है। सच्ची मित्रता में अमीरी-गरीबी का कोई भेद नहीं होता।इसके बाद महाराज ने राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए श्रीमद्भागवत कथा और प्रभु भक्ति की महिमा बताई। कथा के दौरान मधुर



भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे।इसके पूर्व मुख्य यजमान ब्रह्मा देवी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। इस अवसर पर मुख्य आयोजक आचार्य कृष्णकांत तिवारी, आचार्य कृष्णदेव तिवारी, डॉ. प्रणव तिवारी, प्रखर तिवारी, आशुतोष, अंश, राजाराम पांडेय, सर्वेश पांडेय और नितिन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा पखवाड़े में 500 बच्चों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

सनबीम स्कूल में परिवहन और पुलिस विभाग ने आयोजित की कार्यशाला



सुलतानपुर। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के चौथे दिन बुधवार को पीटीओ शैलेन्द्र त्रिपाठी एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर निरंजन यादव ने सनबीम स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। इसमें करीब 500 छात्र-छात्राओं, वाहन चालकों, परिचालकों और शिक्षकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के स्कूल आने वाले बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को विद्यालय परिसर में प्रवेश न दिया जाए। साथ ही सभी को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अलका शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 16 से 30 नवंबर तक मनाया जा रहा है। इसके तहत 20 नवंबर को बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, स्टंट ड्राइविंग और ओवरस्पीडिंग करते पाए जाने वाले वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग नियमानुसार कार्रवाई करेगा।

बाबा सत्यनाथ महोत्सव 23 से 25 नवंबर तक, गोमती तट पर सजेगी देव दीपावली

तीन दिवसीय आयोजन में धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय संगोष्ठी और दीपोत्सव होगा

कादीपुर, सुलतानपुर।

अघोरीपीठ बाबा सत्यनाथ मठ अल्देमऊ नूरपुर में 23 से 25 नवंबर तक बाबा सत्यनाथ महोत्सव एवं देव दीपावली दीपोत्सव का आयोजन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर बुधवार को मठ परिसर में बैठक हुई। पीठाधीश्वर ने बताया कि आदि गंगा गोमती के पावन तट पर आयोजित महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं के



शामिल होने की संभावना है। तीन दिवसीय आयोजन में पूजन, हवन, भजन, महाआरती, लोकगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय संगोष्ठियां होंगी। इनमें अवधी साहित्य में सामाजिक समरसता, उत्तर प्रदेश की संत परंपरा का राष्ट्रीय चेतना में योगदान और नाथ पंथ में राष्ट्रीय एकता के सूत्र जैसे विषयों पर चर्चा होगी।24 नवंबर को देव दीपावली पर भव्य दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें निर्गुण सम्राट मदन राय, लोकगायक राजन तिवारी सहित कलाकार प्रस्तुति देंगे। 25 नवंबर को समापन समारोह में काशी के भजन गायक पुनीत कृष्ण जेटली पागल बाबा सहित अन्य कलाकार शामिल होंगे। प्रतिदिन वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन भी होगा।धार्मिक उद्बोधन के लिए जगन्नाथपुरी, नेपाल, नैनीताल, उज्जैन और वाराणसी के संत-महात्मा शामिल होंगे। बैठक में प्रभु राज सिंह, अजय बहादुर सिंह, बृजेश सिंह, देवी प्रसाद सिंह, विजय गिरी, प्रभाकर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सड़क पर गिरा आम का पेड़, छह माह के बच्चे समेत कई लोग बाल-बाल बचे

चार लोगों को आई मामूली चोटें, ठेला क्षतिग्रस्त

कुड़वार सुल्तानपुर। कुड़वार-सुलतानपुर मार्ग पर गुरुवार दोपहर ब्लॉक मोड़ के पास अचानक आम का हरा पेड़ सड़क की ओर गिर गया। हादसे में छह माह के बच्चे को गोद में लेकर खड़ी महिला समेत कई लोग बाल-बाल बच गए, जबकि चार लोगों को मामूली चोटें आईं। पेड़ गिरने से मौके पर अफरातफरी मच गई। कस्बा निवासी परमिला पत्नी सुभाष मोदनवाल रोज की तरह सड़क किनारे पेड़ के नीचे ठेले पर चाट की दुकान लगाए थी। इसी दौरान लाला का पुरवा भंडरा निवासी मो. आलम अपनी पत्नी खुशनूर को बाइक के पास खड़ा कर सामान लेने चले गए। खुशनूर की गोद में छह माह का बच्चा था। इसी बीच अचानक पेड़ सड़क की ओर गिर पड़ा। पेड़ की डालें बाइक पर अटक गईं। घबराई खुशनूर बाइक के पास ही बैठ गई, जिससे वह और बच्चा बाल-बाल बच गए।पेड़ गिरने की आवाज सुनकर परमिला और उसके पति ने भागने का प्रयास किया, लेकिन परमिला इसकी चपेट में आ गई। उसके कंधे में चोट आई। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे में चाट का ठेला भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, सड़क से गुजर रहे बांसी निवासी सचिन और अलीगंज निवासी विनय तिवारी को भी मामूली चोटें आईं।सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल पेड़ कटवाकर सड़क से हटवाया और आवागमन बहाल कराया। प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव ने बताया कि पेड़ हटवाकर यातायात सुचारु करा दिया गया है। हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई है।

दिलीप चौहान हत्याकांड में दो वांछित गिरफ्तार

शराब की बोतल तोड़कर और चाकू से किया था हमला

सुलतानपुर। अखण्डनगर थाना क्षेत्र में दिलीप चौहान की हत्या के मामले में पुलिस ने गुरुवार को दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी साड़ी जगदीशपुर गांव के निवासी हैं। पुलिस ने उन्हें पतजू पहाड़पुर की ओर से नरवारी के पास से गिरफ्तार किया।

बता दे कि 16 नवंबर को दिलीप चौहान और अनिल कुमार सिंह उर्फ सोनू ग्राम सैखोली के पास शौच के लिए गए थे। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से शराब की बोतल तोड़कर और चाकू से हमला कर दिया। हमले में दिलीप चौहान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिल कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।हत्याकांड के खुलासे में लगी टीमों ने मामले में आरोपी दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवम चौहान पुत्र ओम प्रकाश चौहान उर्फ नाटे (24) और शिवम चौहान पुत्र कन्हैया चौहान (23), निवासी साड़ी जगदीशपुर थाना अखण्डनगर के रूप में हुई है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक कन्हैया कुमार पाण्डेय, देवेन्द्र सिंह सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कार हादसे में वृद्धा की मौत, चालक समेत तीन घायल

बलदीराय, सुलतानपुर।

हलियापुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन संख्या 84 पर गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डीसीएम से टकराने के बाद डिवाइडर से भिड़ गई। हादसे में कार सवार वृद्ध महिला की मौत हो गई, जबकि चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। सभी गाजियाबाद से बिहार के सिवान जिले में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी सुनील कुमार



सिन्हा (47) पुत्र राजकिशोर सिन्हा कार से अपनी मां संध्या सिन्हा (67), सिवान निवासी शुभम (25) और विकास कुमार सिन्हा (28) के साथ जा रहे थे। हलियापुर क्षेत्र में माइलस्टोन 84 के पास चालक को झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर पहले डीसीएम और फिर डिवाइडर से टकरा गई।सूचना पर पहुंची यूपीडा और पुलिस टीम ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सौ शैय्या अस्पताल पिठला, कुमारगंज (अयोध्या) पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने संध्या सिन्हा को मृत घोषित कर दिया। घायलों का उपचार चल रहा है।थाना प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अयोध्या भेजा गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

शुक्लहिया में 108 महिलाओं ने की औसानी माई की दुख दूरिया, विधि-विधान से हुआ पूजन

सुलतानपुर। कूरेभार विकासखंड के सालिमपुर ग्रांट अंतर्गत शुक्लहिया गांव स्थित धमसा माई धाम पर गुरुवार को औसानी माई की दुख दूरिया का धार्मिक आयोजन किया गया। इसमें गांव की 108 महिलाओं ने सामूहिक रूप से विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर माता का स्मरण किया और परिवार की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

ग्रामीण अंचलों में लोक परंपरा के अनुसार शुभ अवसरों पर दुख दूरिया का आयोजन किया जाता है। मान्यता है कि इसमें महिलाएं सामूहिक रूप से देवी का पूजन कर परिवार की मंगलकामना करती हैं। गुरुवार को होने वाली औसानी माई की दुख दूरिया में दाना और मीठे का प्रयोग किया जाता है। वहीं शुक्रवार को चटपटा माई और संकठा माई की दुख दूरिया की परंपरा है।आयोजक कपिल देव शुक्ला ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इसमें शामिल होकर उन्हें भी माता का पूजन करने का सौभाग्य मिला। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख नवनीत सिंह सोनू, न्यू चिल्ड्रन एकेडमी के संस्थापक रामजी सिंह, धमसा माई मंदिर के पुजारी, अरुण शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। महिलाओं के साथ पुरुषों ने भी आयोजन में सहभागिता की।